**नई दिल्ली**
**सोमवार, 15 सितंबर 2025**
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी/नवमी वर्ष : 29, अंक : 152
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 34
न्यून. 26

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

एशिया कप के महामुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से रौंदा

## युद्ध ही नहीं क्रिकेट के मैदान में भी इंडिया हिट

- बर्थडे ब्वॉय सूर्यकुमार यादव ने छक्के से मैच खत्म किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब भारत-पाकिस्तान की टीम पहली बार आमने-सामने आई तो दुबई का स्टेडियम रणभूमि में तब्दील हो गया। हालांकि यहां भी बाजी भारत ने ही मारी। एशिया कप 2025 का छठा मैच रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। 16वें ओवर में ही भारत ने पाकिस्तान के 128 रनों के लक्ष्य को चेज कर लिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने छक्के के साथ भारत को जीत दिलाई।बर्थडे ब्वॉय सूर्यकुमार यादव ने छक्के से मैच खत्म किया। भारत ने 15.5 ओवर में 3 विकेट पर 131 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 37 गेंद पर 47 और शिवम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खिलाड़ियों ने नहीं मिलाया हाथ

मुकाबले में कप्तान सूर्यकुमार ने टीम को जीत दिलाई। इसके बाद वह पवेलियन की तरफ लौट आए। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। ऐसा ही बाकी खिलाड़ियों ने भी किया। सूर्यकुमार ने टीम प्रबंधन को पहले ही बता दिया था कि वो पाकिस्तान कप्तान के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे। टॉस के दौरान भारतीय कप्तान और आगा के बीच तल्खी साफ नजर आई।

इंदौर में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मंत्री पटेल की 'परिक्रमा कृपा सार'

**पुस्तक का किया विमोचन**

# दुनिया धर्म से चलती है, लॉजिक से नहीं निजी स्वार्थों से ही बढ़े दुनिया में टकराव

**सीएम ने कहा**-ऐसी पुस्तकें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को संस्कृति से जोड़ने का काम करती हैं

**जब कोई व्यक्ति** स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ मानने लगता है, तभी संघर्ष और विवाद जन्म लेते हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को इंदौर में कहा कि निजी स्वार्थ और अहंकार ने दुनिया में संघर्ष और टकराव को जन्म दिया है।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति खुद को दूसरों से श्रेष्ठ समझता है, तभी विवाद पैदा होते हैं। भागवत के अनुसार हमारी संस्कृति सिखाती है कि सभी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दो परिक्रमा यात्राओं के अनुभवों पर लिखी किताब

मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि यह पुस्तक उनकी दो परिक्रमा यात्राओं 1994-96 और 2005 के अनुभवों पर आधारित है। पटेल ने कहा कि नर्मदा के तट पर बिताया गया समय उन्हें आध्यात्म और प्रकृति के करीब ले आया और उनके जीवन में गहरा बदलाव लाया।




### नर्मदा परिक्रमा हमें प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम

*संघ प्रमुख ने अपने संबोधन में नर्मदा नदी और परिक्रमा की आध्यात्मिक व सामाजिक महता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है। यह अनुभव जीवन को नई दिशा देता है और व्यक्ति को* ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### कई राज्यों में भूकंप के झटके, 5.8 रही तीव्रता



**नई दिल्ली।** असम के उदलगुड़ी समेत उत्तर-पूर्व भारत के कई हिस्सों में रविवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई है। एनसीएस ने बताया कि इस भूकंप का केंद्र असम के उदलगुड़ी में था। इसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। भूकंप के झटके दोपहर 5:20 बजे महसूस किए गए। घटना से किसी भी तरह की नुकसान की सूचना नहीं है।

### फिर स्थगित हुई माता वैष्णो देवी की यात्रा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार बारिश के चलते अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। यात्रा 19 दिन तक स्थगित रहने के बाद रविवार से फिर शुरू होने वाली थी, लेकिन मौसम की वजह से इसे फिलहाल रोक दिया गया है।

### पद्मविभूषण छन्नूलाल मिश्र अस्पताल में भर्ती



**वाराणसी।** प्रख्यात उपशास्त्रीय गायक पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र को शनिवार रात मिर्जापुर के रामकृष्ण मिशन अस्पताल में माइनर हार्ट अटैक आने के बाद बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जहां सघन चिकित्सा कक्ष में आईएमएस निदेशक प्रो. एसएन संखवार के नेतृत्व में डाक्टरों का दल उनकी निगरानी कर रहा है। रविवार को बुलेटिन जारी किया है।

### सट्टेबाजी एप: उर्वशी और मिमी को ईडी का समन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद व बंगाली अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी एप मामले में तलब किया है। मिमी को 15 सितंबर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में और उर्वशी को 16 सितंबर को पेश होने को कहा गया है। यह घटनाक्रम एप मामले की चल रही जांच का हिस्सा है।

मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रु. की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी

*प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी पूर्व की है, उत्तर पूर्व की है, उत्तर पूर्वी राज्यों के चमकने का समय आ गया*

# कांग्रेस मुझे कितनी ही 'गालियां' दे, मैं शिव भक्त, सारा जहर निगल लेता हूं

*◆ पीएम ने कहा कि कांग्रेस का पूरा ईकोसिस्टम मुझ पर टूट पड़ेगा कि मोदी फिर से रोना रोने लगा। मेरे लिए तो जनता-जनार्दन ही मेरा भगवान है, और मेरे भगवान के पास जाकर मेरी आत्मा की आवाज नहीं निकलेगी तो और कहां निकलेगी? यही मेरे मालिक हैं, यही मेरे पूजनीय हैं, यही मेरा रिमोट कंट्रोल हैं, और कोई मेरा रिमोट कंट्रोल नहीं है*



पीएम ने कहा-पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रु. की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश के विकास में उत्तर पूर्वी राज्यों की अहम भूमिका है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भारत रत्न भूपेन हजारिका का अपमान करने का भी आरोप लगाया। पूरा देश आज विकसित ▶▶ शेष पेज 5 पर

**कांग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बस जाएं और भारत का भविष्य घुसपैठिए तय करें**



## अब असम में बांस से बनेगा एथेनॉल

मोदी ने असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में असम बायो एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरुआत हुई है। इसका असम के लोगों को फायदा होगा। सरकार यहां के किसानों को बांस की खेती करने में मदद करेगी और खरीदी भी करेगी। असम और पूर्वोत्तर आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है।

### मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत हो रही

उन्होंने कहा कि वो दिन भूलने नहीं है कि पिछली सरकार बांस काटने पर जेल में डाल देती थी। बांस आदिवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। हमारी सरकार से बांस काटने से बैन हटा दिया। यह फैसला पूर्वोत्तर के लोगों को फायदा पहुंचा रहा है। मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत होने वाली है। अब असम की पहचान में पॉलीप्रोपाइलीन से बने उत्पाद होंगे। असम आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है। असम को हमने बहुत बड़े अभियान के लिए चुना है। यह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं

*कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब पूरा देश आतंक से लहूलुहान होता था और कांग्रेस चुपचाप खड़ी रहती थी। आज हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर चलाती है, पाकिस्तान के कोने-कोने से आतंक को उखाड़ फेंकती है, लेकिन कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं। कांग्रेस के लोग हमारी सेना की बजाए आतंकियों को पालने वालों के एजेंडों को आगे बढ़ाते हैं। पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है। इसलिए आपको कांग्रेस के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए। कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक का हित सबसे बड़ा है। कांग्रेस देशहित की कभी परवाह नहीं करती है। आज कांग्रेस देशविरोधियों और घुसपैठियों की भी रक्षक बन चुकी है। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब वह घुसपैठ को बढ़ावा* ▶▶ शेष पेज 5 पर

*भारतीय महिला बॉक्सर जैस्मिन लंबोरिया ने रचा इतिहास*

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर जैस्मिन लंबोरिया बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने 57 किलोग्राम वर्ग के खिताबी मुकाबले में पोलैंड की जूलिया स्जेरेमेटा को हराकर इतिहास रचा। पोलैंड की इस खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में सिल्वर मेडल जीता था। फाइनल की बात करें तो लंबोरिया पहले राउंड में पिछड़ रही थी, लेकिन दूसरे राउंड में उन्होंने शानदार वापसी की। जैस्मिन ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

- फाइनल में पोलैंड की जूलिया को हराया



### कौन हैं जैस्मिन लंबोरिया?

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली जैस्मिन लंबोरिया 24 साल की हैं। उनका जन्म 30 अगस्त, 2001 को हरियाणा के भिवानी में हुआ था। लंबोरिया एक मुक्केबाज परिवार से ताल्लुक रखती हैं, लेकिन फिर भी एक लड़की के लिए इस खेल में अपने करियर बनाना आसान नहीं था। हालांकि न सिर्फ उन्होंने अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया बल्कि इस खेल से अपने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## राष्ट्रीय खरीफ अभियान पर दो दिवसीय सम्मेलन आज से राज्यों के कृषि मंत्री होंगे शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री राम विचार नेताम को राष्ट्रीय खरीफ अभियान पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। यह सम्मेलन 15 और 16 सितंबर 2025 को नई दिल्ली के भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम सभागार, एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा में आयोजित होगा। सम्मेलन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की विभिन्न पहलों और योजनाओं को साझा किया जाएगा तथा देश की कृषि और खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्यों के प्रयासों को एकीकृत किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्र में लिखा है कि यह सम्मेलन किसानों और फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी नीतियों एवं कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने ▶▶ शेष पेज 5 पर

लखनऊ एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

## टेकऑफ ही नहीं कर पाया इंडिगो का प्लेन, रोका गया



**सपा सांसद डिंपल यादव समेत 151 यात्री थे सवार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट पर रविवार को दिल दहला देने वाला नजारा सामने आया। यहां दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट टेकऑफ के दौरान रनवे पर ही रुक गई। कैप्टन ने समय रहते विमान को रोककर 151 यात्रियों की जान बचाई। इस विमान में समाजवादी पार्टी की सांसद और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव भी मौजूद थीं। विमान ने रनवे पर तेज रफ्तार पकड़ी, लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## नक्सलियों के चंगुल से मुक्त कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर बनेगा जंगल वारफेयर कॉलेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले की कर्रेगुट्टा पहाड़ी, जो कभी नक्सलियों का सबसे सुरक्षित गढ़ मानी जाती थी, इसी पहाड़ी पर जल्द ही देश का दूसरा जंगल वारफेयर कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इस कॉलेज में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी, कोबरा और अन्य सशस्त्र बलों को विशेष प्रशिक्षण मिलेगा।

इसका निर्माण केंद्र सरकार करेगी, जबकि एप्रोच रोड और अन्य बुनियादी सुविधाएं राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। प्रदेश में इससे पहले साल 2004 में कांकेर में काउंटर टेररिज्म एंड जंगल वारफेयर कॉलेज खोला गया था। कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर बनने वाला यह नया केंद्र नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को और मज़बूत करेगा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

पहली स्वदेशी मलेरिया वैक्सीन

## खून में पहुंचते ही बना देगी कवच, नाम एडफाल्सीवैक्स



**इसे बनाने के लिए 5 भारतीय कंपनियों को दिया लाइसेंस**

**नई दिल्ली।** भारत ने मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने 5 भारतीय कंपनियों को देश में बनी पहली मलेरिया की वैक्सीन एडफाल्सीवैक्स बनाने की मंजूरी दी है। ये वैक्सीन बहुत खास है क्योंकि ये मलेरिया के कई स्टेज पर असर करती है और मरीज को सुरक्षित रखने की ताकत भी रखती है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये कदम ▶▶ शेष पेज 5 पर

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया

## दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा, 14 करोड़ सदस्य

*पार्टी में दो करोड़ सक्रिय सदस्य*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 14 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। भाजपा में दो करोड़ सक्रिय सदस्य हैं। नड्डा ने बताया कि पार्टी के देश भर में 240 लोकसभा सदस्य, लगभग 1,500 विधायक और विधान परिषदों में 170 से ज्यादा सदस्य हैं। केंद्रीय मंत्री ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के 20 राज्यों में एनडीए और 13 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं।

## यूपीआई के नियमों में आज से नए बदलाव

सामान्य यूपीआई ट्रांजैक्शन में कोई बदलाव नहीं हुआ

# खास कैटेगरी में एक दिन में 10 लाख रु. तक लेन-देन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**काम की खबर**

अगर आप पेटीएम, गूगल पे, फोन पे का इस्तेमाल करते हैं तो यह खबर आपके लिए काम की है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई लेन-देन से जुड़े कुछ अहम बदलावों का ऐलान किया है।

ये बदलाव 15 सितंबर यानी सोमवार से लागू हो जाएंगे। नए नियमों के तहत, इंश्योरेंस प्रीमियम, क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट और सरकारी ई-मार्केटप्लेस जैसी कैटेगरीज में प्रति लेन-देन की लिमिट 5 लाख रुपए कर दी गई है। इनमें से कुछ कैटेगरीज में आप एक दिन में 10 लाख रुपए तक का लेन-देन कर पाएंगे। सामान्य यूपीआई ट्रांजैक्शन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एनपीसीआई की तरफ से साफ तौर पर कहा गया है कि यह बढ़ी हुई लिमिट केवल खास कैटेगरीज पर लागू होगी। आम यूजर्स एक दिन में अधिकतम 1 लाख रुपए ही ट्रांसफर कर पाएंगे।

### नए नियम का उद्देश्य बड़े लेन-देन में सुविधा देना




*एनपीसीआई के मुताबिक नए नियम का उद्देश्य बड़े लेन-देन में सुविधा देना है। अब आप सिर्फ छोटे लेन-देन ही नहीं, बल्कि ट्रैवल और बिजनेस पेमेंट्स भी काफी आसानी से यूपीआई के जरिए कर सकते हैं। यूपीआई का इस्तेमाल शुरू में सिर्फ छोटे लेन-देन के लिए हो रहा था। लेकिन आज यूपीआई देश का एक काफी बड़ा एक डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म बन चुका है।*

### नई ट्रांजैक्शन लिमिट

| कैटेगरी | प्रति ट्रांजैक्शन लिमिट | प्रतिदिन लिमिट |
|---|---|---|
| कैपिटल मार्केट | 5 लाख | 10 लाख |
| इंश्योरेंस प्रीमियम | 5 लाख | 10 लाख |
| सरकारी ई-मार्केट प्लेस | 5 लाख | 10 लाख |
| यात्रा | 5 लाख | 10 लाख |
| क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान | 5 लाख | 6 लाख |
| ज्वेलरी | 5 लाख | 6 लाख |
| मर्चेंट पेमेंट | 5 लाख | |
| डिजिटल अकाउंट ओपनिंग | 5 लाख रुपए | 5 लाख रुपए |

## ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर गंभीर सवाल: वनाधिकार कानून के उल्लंघन का आरोप, कई मंचों पर चुनौती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट एक बार फिर विवादों के घेरे में है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार इस परियोजना को वनाधिकार कानून, 2006 के प्रावधानों को दरकिनार करते हुए आगे बढ़ा रही है। उल्लेखनीय है कि गत 18 अगस्त, 2022 को अंडमान एवं निकोबार प्रशासन जो सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है ने प्रमाणित किया था कि ग्रेट निकोबार परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण हेतु सभी व्यक्तिगत और सामुदायिक अधिकारों का निपटारा कर लिया गया है और प्रभावित समुदायों की सहमति प्राप्त कर ली गई है। लेकिन इस निर्णय को 18 दिसंबर, 2024 को कलकत्ता उच्च न्यायालय में पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मीना गुप्ता ने चुनौती दी। गुप्ता पहले केंद्र सरकार के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### सट्टेबाजी गिरोह संचालित करने वाले छह अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मयूर विहार में छह लोगों को कथित तौर पर अवैध रूप से क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह संचालित करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस के एक दल ने 12 और 13 सितंबर की रात चिल्ला गांव में एक फ्लैट पर छापा मारा और आरोपियों को इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका मैच पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान लाल बाबू साहनी (43), जितेंद्र शर्मा (26), राजू शाह (34), दिलीप साहनी (40), हिमांशु रवि (24) और मोहित (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मौके से तीन लैपटॉप, 32 मोबाइल फोन, एक जीएसएम डिवाइस, रजिस्टर, कैलकुलेटर, एक प्रिंटर, एक एलईडी टीवी और 2,720 रुपये नकद जब्त किए हैं और जांच जारी है।

### एबीवीपी ने छात्रावासों में चलाया प्रचार अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का प्रचार अभियान रविवार को भी ज़ोरदार तरीके से जारी रहा। इसी कड़ी में एबीवीपी के केंद्रीय पैनल के प्रत्याशी अध्यक्ष पद पर आर्यन मान, उपाध्यक्ष पद पर गोविंद तंवर, सचिव पद पर कुणाल चौधरी एवं संयुक्त सचिव पद पर दीपिका झा ने नॉर्थ से लेकर साउथ कैंपस तक के पेइंग गेस्ट हाउस (पीजी) और छात्रावासों में डोर-टू-डोर प्रचार किया। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का हर छात्र एबीवीपी परिवार का हिस्सा है। इसी क्रम में हमारे प्रत्याशी विद्यार्थियों से उनके पीजी और छात्रावासों में जाकर मिल रहे हैं एवं अपना घोषणापत्र साझा कर रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि 18 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव में डीयू के छात्र अपना कीमती मत और भरोसा विद्यार्थी परिषद पर जताएंगे और हमें चारों सीटों पर विजयी बनाएंगे।

### नौकरी चाहने वालों को फर्जी दस्तावेज जारी कर ऐंठते थे बड़ी रकम

# दिल्ली पुलिस ने किया फर्जी वीजा रैकेट का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने रविवार को फर्जी वीजा रैकेट का पर्दाफाश करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया जो खुद को एक बहुराष्ट्रीय कंपनी का कर्मचारी बताकर विदेश में नौकरी चाहने वालों से कथित तौर पर लाखों रुपये ठग रहे थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने एक फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट बनाए और अमेरिका के आधार वाला फोन नंबर इस्तेमाल कर पीड़ितों का विश्वास प्राप्त किया। इसके बाद वे नौकरी चाहने वालों को फर्जी दस्तावेज जारी कर उनसे बड़ी रकम ऐंठते थे।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने नौ सितंबर को राजधानी के जमरूदपुर इलाके में छापा मारकर दीपक पांडे (33), यश सिंह (23) और वसीम अकरम (25) को गिरफ्तार किया। अपराध शाखा के उपायुक्त विक्रम सिंह (डीसीपी) ने बयान में कहा कि आरोपियों ने नौकरी तलाशने वालों से फर्जी वीजा से जुड़े दस्तावेज, रोजगार पुष्टि पत्र जारी कर लाखों रुपये वसूले। मामला तब सामने आया जब वीएफएस ग्लोबल ने शिकायत दी कि उसके नाम और लोगो का दुरुपयोग किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया था कि कुछ लोग खुद को उसका (वीएफएस ग्लोबल) कर्मचारी बता रहे हैं और आवेदकों से पैसे ऐंठ रहे हैं।

डीसीपी के अनुसार, गिरोह ने 2021 में एक डोमेन खरीदा और इसे नेहरू प्लेस और जनकपुरी के पते से जोड़कर विश्वसनीयता हासिल करने की कोशिश की। साथ ही, उन्होंने ऑनलाइन विज्ञापन देकर वीएफएस ग्लोबल की पहचान का दुरुपयोग किया। गिरोह का तरीका यह था कि वह सोशल मीडिया पर पीड़ितों को कि डॉक्यूमेंट चेकलिस्ट'' भेजता और मेडिकल टेस्ट के लिए पैसे वसूलता। मेडिकल जांच के लिए असली 'अपॉइंटमेंट बुक' कराकर भरोसा भी दिलाता। इसके बाद फर्जी 'वर्क वीजा' आवेदन, रोजगार पुष्टि पत्र और 'ऑफर लेटर' जारी करता और अंत में फर्जी आव्रजन अप्रूवल, टैक्स डॉक्यूमेंट और पुलिस क्लीयरेंस फॉर्म दिखाकर और रकम ऐंठता। डीसीपी ने कहा कि एक शिकायतकर्ता, अतुल कुमार टकले से 3.16 लाख रुपये की ठगी की गई। जांच में कई अन्य पीड़ितों का भी पता चला, जिनमें विदेशों में नौकरी तलाशने वाले भी शामिल हैं। पुलिस ने छापेमारी के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज, डॉक्यूमेंट बनाने वाला सॉफ्टवेयर और बैंक खातों का विवरण बरामद किया। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्य आरोपी दीपक पांडे के इकबालिया बयान को डिजिटल फॉरेंसिक सबूत, ईमेल लॉग, पीड़ितों के बयान और वित्तीय रिकॉर्ड से पुख्ता किया गया। पुलिस अब अन्य पीड़ितों की पहचान करने और धन के पूरे लेन-देन की कड़ी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# फ्लाईओवर से लुढ़की कार रेलवे पटरी पर गिरी

### चालक को आई मामूली चोटें



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी-दिल्ली में एक कार मुकरबा चौक फ्लाईओवर से लुढ़क कर नीचे हैदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास रेलवे पटरियों पर गिर गई। पुलिस ने बताया कि चालक ने कार पर से अपना नियंत्रण खो दिया था, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। इस हादसे में गाजियाबाद निवासी चालक सचिन चौधरी (35) के कंधे और चेहरे पर मामूली खरोंचें आई हैं। पुलिस को समयपुर बादली थाने में घटना की सूचना मिली।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) हरेश्वर स्वामी ने एक बयान में कहा कि एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और रिंग रोड के नीचे पटरी पर एक कार पलटी हुई पड़ी मिली। अधिकारी ने बताया कि चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह पीरागढ़ी से गाजियाबाद जा रहे थे तभी रेलवे लाइन पार करने वाले फ्लाईओवर पर वाहन पर से उनका नियंत्रण खो गया। उन्होंने बताया कि रेलवे पटरियों को खाली करने के लिए वाहन को तुरंत हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि चालक का मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि पटरी को शीघ्र साफ कर दिए जाने के कारण रेलगाड़ी यातायात प्रभावित नहीं हुआ तथा किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है।

# महिला से 'दुर्व्यवहार' करने पर एएसआई लाइन हाजिर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में छापेमारी के दौरान एक महिला के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में एक पुलिस अधिकारी को लाइन हाजिर किया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह लगभग 9:30 बजे पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें एसएलसी क्षेत्र की एक दुकान पर अवैध शराब की बिक्री और सेवन की शिकायत की गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और परिसर से अवैध शराब जब्त की।

उन्होंने बताया कि लगभग दो घंटे बाद उसी दुकान से जुड़ी एक महिला ने स्थानीय थाने में फोन कर आरोप लगाया कि छापेमारी के दौरान एक (सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ने उनके साथ अनुचित व्यवहार किया। अधिकारी ने बताया कि तुरंत कुछ लोग पुलिस थाने में एकत्रित हो गए और उन्होंने एएसआई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। डीसीपी (दक्षिणपूर्व) और एसीपी (लाजपत नगर) सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने भीड़ को शांत किया तथा मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का आश्वासन दिया। अधिकारी ने बताया कि तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई और एएसआई को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया। घटना की विस्तृत जांच जारी है और उसके निष्कर्षों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# होटल में दोस्तों के साथ पार्टी के बाद मृत मिला व्यक्ति, परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- मृतक के परिवार को शक है कि पार्टी के दौरान उसे नशीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी गई

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के एक होटल में दोस्तों के साथ पार्टी के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह जानकारी दिल्ली पुलिस ने रविवार को दी। मृतक के परिवार को शक है कि पार्टी के दौरान उसे नशीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, पुलिस ने कहा कि उसकी मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम होटल में एक व्यक्ति के बेहोश पाए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और ब्रह्मपुरी निवासी मोहित गर्ग को कमरे में बेसुध पड़ा पाया। उन्होंने बताया कि उसे जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे 'मृत' घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया गया है। मृतक के परिजनों और दोस्तों ने दावा किया कि वे ही पीड़ित को अस्पताल ले गए थे और तब तक उसका शरीर पूरी तरह नीला पड़ चुका था। पुलिस ने बताया कि मोहित गर्ग ने दिन में ही होटल में चेक-इन कर लिया था और शाम को कमरे में एक पार्टी रखी थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पार्टी के बाद वह अचानक बेहोश हो गया। मृतक के परिवार ने पुलिस पर समय पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया और शनिवार रात जेपीसी अस्पताल के बाहर नारेबाजी की। पीड़ित के पिता नरेंद्र कुमार गर्ग ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरे बेटे को पार्टी के दौरान उसके साथ मौजूद लोगों ने नशीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी। पिता ने कहा कि हमने पुलिस से पूरे मामले की उचित जांच करने और उसकी मौत के जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की है। मेरा बेटा स्वस्थ था और उसे कोई समस्या नहीं थी। पुलिस को मामले की उचित जांच करनी चाहिए। पीड़ित के एक पारिवारिक मित्र विकास जैन ने कहा कि जब हमने उसकी जांच की तो उसका शरीर पूरी तरह नीला पड़ गया था। हम उसे तुरंत पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमें लगता है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस पार्टी में शामिल हुए लोगों की पहचान कर रही है ताकि उनसे पूछताछ की जा सके और पूरे घटनाक्रम का पता लगाया जा सके।

# शाह ने दिल्ली मेट्रो को सर्वोच्च राजभाषा सम्मान प्रथम कीर्ति पुरस्कार से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को हिंदी राजभाषा को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली मेट्रो को प्रथम सर्वोच्च राजभाषा-सम्मान कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बयान जारी करते हुए बताया कि रविवार को आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कर कमलों से, दिल्ली मेट्रो के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार को प्रदान किया गया। दयाल के अनुसार राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार में प्रथम स्थान डीएमआरसी को मिला है। इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजीत शर्मा (निदेशक, वित्त) और राजभाषा अधिकारी तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### 360 खाप महापंचायत के 20 सितम्बर तक टोल टैक्स हटाने के अल्टीमेटम के साथ कांग्रेस : डीपीसीसी

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) ने कहा है कि राजधानी की पालम 360 खाप महापंचायत द्वारा 20 सितम्बर 2025 तक टोल टैक्स हटाने के अल्टीमेटम का हम पूरी तरह से समर्थन करते है। डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि अगर 21 सितम्बर को दिल्ली देहात के ग्रामीण और किसान टोल को बंद करने के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठते है या जो भी कदम उठाते है तो हम उनके साथ है। उन्होंने कहा कि यूईआर-2 पर टोल टैक्स फ्री कराने को लेकर बार बार पंचायत करने के बावजूद सरकार के कान पर जूँ तक नहीं रेंग रही है। जिससे साफ़ होता है के बीजेपी सरकार किसान और देहात के हितों को हमेशा नज़र अंदाज़ करती रही है। जबकि दिल्ली देहात में यूईआर-2 पर दिल्ली के गांव वालो जिनकी जमीन अधिग्रहण करके यह बनाया गया, अब उनसे भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। इस सिस्टम का विरोध दिल्ली कांग्रेस पहले दिन से ही कर रही है। टोल टैक्स के खिलाफ दिल्ली देहात के अधिकारों की लड़ाई के लिए आयोजित पालम 360 खाप महापंचायत का हम समर्थन करते है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहात के किसानों से यूईआर-2 से टोल टैक्स वसूलने खिलाफ दिल्ली देहात की लड़ाई जायज है। इतिहास में इससे पहले दिल्ली में दिल्ली वालों पर कभी टोल टैक्स नही लगा है। यादव ने कहा कि यूईआर-2 से दिल्ली देहात के किसानों को प्रतिदिन आवाजाही करने के लिए 250 रुपये देने पड़ रहे है।

# हिंदी देश का गौरव और भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान : रविंद्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। यह विश्व में भारत की पहचान और गर्व का आधार है। नई पीढ़ी तक हमें हिंदी की समृद्ध विरासत को पहुंचाना है। यह विचार दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने रोहिणी सेक्टर-14 स्थित सरल ज्ञान स्कूल के वार्षिक उत्सव में व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को छात्र-छात्राओं के बीच बढ़ावा देने का आग्रह किया। मंत्री इंद्राज ने कहा कि हिंदी विश्व की तीसरी सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषा है। भारत के अलावा मॉरीशस, फ़िज़ी, नेपाल, सूरीनाम, त्रिनिदाद, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन सहित अनेक देशों में करोड़ों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वैश्विक नेतृत्व और प्रयासों से विश्व में इसकी लोकप्रियता और बढ़ी है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि डिजिटल मीडिया, फिल्म, टीवी, पत्रकारिता और इंटरनेट पर हिंदी की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। ई-कॉमर्स, मोबाइल ऐप्स और सोशल मीडिया में हिंदी कंटेंट करोड़ों उपभोक्ताओं को जोड़ रहा है, इसलिए हिंदी में अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और रोजगार देने के भरपूर अवसर हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी के पास गौरवशाली इतिहास और विश्वस्तरीय साहित्य है। विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है, जो इसकी बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है। उन्होंने बच्चों को हिंदी सीखने और इसके प्रयोग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर विशेष जोर दिया।

### आर्य समाज के विभिन्न आयोजनों में शामिल हुई मुख्यमंत्री

# राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज का योगदान ऐतिहासिक व प्रेरणादायी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समाज और राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज का योगदान ऐतिहासिक और प्रेरणादायी रहा है। यह विचार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महर्षि दयानंद सरस्वती के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन को अत्यंत प्रेरणादायी बताया और कहा कि महर्षि दयानंद ने हमें सत्य, सद्भाव और संस्कार का मार्ग दिखाया है। विशेषकर महिलाओं के सशक्तिकरण में उनका योगदान अमूल्य है। मुख्यमंत्री ने पहले डिफेंस कॉलोनी में केंद्रीय आर्य युवक परिषद के 47वें स्थापना दिवस समारोह में भागीदारी की, फिर आर्य समाज वेद मंदिर, पीतमपुरा में वार्षिक उत्सव के समापन समारोह में शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने समाज उत्थान और राष्ट्रीय निर्माण में आर्य समाज की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में इस संगठन का योगदान अद्वितीय है, जिसने हमेशा जनकल्याण और समाज सेवा को अपना लक्ष्य बनाया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम सभी आर्य समाज के आदर्शों पर चलते हुए दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध राजधानी बनाने का संकल्प ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती के महती प्रयासों से बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है और इसलिए मैं भी मुख्यमंत्री बन पाई हूं। उन्होंने कहा कि वैदिक संस्कृति और सदाचार से परिपूर्ण यह आयोजन समाज में सेवा, संस्कार और एकता की ज्योति प्रज्वलित करता है। मुख्यमंत्री ने सभी को आह्वान किया कि हमें दयानंद सरस्वती के आदर्शों से प्रेरणा लेकर एक बेहतर भविष्य के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्य




समाज की निरंतर सक्रियता और आयोजन क्षमता की भी सराहना की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि एक संत के समान हैं, जिन्होंने अपने 26-27 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में एक भी दिन अवकाश नहीं लिया और लगातार राष्ट्रहित और जनकल्याण के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज दयानंद सरस्वती के आदर्शों को आत्मसात करते हुए पीएम मोदी देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं और हम सबको भी उनके मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने छोटे-छोटे लालच छोड़कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं, तो हमारी पूरी दिल्ली सबसे बेहतर बन सकती है।

# भारत-पाक क्रिकेट मैच के खिलाफ 'आप' ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के खिलाफ रविवार को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में आप मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पार्टी की महिला विंग ने टीवी तोड़कर विरोध जताया। इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भाजपा ने कहा था कि उनकी रगों में गर्म सिंदूर बहता है लेकिन आज वह ठंडा पड़ गया है। दूसरी सरकारों को उपदेश देने वाली भाजपा आज खुद पाकिस्तान के साथ मैच करवा रही है, क्योंकि इसमें अरबो रुपए का सट्टा लगा है। प्रदर्शन के दौरान सौरभ ने कहा कि हमें पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय सट्टे में अरबों डॉलर दांव पर हैं। पाकिस्तानी टीम को पैसे का ऑफर है कि हार जाओ, ताकि सट्टेबाज जीतें।

## दिल्ली को दीपावली से पहले मिलेगा तोहफा

# इसी माह मिलेगी मजलिस पार्क मौजपुर मेट्रो लाइन की सौगात

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली वालों को दिवाली से पहले ही तोहफा मिलने वाला है। लगभग इसी माह सितंबर के अंत तक दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन का शेष भाग मौजपुर - मजलिस पार्क खंड यात्रियों के लिए चालू होने जा रहा है। पहले खबरें थी कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर 2025 को मौजपुर - मजलिस पार्क खंड चालू कर दिया जाए। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो इसको लेकर पीएमओ कार्यालय या शहरी विकास मंत्रालय की तरफ से दिल्ली सरकार व डीएमआरसी को अभी तक कोई अधिकृत सूचना नहीं मिली है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह तय है कि इस महीने के अंत तक मौजपुर - मजलिस पार्क खंड आम यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। फेज चार के तहत पिंक लाइन मेट्रो के मजलिस पार्क से मौजपुर स्टेशन के बीच 13.391 किलोमीटर लंबे इस खंड के शुरू होने से पूर्वी दिल्ली, लोनी से लेकर हरियाणा के बहादुरगढ़, गुरुग्राम व बल्लभगढ़ तक आने जाने की पहुंच और आसान हो जाएगी।



### विश्व की सबसे लंबी मॉस्को की बिग सर्कल लाइन को पछाड़ेगी पिंक लाइन

इस खंड के शुरू होते ही दिल्ली मेट्रो के नाम एक और विश्व रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। विश्व की अब तक सबसे लंबी रिंग लाइन मास्को की 70 किमी लंबी बिग सर्कल लाइन है जिसे पछाड़कर दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन 71.15 किलोमीटर लंबाई के साथ पहली रिंग रोड मेट्रो का रुतबा हासिल करेगी। यह ख्याति भी मेट्रो व डीएमआरसी की शान में चार चांद लगाने वाली होगी।

### मैजेंटा लाइन के बाद पिंक लाइन होगी यूटीओ यानी चालक रहित

पिंक लाइन के इस खंड के शुरू होते ही दिल्ली मेट्रो की यह दूसरी ऐसी लाइन होगी जो बिना चालक यानी अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) से चलेगी। इससे पहले डीएमआरसी की एकमात्र मजेंटा लाइन जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन ही ऐसी लाइन है जिसका परिचालन पूरी तरह से यूटीओ तरीके से किया जाता है। पिंक लाइन के पूरे होते ही यह एक और उपलब्धि होगी जो दिल्ली मेट्रो रेल के खाते में जुड़ जाएगी।

### रिंग रोड कॉरिडोर में है 11 इंटरचेंज स्टेशन

इस रिंग रेल मेट्रो सेवा जोकि एक सर्कल के रूप में लोगों को यात्रा करवाएगी। इसमें 11 इंटरचेंज स्टेशन होंगे जो लोगों को एक से दूसरी लाइन की बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे। इनमें आजादपुर, नेताजी सुभाष प्लेस, पंजाबी बाग वेस्ट, राजौरी गार्डन, दुर्गाबाई देशमुख साउथ कैंपस, दिल्ली हाट आईएनए, लाजपत नगर, मयूर विहार फेज 1, आनंद विहार आईएसबीटी, कड़कड़डूमा और वेलकम शामिल है।

### इसी खंड पर है डीएमआरसी का पहला बैलेंस कैंटिलीवर तकनीक से बना पुल

इस खंड पर आपको दिल्ली मेट्रो का एक और नायाब कारनामा देखने को मिलेगा। डीएमआरसी ने इस खंड पर सिग्नेचर ब्रिज के नजदीक सूरघाट व सोनिया विहार मेट्रो स्टेशन के बीच यमुना नदी पर अपना पहला बैलेंस कैंटिलीवर तकनीक आधारित पुल भी बनाया है। वहीं पिंक लाइन पर बना दूसरा पुल व यमुना पर बना पांचवा पुल है। करीब 560 मीटर लंबा यह पुल कुल नौ पिलरों के सहारे कैंटिलीवर तकनीक से बनाया गया है। पुल को दो मॉड्यूल में तैयार किया गया जिसके प्रत्येक मॉड्यूल में चार स्पैन हैं। इसके दोनों किनारों पर 60-60 मीटर व बीच में 80-80 मीटर के स्पैन हैं। दिल्ली मेट्रो का यह पहला पुल है जो बैलेंस कैंटिलीवर तकनीक से बना है। बैलेंस कैंटिलीवर का इस्तेमाल उन इलाकों में पुल के निर्माण में किया जाता है जहां पारंपरिक तकनीक से पुल बनाना संभव न हो।

### मजलिस पार्क-मौजपुर खंड पर 8 नए मेट्रो स्टेशन

मजलिस पार्क-मौजपुर विस्तार लाइन पर कुल 8 स्टेशन बनाने प्रस्तावित हैं। इनमें यमुना विहार, भजनपुरा, खजूरी खास, सोनिया विहार, सूरघाट, जगतपुर गांव, झड़ौदा माजरा और बुराड़ी मेट्रो स्टेशन शामिल है। यह पूरा खंड एलिवेटेड लाइन के रूप में तैयार हो रहा है। जबकि वर्तमान में पिंक लाइन में कुल 38 मेट्रो स्टेशन कार्य कर रहे हैं। इस तरह विस्तार खंड के पूरा होने के बाद पूरी पिंक लाइन में कुल 46 मेट्रो स्टेशन हो जाएंगे।

### डीएमआरसी की पहली रिंग रोड मेट्रो का अधूरापन होगा पूरा

डीएमआरसी को भी लंबे समय से इंतजार रहता होगा कि उसकी पहली रिंग रोड सेवा कब पूरी होगी। क्योंकि पिंक लाइन मेट्रो ऐसी पहली सेवा है जो पूरी तरह से दिल्ली के रिंग रोड से होकर चलेगी। जबकि इससे पहले दिल्ली में केवल डीटीसी की बसें ही रिंग रोड मुद्रिका के रूप में सेवा दे रही है। लेकिन अब सार्वजनिक परिवहन के रूप में दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पहली मेट्रो रिंग रोड सेवा का रूतबा हासिल कर लेगी।

# पीएम के जन्मदिन पर दृष्टिबाधित छात्राओं को मिलेगा छात्रावासः रेखा

**अक्षम लोगों और बुजुर्गों के लिए खुलेंगे आवासीय केंद्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर पर कॉलेज जाने वाली दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए अटल दृष्टि छात्रावास, बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए अटल आशा गृह और सीनियर सिटीजन के लिए सावित्रीबाई फुले वरिष्ठ नागरिक गृह समर्पित करेगी। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय ने रविवार को दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन है। इस विशेष अवसर पर हमारी सरकार ने 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान दिल्ली सरकार करोड़ों रुपये की लागत से 75 योजनाओं की शुरुआत करेगी जो दिल्ली के विकास को आगे बढ़ाएगी, लोगों को सुविधा प्रदान करेगी साथ ही राजधानी को तेजी से 'विकसित दिल्ली' की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

इसी कड़ी में 17 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह त्यागराज स्टेडियम में 15 बड़ी योजनाओं की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल दृष्टि छात्रावास और अटल आशा गृह का नामकरण भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल भारतीय राजनीति के ऐसे विराट व्यक्तित्व थे, जिन्होंने राष्ट्रहित और मानवीय मूल्यों को हमेशा सर्वोपरि रखा। उनकी करुणा, संवेदनशीलता और दूरदर्शिता हमें सदैव प्रेरित करती रहेगी। इन योजनाओं के माध्यम से हम उनके आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि समाज का कोई भी वर्ग उपेक्षित न रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के साथ-साथ दिल्ली सरकार भी समाज के कमजोर वर्गों के लिए ठोस पहल कर रही हैं। प्रधानमंत्री का सपना है 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'। हमारी सरकार इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए हर उस वर्ग के लिए योजनाएं बना रही है, जिन्हें अब तक उपेक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुरू की जा रही योजनाएं दिल्ली को न केवल बुनियादी सुविधाओं से सशक्त करेंगी, बल्कि इसे समावेशी, संवेदनशील और विकसित राजधानी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होंगी।

### अटल दृष्टि छात्रावास में रह सकेंगी दृष्टिबाधित 96 छात्राएं

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के करीब तिमारपुर में करीब 13.42 करोड़ रुपये की लागत से 3703.43 वर्गमीटर भू-क्षेत्र में भू-तल के साथ तीन मंजिला बना अटल दृष्टि छात्रावास की क्षमता 96 छात्राओं की है। इस छात्रावास को विशेष रूप से सुगम्यता और आराम सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें बाधा-मुक्त बुनियादी ढांचा, सहायक की मदद और शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं शामिल हैं।

# सड़कों के किनारों पर फैला कचरा बिगाड़ रहा है राजधानी की सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के कई प्रमुख मार्गों और सड़कों के किनारों पर फैला कचरा राजधानी की सूरत बिगाड़ रहा है, लेकिन निगम प्रशासन इसे लेकर कोई ठोस कदम उठाता नहीं दिख रहा। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर न केवल दिल्ली की सुंदरता को धूमिल कर रहे हैं, बल्कि बीमारियों को भी न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'स्मार्ट सिटी' और 'स्वच्छ भारत' के दावे तब तक अधूरे हैं जब तक सड़क किनारे कचरा फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती। वहीं, नियमों के अनुसार निगम एक्ट में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना निर्धारित है, लेकिन हकीकत यह है कि निगम प्रशासन की ओर से कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी दावे किए जाते हैं।

लोगों का कहना है कि यदि निगम सख्ती से कार्रवाई करे तो सड़कों और चौराहों पर गंदगी की स्थिति काफी हद तक सुधर सकती है। स्थानीय नागरिक जनहित में अब यह मांग कर रहे हैं कि निगम प्रशासन केवल सफाई कर्मियों पर निर्भर रहने की बजाय ठोस रणनीति बनाए, जिम्मेदारी तय करे और जुर्माने की सख्त व्यवस्था लागू करे, तभी दिल्ली सचमुच स्वच्छ और सुंदर बन सकेगी।

## 'रोहिणी सेक्टर-29 में आवारा पशुओं का आतंक'

**नई दिल्ली।** राजधानी के रोहिणी सेक्टर-29 स्थित भाजपा जिला कार्यालय के आसपास आवारा पशुओं का आतंक क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। लोग रोजाना सड़कों पर संभावित दुर्घटनाओं और असुरक्षा की स्थिति का सामना कर रहे हैं, लेकिन निगम प्रशासन इस गंभीर समस्या पर अब तक ठोस कदम नहीं उठा सका है। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन में पूठ खुर्द वार्ड से पार्षद अंजू अमन कुमार ने शुक्रवार को नरेला जोन की वार्ड समिति बैठक में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। उन्होंने साफ कहा कि पिछली लगातार कई बैठकों में इस समस्या को रखा गया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। निगम प्रशासन की चुप्पी हैरान करने वाली है। वहीं, इस मामले पर पार्षदों का कहना है कि जब भाजपा का जिला कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थल के आसपास यह स्थिति है, तो आम बस्तियों की हालत का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। इसे लेकर कहा गया कि आखिर क्यों निगम प्रशासन बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रहा? क्या आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाएं और नागरिकों की परेशानियां प्रशासन के लिए कोई मायने नहीं रखती हैं? बता दें कि आवारा पशुओं, बंदरों व कुत्तों के चलते स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

## डेंगू-मलेरिया पर जमकर हो रही जागरूकता की बातें, वेबसाइट पर रिपोर्ट नहीं

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में डेंगू, मलेरिया का खतरा तेजी से बढ़ रहा है और इसी के चलते गत दिनों जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व डीबीसी, एमटीएस कर्मियों की छुट्टी भी रद्द कर दी थी। लेकिन इसके बावजूद भी दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर डेंगू मलेरिया रिपोर्ट तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। हालांकि निगम प्रशासन की तरफ से जगह-जगह जागरूकता अभियान और फॉगिंग की जा रही है। विभिन्न माध्यमों से संदेश दिए जा रहे हैं कि हम जनता के साथ हैं, हर कदम पर सतर्क हैं। लेकिन हकीकत इससे उलट है।

## प्राकृतिक आपदा में तीर्थ यात्रा के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए आयोजित किया सर्व पितृ यज्ञ

**नई दिल्ली।** शाहदरा गोरख पार्क स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में तीर्थ यात्राओं के दौरान आई प्राकृतिक आपदा में मृत आत्माओं की शांति के लिए सर्व पितृ यज्ञ आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी राजेश्वरानंद ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के दौरान तीर्थों में मृत आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक श्राद्ध करना राष्ट्र सेवा हेतु प्राणों का बलिदान करने वालों के प्रति कर्तव्य बनता है। स्वामी राजेश्वरानंद ने कहा कि विशेषकर प्राकृतिक आपदा में तीर्थों पर तीर्थ यात्रियों की आत्मिक शांति के साथ स्वतंत्रता सेनानियों, संतों महात्माओं एवं उन दिवंगत आत्माओं के श्राद्ध कर्म हेतु आहुतियां दी गई।

## पीएम के जन्मदिवस के उपलक्ष में गांधी स्मृति ने आयोजित की 'युवा दौड'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में रविवार को गांधी स्मृति द्वारा 'युवा दौड़' का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस दौड़ को बैडमिंटन खिलाडी पद्म भूषण साइना नेहवाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री व गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह दौड़ नेशनल स्टेडियम, इंडिया गेट से शुरू होकर अकबर रोड से होते हुए, गांधी स्मृति, तीस जनवरी मार्ग पर संपन्न हुई। दौड़ की थीम 'गांधी की सोच - मोदी का जोश' थी। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में शामिल हर प्रतिभागी की टी-शर्ट दिया गया, जिसके पीछे यह लिखा हुआ था कि गांधी के किन-किन विचारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी योजनाओं में कार्यान्वित किया है। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी की कल्पना के अनुरूप कल्याणकारी परियोजनाओं को पूरी ताकत और उत्साह के साथ क्रियान्वित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के अध्यक्ष भी हैं। देश के प्रधानमंत्री रहते हुए जिस तरीके से उन्होंने गांधी के आदर्शों को अपनाया है और अपने कार्यों में आत्मसात किया है वो सराहनीय है।




**मुख्यमंत्री ने ओणम उत्सव में की भागीदारी**

# विविधता में ही बसता है भारत की एकता का सामर्थ्य : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की असली ताकत उसकी विविधता है, और इसी विविधता में हमारी एकता का सामर्थ्य छिपा है। सरकार इस एकता और सद्भाव को और मजबूत करते हुए एक विकसित और समरस दिल्ली के निर्माण के लिए सतत प्रयासरत है। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को ओणम पन्नोनम 2025 उत्सव में शिरकत करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुबह जेएलएन ऑडिटोरियम, एम्स परिसर में आयोजित ओणम पन्नोनम 2025 उत्सव में शामिल होकर मलयाली समाज की संस्कृति, परंपरा और भाईचारे का अद्भुत अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ओणम उत्सव की शुरुआत मुख्यमंत्री सेवा सदन से हुई और दिल्ली के मलयाली परिवारों के साथ मिलकर इसे हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जब पारंपरिक परिधानों में सजी झांकियां, सुगंधित पुष्प सज्जा और केरल के पारंपरिक व्यंजनों का भव्य प्रदर्शन हुआ, तो ऐसा अनुभव हुआ मानो स्वयं केरल की पावन भूमि पर उपस्थित हूं। मुख्यमंत्री ने मलयाली समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि केरल अपनी समृद्ध संस्कृति और सेवा भावना के लिए जाना जाता है। विशेषकर नर्सिंग और स्वास्थ्य सेवाओं में इस समुदाय का योगदान न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में प्रशंसनीय और सम्माननीय है। उन्होंने आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार हर संस्कृति और समुदाय का सम्मान करती है और उनके सहयोग से राजधानी को और अधिक समृद्ध, सामंजस्यपूर्ण और प्रगतिशील बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वहीं मुख्यमंत्री ने विकासपुरी स्थित केरल स्कूल में 171वीं श्री नारायण गुरु जयंती समारोह का उद्घाटन किया और गुरुजी को कोटि-कोटि नमन किया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में 3 आरोपी धराएं

**फरीदाबाद।** लड़ाई-झगडे और मारपीट के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने तीन आरोपियों को काबू कर लिया है।



थाना एसजीएम नगर में लेखराज निवासी ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि जब वह 22 अगस्त को सैनिक कॉलोनी चौक पर खडा था। तभी वहां 12-13 लड़के मोटरसाईकिल व स्कूटी पर आए उसके साथ मारपीट की और वहां से भाग गए।

### कर्मचारी बनकर ठगी करने वाला पकड़ाया

**फरीदाबाद।** पॉलिसी बाजार का कर्मचारी बनकर इनश्योरेंस के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में दरियाव नगर रोहतक निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि उसके पास एक फोन आया जिसने अपने आप को पालिसी बाजार का कर्मचारी बताया। उसको दुबारा पेमेंट करनी होगी तो उसने ठग के कहेनुसार दुबारा पेमेंट कर दी।



### चाचा-भतीजे को पीटने के मामले में एक आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए कॉलेज में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है।



भारत निवासी डबुआ कॉलोनी ने पुलिस चौकी सेक्टर-7 में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 11 सितम्बर को उसके भतीजे उज्जवल का पास फोन आया कि कॉलेज के कुछ लडके उसे पीटने की धमकी दे रहे है। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर-8 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी सेक्टर-7 की टीम ने कार्रवाई करते हुए अजय निवासी गांव जाजरु फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

## राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर डीपीजी डिग्री व लॉ कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हर वर्ष की तरह डी.पी.जी डिग्री कॉलेज तथा डीपीजी लॉ कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विधि महाविद्यालय की निदेशक डॉ. प्रिया शुक्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित डी.पी.जी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत, वाईस चेयरमैन दीपक गहलोत व सेक्रेटरी नरेंद्र गहलोत का स्वागत किया और राष्ट्रीय हिंदी दिवस के महत्व से सभी को अवगत करवाया। कार्यक्रम का संचालन बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा आरती ने किया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शनी और कविता वाचन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. रीना और डॉ. अमिता ने निभाई। डॉ कमलेश ने सभी श्रोताओं को हिंदी की महत्ता से परिचित करवाया। हिंदी हमारे राष्ट्र भारत के साथ विश्व की सबसे समावेशी व वैज्ञानिक भाषा के रूप में जानी जाती है। हिंदी भाषा से ही भारतीय संस्कृति का विकास किया जा



सकता है। डी.पी.जी ग्रुप ऑफ कालेज के वाईस चेयरमैन दीपक गहलोत ने विद्यार्थियों को बताया कि बदलते परिदृश्य के साथ हिंदी का स्वरूप भी बदला है हिंदी ने रोजगार के नए अवसरों का सृजन किया है। डी.पी.जी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल एस. एस. बोकन ने बताया कि भारतीय भाषाओं और बोलियों के मूल में हिंदी है। डी.पी.जी डिग्री कॉलेज के रजिस्ट्रार अशोक गोगिया ने कहा कि डी.पी.जी डिग्री कॉलेज हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाता रहेगा। डी.पी .जी डिग्री कॉलेज के कला एवं मानविकी संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ रितु ने भी सभी को हिंदी भाषा का महत्त्व बताते हुए राष्ट्रीय हिन्दी दिवस की बधाई दी व अतिथि महोदय का औपचारिक रूप से स्वागत किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में बी.ए .तृतीय वर्ष के छात्र नीतीश झा प्रथम, हैप्पी जुनेजा बी.ए . तृतीय वर्ष के छात्र द्वितीय व नेहा शर्मा बीजेएमसी की छात्रा तृतीय रहीं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए. एल.एल बी प्रथम वर्ष की छात्रा अर्पिता, द्वितीय स्थान बी.एस.सी जीवन विज्ञान की छात्रा पलक व तृतीय स्थान बी ए अंतिम वर्ष की छात्रा नताशा ने हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में बी.जे. एम सी द्वितीय वर्ष की छात्रासुहानी सक्सेना ने सबको पीछे छोड़ दिया। हिंदी प्राध्यापिका सुश्री कमलेश कुमारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया तथा सभा में उपस्थित सभी जजों का आभार जताया। जिन्होंने हिंदी के प्रचार प्रसार व इसके बढ़ते प्रभाव को ना केवल समझा बल्कि अपने जीवन में इसे अपनाने का प्रण भी लिया।

## देश की आजादी के लिए कई बार जेल यात्राएं की

# लोधी राजपूत जनकल्याण समिति ने स्वामी ब्रह्मानन्द की 42वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोधी राजपूत जनकल्याण समिति फरीदाबाद द्वारा परम श्रद्धेय कर्मयोगी स्वामी ब्रह्मानन्द जी की 42वीं पुण्यतिथि समिति कार्यालय डबुआ कालोनी में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपाल सिंह लोधी ने की। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, विशिष्ट अतिथि पार्षद भगवान सिंह, सुरेश पाठक, संस्थापक महासचिव लाखन सिंह लोधी, अध्यक्ष रूपसिंह लोधी, धर्म पाल सिंह लोधी, प्रोमिला लोधी जिला उपाध्यक्ष, भोपाल कश्यप, उदयवीर शास्त्री द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया एवं उपस्थितजनों ने स्वामी जी के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया।

मुख्य अतिथि मुकेश वशिष्ठ ने अपने बताया कि स्वामी जी की 1966 के आंदोलन में सक्रिय भूमिका रही थी, उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र में पिछड़ेपन और शिक्षा क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किया। देश की आज़ादी के लिए कई बार जेल यात्राऐं कीं। स्वामी जी का जीवन राष्ट्रहित, जनहित, व आध्यात्मिक क्षेत्र में अनुशासित प्रेरणादायक सराहनीय रहा है ऐसे संत महापुरुषों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। समिति के संस्थापक, महासचिव लाखन सिंह लोधी ने कहा कि स्वामी जी का जन्म 4 दिसंबर 1894 को हमीरपुर राठ तहसील के बरहरा गांव में श्रीमातादीन एवं जशोदाबाई लोधी किसान परिवार में हुआ था। इनका मन आध्यात्मिक



की ओर आकर्षित था। 23 वर्ष की आयु में हरिद्वार में हर की पौड़ी पर सन्यास ग्रहण कर अब शिवदयाल से गेरूआ वस्त्र धारण कर स्वामी ब्रह्मानंद चुके थे। गंगा में खड़े होकर प्रतिज्ञा की अब जीवनपर्यन्त स्त्रीगमन नहीं करेंगे, कभी धन को स्पर्श नहीं करेंगे, सत्य पर अडिग रहेंगे। अपनी प्रतिज्ञा को जीवनपर्यन्त निभाया। जब देश में आज़ादी के लिए आंदोलन चल रहे थे, पंजाब के भटिंडा में एक सभा में महात्मा गांधी से मुलाकात हुई। स्वामी की कार्यशैली को देखकर गांधी ने कहा कि मुझे आप जैसे कर्मयोगी संतों की आवश्यकता है। दिल्ली सन 1966 में बहुत बड़ी संख्या में साधु संतों के साथ साथ आमजन आंदोलन जोकि गौरक्षा आदि विषयों से संबंधित था। उस समय की सरकार ने घबराहट में आंदोलन को कुचलने के लिए हर सम्भव प्रयास किया परिणाम स्वरूप हताहत होने के साथ लोगों को जानें भी गंवानी पड़ी इससे आहत होकर स्वामी जी ने लगभग 500 साधु संतों के साथ अपनी बात कहने के लिए संसद में घुसने का प्रयास किया। खींच तान में स्वामी के साथ बहुत से संतों के कपड़े तक फट गए। इसी बीच एक सुरक्षा अधिकारी ने स्वामी जी से कहा महाराज जी संसद की गरिमा के अनुरूप आइये। सन् 1967 में कांग्रेस से रूष्ट स्वामी जी हमीरपुर राठ से जनसंघ पार्टी से लोकसभा जीत कर सबसे पहले भगवाधारी सन्यासी सांसद बनकर संसद में पहुंचे। उन्होंने गौहत्या पर कानून बनाने के लिए सर्वप्रथम मांग की। ये गरीबों, दलितों, वंचितों के लिए मशीहा के रूप में आवाज उठाते रहे। जातिवाद से उपर उठकर काम किया। डॉ. वी वी गिरी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने स्वामी जी को मनाया वे पुनः दूसरी बार लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने।

### *ब्रह्मानन्द के अनेक छात्र-छात्राएं शिक्षा लेकर देश की सेवा में लगे हैं*

*स्वामी ब्रह्मानन्द ने अपनी सांसद निधि को शिक्षा क्षेत्र में अथवा गरीबों के कल्याण के लिए दान कर देते थे। और स्वयं ने जीवनपर्यन्त भिक्षा लेकर ही भोजन किया करते थे। बुंदेलखंड क्षेत्र के हमीरपुर राठ में स्वामी ब्रह्मानन्द इंटर कॉलेज, स्वामी ब्रह्मानन्द संस्कृत महाविद्यालय, स्वामी ब्रह्मानन्द कृषि महाविद्यालय जैसे संस्थान आज उन्हीं की देन है। जिसमें अनेकों छात्र-छात्राऐं शिक्षा लेकर देश की सेवा में लगे हैं। ऐसे कर्मयोगी, स्वतंत्रता सेनानी, प्रथम भगवाधारी संयासी सांसद, गौरक्षक, बुंदेलखंड के मालवीय, परोपकारी, समाज सुधारक, शिक्षा के सागर, देशभक्ति से ओतप्रोत ऐसे महान संत की अनदेखी कांग्रेस सरकार में भी हुई थी। आज वर्तमान सरकार में भी ऐसा ही प्रतीत होता है। ऐसे संत को अब तक भारत रत्न मिलना चाहिए ऐसी हम सबकी अभिलाषा है। आइए हम सभी मिलकर स्वामी ब्रह्मानन्द के श्रीचरणों में श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हैं। इस अवसर पर अर्जुन सिंह लोधी, नंद किशोर लोधी, राजेश कुमार वर्मा, सुलेखा त्यागी, सुखदेवी, आशा लोधी, शीषपाल शास्त्री, भाईलाल लोधी, रामशरण शर्मा, सुदर्शन कुमार, ओसपाल पाठक, उदयवीर सिंह लोधी, दीपक यादव, रत्नेश सिंह, विकास कश्यप, ललित त्यागी, अजय कुमार लोधी, सुनील कुमार, सूरज पाल सिंह, चहलपाल सिंह, कृष्ण जीत डंग, चौधरी सूरज भान, ओमप्रकाश लोधी, किशन गोपाल लोधी आदि।*

## स्कूल की बाउंड्रीवाल बनाने के लिए जल्द व्यवस्था बनाने का दिया आश्वासन

# मंत्री नागर ने राशन में गबन की शिकायत पर दिखाई सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज अपने निवास पर आयोजित खुले दरबार में एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने राशन में गबन की शिकायत को सख्ती से लेते हुए जांच के आदेश दिए। जिला पलवल के गांव मालपुरी रूपड़ाका से आए शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके यहां डिपो होल्डर राशन में गबन करते पकड़ा गया था लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

मंत्री राजेश नागर ने इस पर बड़ी सख्त जांच उपरांत कार्रवाई के आदेश अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहित योजनाओं के साथ किसी प्रकार की गड़बड़ वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसी प्रकार आरडब्ल्यूए सेक्टर 30 ने स्थानीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग रखी। उन्होंने मंत्री को बताया कि इस दीवार का निर्माण स्कूल और पार्क में अवांछित तत्वों की रोकथाम के लिए जरूरी है। जिसपर नागर ने तुरंत प्रभाव से काम करने की बात कही। इसके अलावा धीरज नगर से सटे गिरदावर एनक्लेव के लोगों ने स्थानीय सुविधाओं की मांग का ज्ञापन दिया। मंत्री राजेश नागर ने सरकार के निर्देशानुसार इस पर काम करने की बात कही। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि खुले दरबार के रूप में परिजनों से मिलना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। मैं इनकी सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहने का प्रयास करता हूं। उन्होंने बताया कि अपने निवास पर हर रविवार को खुला दरबार लगाने का उद्देश्य यही है कि जो व्यक्ति चंडीगढ़ नहीं आ सकते, वो यहां सरलता से मिलकर अपनी बात रख लेते हैं।

## सैंट्रल जोन में की गई कार्रवाई

# क्राइम ब्रांच, ट्रैफिक पुलिस व थाना की टीम का संयुक्त चेकिंग अभियान जारी

■ संदिग्ध वाहनों, ब्लैक फिल्म, बिना नम्बर प्लेट व दो या दो से अधिक सवारी के दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा जिला में अपराधियों पर कार्रवाई, कानून व्यवस्था व सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये क्राइम ब्रांच, ट्रैफिक पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 13 सितंबर को क्राइम ब्रांच, ट्रैफिक व स्थानीय थाना की संयुक्त टीम ने सेंट्रल जोन के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर चेकिंग की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 सितंबर को फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच, यातायात पुलिस व स्थानीय थाना की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सैंट्रल जोन में सनफ्लैग चौक सेक्टर-16, डीपीएस चौक, मुंबई एक्सप्रेस वे नियर एसओएस स्कूल, अमृता हास्पिटल मेन गोल चक्कर, अमोलिक चौक, कोर्ट मोड नाका नियर ढाबा जंक्सन, एनएचपीसी चौक, सेक्टर-37 न्यू पल्ला पुल, व्हाइट हाउस नाका, बदरपुर बाईपास रोड नाका व सेक्टर-15-



15ए, पुलिस चौकी सेक्टर 15-11 स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों, काली फिल्म, बिना नंबर प्लेट व दो या दो से अधिक सवारी के दो पहिया वाहनों सहित लगभग 674 वाहनों को चेक कर 168 वाहनों के चालान किए गए, जिसमें ब्लैक फिल्म के 63 व शराब पीकर वाहन चलाने के 14 चालान शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पुलिस बल नियुक्त कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सघन चेकिंग कर वांछित अपराधियों पर कार्रवाई करना है। इस चेकिंग अभियान का उद्देश्य आमजन को ट्रैफिक नियमों की अनुपालन सुनिश्चित कराना भी है। भविष्य में भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## हुक्काबार का भंडाफोड़ किया

# पुलिस ने अदित्यमाल में छापा मारकर अवैध हुक्का बार पकड़ा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना कौशाम्बी पुलिस ने रविवार को अदित्य मॉल स्थित में छापा मारकर गॉड फादर क्लब में अवैध रूप से चल रहे हुक्का बार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 5 हुक्का, 5 हुक्का की प्लेटें, 5 हुक्का की पाईप, 5 खाली चिलम व 3 फ्लेवर्ड तम्बाकू पैकेट बरामद किया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि सूचना मिली थी कि वेव सिनेमा के पीछे गॉड फादर क्लब के अंदर हुक्का बार चल रहा है। जहां काफी संख्या में लोगों द्वारा बार मे हुक्का और फ्लैवर्ड तम्बाकू उत्पादों का सेवन किया जा रहा है । सूचना पर थाना कौशाम्बी पुलिस ने तत्काल गॉड फादर क्लब पहुंचकर छापा मारा और वहां से बॉबी निवासी राज



कुमार का किराये का मकान मटके वाली गली ज्वाला नगर चौक महारम मौहल्ला शाहदरा दिल्ली व प्रद्युमन निवासी गॉड फादर क्लब वेव सिनेमा कौशाम्बी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि इस क्लब में हम काम करते है । हम अपने क्लब मालिक हरेंद्र निवासी दिलशाद गार्डन दिल्ली के कहने पर ग्राहको की मांग पर फ्लेवर्ड हुक्का मय चिलम तम्बाकू के उपलब्ध कराता है । क्लब मालिक हरेन्द्र आज क्लब नही आया हैं ।

## पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला

# पेड़ पर लटका युवक का शव मिला, मर्डर की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-37 एरिया में बीकानेर चौक के पास पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवक का मर्डर किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया और जांच कर रही है। जानकारी अनुसार, सेक्टर-37 फेस-2 के बीकानेर चौक के पास रविवार की दोपहर को राहगीरों ने पेड़ से एक शव लटका देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान का प्रयास किया, लेकिन उसकी अभी पहचान नहीं हो पाई है।

युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया और जांच कर रही है।

### *थाना प्रभारी का कहना*

*मामले में सेक्टर-10 थाना प्रभारी योगेश ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन अन्य संभावनाओं को भी ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, और रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू की है और स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है।*

## शैलजा ने श्रीमद् नारद महापुराण कथा के दौरान उपस्थित भक्तों को संबोधित किया

# कथाओं से व्यक्ति को आत्म बल और समाज को विकास मिलता: सांसद सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रही सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि धार्मिक आयोजनों का समाज निर्माण में अपना महत्व है और जिस प्रकार से श्री देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट अग्रवाल धर्मशाला में यह आयोजन कर रहा है वह अपने आप में इसलिए भी विशेष हो जाता है क्योंकि यहां पर उसे महान ऋषि और संत नारद मुनि की कथा का व्याख्यान चल रहा है जो की प्रत्येक युग में ने केवल सार्थक रहे हैं बल्कि हर युग में एक-दूसरे के मध्य सूचना के आदान-प्रदान के लिए उनको जाना जाता है और मेरा यह मानना है की सूचना का आदान-प्रदान किसी भी युग के विकास के लिए सबसे जरूरी है कुमारी शैलजा रविवार को बल्लभगढ़ की अग्रवाल धर्मशाला में श्री देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद् नारद महापुराण कथा के दौरान उपस्थित भक्तों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कथाओं से



व्यक्ति को आत्म बल और समाज को विकास मिलता है। इस मौके पर उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक, प्रदेश प्रवक्ता योगेश कुमार ढींगरा, किसान नेता सत्यवीर डागर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल, गौरव ढींगरा, चुन्नू राजपूत, एस.एल. शर्मा, संजीव चौधरी, वंदना सिंह, मोनू ढिल्लों सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे। कथा में पहुंचने पर ट्रस्ट के प्रधान सुनील मित्तल एवं महासचिव बनवारी लाल गुप्ता ने कुमारी शैलजा का अभिनंदन किया तथा कुमारी शैलजा ने समस्त कांग्रेस जनों के साथ महाराजश्री का आशीर्वाद भी लिया।

### *कथा के दौरान समाजसेवी, किसान नेता भी उपस्थित रहें*

*इस मौके पर कथा व्यास कृष्ण स्वामी जी महाराज ने 52 अवतार की कथा सुनाते हुए भगवान विष्णु द्वारा लिए गए इस अवतार के महत्व और उसमें नारद जी की भूमिका की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से नारद मुनि ने समय-समय पर देवताओं के अहंकार का नाश करने का काम समाज कल्याण के लिए किया था तथा के दौरान वरिष्ठ समाज से भी एवं व्यापारी नेता लाल भगवान दास एवं ईश्वर दयाल ने 52 अवतार को लेकर एक विशाल छाता भी भेंट किया। कथा के दौरान उपस्थित हुए प्रमुख समाजसेवी एवं किसान नेता चौधरी सत्यवीर डागर, बिलाल अहमद, पार्षद अनिल शर्मा, कांग्रेसी नेता ललित व्यापारी नेता प्रेम खट्टर, अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान लाल बिशनचंद बंसल, जयवीर अनाज मंडी के मास्टर जयप्रकाश, प्रमुख जयनारायण प्रमुख आढ़ती गिर्राज प्रसाद, फरीदाबाद नगर निगम के पूर्व मुख्य अभियंता अनिल मेहता, अनिल गर्ग बनाने से राहुल गर्ग सहित दर्जनों लोगों ने व्यास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।*

## पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की

# गाजियाबाद : पुलिस बदमाशों में चली गोलियां, चार बदमाश घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से चारों ही बदमाश घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस शनिवार की रात में कनावानी पुलिया पर चेकिंग कर रही थी।

तभी हिंडन नहर 5/6 की पुलिया की तरफ से एक मोटर साइकिल पर सवार 02 व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया। परंतु दोनों मोटर साइकिल सवार युवक नही रुके तथा मोटर साइकिल को तेजी से



पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास किया। जिसके बाद व्यक्ति ने मोटर साइकिल को छोड़कर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया । जिससे पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की गई जिससे गोली चलाने वाले बदमाश शहबाज उर्फ पोली पुत्र अब्दुल रहमान निवासी नंद नगरी थाना नंद नगरी दिल्ली घायल होकर नीचे गिर गया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि विजयनगर पुलिस एवं स्वाट टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि हिण्डन नदी पुस्ता की झाडियों में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों किसी घटना करने की फिराक में बैठे है। जिस पर थाना विजयनगर पुलिस एवं स्वाट टीम नगर द्वारा संयुक्त रूप से योजनाबद्ध तरीके से हिण्डन नदी पुस्ता झाडियों में छिपे बदमाश कोम्बिंग करते हुए आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया तो नही रूके तथा मौके पर अपनी स्कूटी छोड़ अपने सामान एवं बैग को लेकर भागने लगे ।

## खबर संक्षेप

### बिहार मेरा परिवार, जनता सीएम : तेजप्रताप



**पटना।** राजद से निष्कासित हसनपुर विधायक और लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव आगामी चुनाव को लेकर काफी सक्रिय हैं। वे लगातार जनता के बीच घूम रहे हैं और जन सममस्याओं पर सरकार की क्लास लगाने के साथ बाढ़ राहत कार्य भी कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव लड़ने की बात कहते हुए तेज प्रताप ने अपने गठबंधन का ऐलान कर दिया है। कहा कि बिहार उनका परिवार है और जनता सीएम है।

### दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग, एफआईआर



**बरेली।** अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग मामले में पिता जगदीश पाटनी ने कोतवाली में दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जगदीश के मुताबिक बाइक सवारों को टोकने पर उनमें से एक ने उन्हें निशाना बनाकर फायरिंग की। उन्होंने पिलर के पीछे फर्श पर लेटकर जान बचाई। बालकनी आए तो नीचे बाइक सवार दो लोग दिखे।

### 15 दिन की बच्ची को नदी किनारे जिंदा दफनाया



**शाहजहांपुर।** यहां जैतीपुर से गौहापुर जाने वाले मार्ग पर बहगुल नदी के पुल के किनारे रविवार सुबह 15 दिन की बच्ची एक फुट गहरे गड्ढे में मिट्टी से दबी मिली। उसके बिलखने की आवाज सुनकर बकरी चराने गए बालक ने देखकर शोर मचाया। पुलिस ने गंभीर हालत में बच्ची को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा है।

## भाजपाइयों पर लाठीचार्ज को लेकर सीएम योगी सख्त

# निलंबन के बाद एसआईटी जांच का आदेश

यूपी के गाजीपुर में भाजपाइयों पर लाठीचार्ज को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सख्त हो गए हैं। थानाध्यक्ष समेत छह पुलिस वालों के निलंबन के बाद अब पूरे मामले की एसआईटी से जांच का आदेश दिया है। योगी ने डीजीपी से कहा है कि दूसरे जिले के एसपी स्तर के अधिकारी से जांच कराई जाए।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

गाजीपुर में भाजपाइयों पर लाठीचार्ज और एक कार्यकर्ता की मौत के मामले की एसआईटी से जांच कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मामले पर सख्त हो गए है। उन्होंने एसआईटी से जांच कराने का डीजीपी राजीव कृष्ण को आदेश दिया है। सीएम योगी ने दूसरे जिले के एसपी स्तर के अधिकारी से जांच का निर्देश दिया है।

गाजीपुर के नोनहरा थाने का पिछले सोमवार को भाइपाइयों ने घेराव किया था। इस दौरान देर रात बिजली बंद कर भाजपाइयों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था। लाठीचार्ज में भाजपा के दिव्यांग कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। अगले ही दिन थानाध्यक्ष समेत छह पुलिस वालों को निलंबित कर दिया गया था। इसी मामले को गाजीपुर भाजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, जिला प्रभारी डॉ राकेश त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात भी की।



### दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी

*मुख्यमंत्री ने डीजीपी को फोन लगाकर घटना की एसआइटी जांच दूसरे जिले के एसपी स्तर के अधिकारी से जांच कराने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सरकार करेगी। घटना में जो भी दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नही जाएगा।*

### मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली

*मुलाकात के दौरान पूरे मामले से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने डीजीपी को घटना की जांच एसआईटी से कराने के निर्देश दिए। मुलाकात में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने मुख्यमंत्री को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। करीब 30 मिनट तक हुई मुलाकात में मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। भाजपा के जिला प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर मुख्यमंत्री काफी दुखी व गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ति परिवार के साथ है। उन्हें इंसाफ मिलेगा।*

## योगी सरकार की नवाचार पहल

# सीएम के मार्गदर्शन में सर्वोदय विद्यालयों व छात्रावासों में श्रमदान अभियान शुरू

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी सर्वोदय विद्यालयों और छात्रावासों में हर रविवार को श्रमदान अभियान शुरू किया है। इस पहल के तहत विद्यार्थी खुद अपना परिसर सजाएंगे। इस कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक और अभिनव कदम बढ़ाया है। सीएम योगी के मार्गदर्शन और समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर प्रदेश के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और राजकीय छात्रावासों में प्रत्येक रविवार श्रमदान कार्यक्रम शुरू हो गया है।

सरकार की इस नई पहल के तहत अब सर्वोदय विद्यालयों और छात्रावासों में हर रविवार को विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान किया जाएगा, ताकि वो अपने परिसर को खुद सजा सकें और साफ-सुथरा रख सकें। इस कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, साथ ही बागवानी के जरिए से पर्यावरण चेतना भी बढ़ाना है।

मकसद विद्यार्थियों में अनुशासन व जिम्मेदारी की भावना विकसित करना

झाड़ू, फावड़े, बाल्टी, तसला और कूड़ेदान की व्यवस्था पहले से कर दी गई



### परिसर की साफ-सफाई और मरम्मत कार्य

*श्रमदान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक रविवार को विद्यालय और छात्रावास परिसर की साफ-सफाई की जाएगी। टूटी हुई कुर्सियां, मेज और अन्य फर्नीचर की मरम्मत की जाएगी, पानी की टंकियों और नालियों की सफाई एवं कचरा निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक उपकरण जैसे झाड़ू, फावड़े, बाल्टी, तसला और कूड़ेदान की व्यवस्था पहले से कर दी गई है, ताकि काम में किसी तरह की कोई परेशानी न आए।*

### बागवानी से हरियाली को बढ़ावा

*इस कार्यक्रम में बागवानी पर भी खास जोर दिया गया है। इस दौरान पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई, नए पौधों का रोपण और सूखे पत्तों एवं टहनियों से खाद बनाने का कार्य भी किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना मजबूत होगी।*

### सदनवार जिम्मेदारी और डिजिटल निगरानी

*विद्यालयों को सदनों में बांटकर श्रमदान की जिम्मेदारी तय की जाएगी. इससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागेगी साथ ही परिसर को सुंदर बनाने की प्रेरणा मिलेगी। श्रमदान कार्य की पहले और बाद की तस्वीरें निर्धारित प्रारूप में क्यूआर कोड के माध्यम से अपलोड की जाएंगी, जिससे निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। इससे पता चल सकेगा कि क्या काम हुआ है।*

## पांचवें चरण का 18 तारीख से आगाज

# बिहार चुनावः 55 विधानसभाओं में एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन




एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। इस बीच एनडीए के पांचवें चरण के विधानसभावार कार्यकर्ता सम्मेलन का आगाज 18 सितंबर से होगा। यह सम्मेलन 19, 20, 21 और 23 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान 55 विधानसभाओं में सम्मेलन होगा। पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में एनडीए घटकदलों के प्रदेश अध्यक्षों ने संयुक्त प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

### एनडीए कार्यक्रमों में हमेशा आधी से अधिक रहती है महिलाओं की संख्या

*जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने इस मौके पर कहा कि बिहार में जो माहौल दिख रहा है, उसमे एनडीए सभी 243 सीटें जीत सकती हैं। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुई महिला सशक्तीकरण का असर है कि एनडीए कार्यक्रमों में आधी से अधिक संख्या महिलाओं की रहती है।*

### एनडीए के नेता मिशन 2025 में जुटे

*एनडीए के नेता मिशन 2025 में जुटे हैं। अब तक चार चरणों में एनडीए नेताओं ने बिहार की 141 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया है। चौथे चरण के खत्म होते-होते यह संख्या 154 पहुंच जाएगी। एनडीए में शामिल घटक दल के नेताओं का दावा है कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान वर्करों में जबरदस्त उत्साह भी देखने को मिल रहा है।*

## पेज एक का शेष

### दुनिया धर्म से चलती...

एक ही हैं, लेकिन व्यवहार में अक्सर समानता दिखाई नहीं देती। यही सोच आज की वैश्विक समस्याओं की जड़ है। संघ प्रमुख ने कहा कि हमने पूर्व में विश्व का नेतृत्व किया था, लेकिन हमने किसी को दबाया नहीं। आज परिवार टूट रहा है, माता-पिता को घर से निकाला जा रहा है। समाज में ऐसी विकृति आ गई है, जिससे हमें बचना होगा। अपनापन हमें जोड़ता है, लेकिन आज अपनापन नहीं है। हमें धर्म के आधार पर ही आगे बढ़ना होगा, क्योंकि धर्म किसी को दर्द नहीं देता, यह सभी को जोड़कर चलता है। दुनिया धर्म से चलती है, किसी लॉजिक से नहीं। हमें ज्ञान और कर्म दोनों चाहिए। डॉ. भागवत ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मंत्री प्रहलाद पटेल की पुस्तक 'परिक्रमा कृपासार' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा भारतीय संस्कृति की जीवंत धारा है। उन्होंने पटेल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पुस्तकें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को संस्कृति से जोड़ने का काम करती हैं।

### नर्मदा परिक्रमा हमें ...

*आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करता है। मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया में 'भगवान' एक हों या अनेक, इससे टकराव होना स्वाभाविक है, लेकिन भारतीय दर्शन हमें सिखाता है कि ऐसे विवादों में पड़ने की आवश्यकता नहीं है। हमारे दृष्टिकोण में सिर्फ़ भगवान हैं और कोई नहीं, इसलिए सभी टकराव निरर्थक हो जाते हैं।*

### युद्ध ही नहीं क्रिकेट के...

दुबे 10 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 128 रनों का टारगेट रखा था। टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार दूसरी जीत है। इसके साथ ही सूर्या एंड कंपनी ने सुपर-4 की ओर कदम बढ़ दिया है।

### कांग्रेस मुझे कितनी ही ...

भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए विकसित भारत सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी पूर्व की है, उत्तर पूर्व की है। उत्तर पूर्वी राज्यों के चमकने का समय आ गया है। किसी भी क्षेत्र के विकास में कनेक्टिविटी की अहम भूमिका होती है। हमारी सरकार उत्तर पूर्व में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए समर्पित है। सड़कें, रेलवे और हवाई मार्गों का विकास किया जा रहा है। इससे लोगों की जिंदगी बदल रही है और उज्जवल भविष्य की राह बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कांग्रेस वाले मुझे कितनी ही गालियां दे, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं, लेकिन जब किसी और का अपमान होता है, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। आप लोग मुझे बताएं, क्या भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित करने का मेरा फैसला सही है या गलत? मोदी ने कहा कि 1962 में चीन के साथ जो युद्ध हुआ था, उसके बाद पंडित नेहरू ने जो कहा था- नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के वे घाव आज भी भरे नहीं हैं, और उस घाव पर कांग्रेस की वर्तमान पीढ़ी भी नमक छिड़कने का काम कर रही है। मैं जानता हूं, कांग्रेस का पूरा ईकोसिस्टम मुझ पर टूट पड़ेगा कि मोदी फिर से रोना रोने लगा। मेरे लिए तो जनता-जनार्दन ही मेरा भगवान है, और मेरे भगवान के पास जाकर मेरी आत्मा की आवाज नहीं निकलेगी तो और कहां निकलेगी। यही मेरे मालिक हैं, यही मेरे पूजनीय हैं, यही मेरा रिमोट कंट्रोल हैं, और कोई मेरा रिमोट कंट्रोल नहीं है।

### मेक इन असम और...

अभियान है सेमी कंडक्टर मिशन।

उन्होंने कहा कि गुलामी के दौर में असम की उतनी पहचान नहीं थी। अब असम की मिट्टी और लोगों ने असम को ग्लोबल ब्रांड बना दिया है। भारत को आत्मनिर्भर होने के लिए ऊर्जा और सेमीकंडक्टर चाहिए। असम की इसमें बड़ी भूमिका है। आज हर इलेक्ट्रॉनिक चीज की आत्मा छोटी चिप में होती है। यह चिप भारत में ही बनेगी। सेमी कंडक्टर का बड़ा आधार असम को बनाया है। असम में 27 हजार करोड़ से प्रोजेक्ट बन रहा है।

### कांग्रेस के लोग ...

देती थी और आज कांग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बस जाएं और भारत का भविष्य घुसपैठिए तय करें।

### विश्व मुक्केबाजी ...

पोलैंड की मुक्केबाज जूलिया को 4-1 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। बता दें कि विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में किसी भारतीय पुरुष ने पदक नहीं जीता। 12 साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब पुरुष मुक्केबाज बिना पदक लिए लौटे हैं। जदुमणि सिंह को कजाखस्तान के सांजेर ताशकेनबे ने 4-0 से मात दी। जदुमणि की हार के साथ ये कंफर्म हुआ कि भारतीय पुरुष दल खाली हाथ लौटेगा।

### कौन हैं जैस्मिन...

परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। जैस्मिन के परदादा हवा सिंह एक हैवीवेट मुक्केबाज और दो बार एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता थे। उनके दादा कैप्टन चंदर भान जैस्मिन लंबोरिया एक पहलवान थे। जैस्मिन जैस्मिन को कोचिंग उनके चाचा संदीप सिंह और परविंदर सिंह ने दी, वह भी मुक्केबाजी में राष्ट्रीय चैंपियन भी थे।

### राष्ट्रीय खरीफ अभियान पर...

विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के साथ बड़ी संख्या में भाग लें। सम्मेलन के पहले दिन कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जबकि दूसरे दिन राज्यों के कृषि मंत्री और अधिकारी भागीदारी करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों के अधिकारियों से सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग की अपील भी की है। शिवराज सिंह चौहान ने अपने पत्र में उम्मीद जताते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य भी इस सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी करेगा और राज्य के प्रमुख मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर साझा करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि छत्तीसगढ़ इस खरीफ सत्र में लगभग लक्ष्य-पूर्ति के करीब है, बीज-खाद वितरण अच्छी स्थिति में है, लेकिन उपज बढ़ाने, सिंचाई विस्तार, मौसम-अनुकूल खेती और फसल-विविधता जैसे क्षेत्रों में अभी सुधार की गुंजाइश है। आगामी राष्ट्रीय सम्मेलन छत्तीसगढ़ को ये अवसर देगा कि राज्य की चुनौतियों को राष्ट्रीय दृष्टिकोण और संसाधनों के साथ हल किया जाए, नीतियों में स्थानीय आवश्यकताओं को शामिल किया जाए और किसानों की आमदनी व कृषि उत्पादन दोनों में वृद्धि हो।

**सम्मेलन छत्तीसगढ़ के लिए क्यों उपयुक्त रहेगा**

**नीति और संसाधन साझा करना :** इस सम्मेलन में केंद्रीय और राज्य स्तर पर कृषि संबंधी नीतियाँ, तकनीकें और विशेषज्ञ ज्ञान साझा किया जाएगा। इससे छत्तीसगढ़ को यह अवसर मिलेगा कि वो अपनी चुनौतियों – जैसे उपज बढ़ाने, उर्वरक-बाद बीज-ऊर्जा संसाधनों की कमी आदि – के लिए बेहतर समाधान और नवाचार अपने संसाधनों के अनुरूप पा सके।

**वैकल्पिक उर्वरकों और बीज उपलब्धता :** सम्मेलन से मिलने वाली प्रेरणा और अनुभवों का प्रयोग कर राज्य में उर्वरक और बीज आपूर्ति की व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है, विशेषकर उन जिलों में जहाँ पहुँच अभी भी कम है।

**फसल विविधता को बढ़ावा :** धान के अलावा मक्का, दलहन-तिलहन, कोदो-कुटकी आदि फसलों को प्रोत्साहन देना सरकार की प्राथमिकता है। सम्मेलन में अन्य राज्यों के उदाहरण मिलेंगे कि कैसे विविध फसलों से किसानों की आय और मिट्टी की सेहत में सुधार हुआ है। छत्तीसगढ़ में इस तरह के बदलाव की संभावनाएं हैं।

**सिंचाई एवं मौसम-प्रबंधन सुधार की दिशाएँ :** वर्षा में कमी हो रही है और सिंचाई स्रोत सीमित हैं। सम्मेलन में जल प्रबंधन, मौसम पूर्वानुमान, भूजल संरक्षण, वर्षा जल संचयन आदि विषयों पर चर्चा होगी, जो छत्तीसगढ़ जैसी बारिश-आधारित कृषि-अर्थव्यवस्था वाले राज्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

**कृषक नेतृत्व एवं समुदाय की भागीदारी :** राज्य से किसानों, कृषि विशेषज्ञों, विभागीय अधिकारियों की भागीदारी से स्थानीय समस्याएँ मुख्य विषय बनेंगी। इससे नीति निर्माण में "नीचे से ऊपर" कि आवाज़ शामिल होगी, जो लागू करने में सफलता सुनिश्चित करती है।

### टेकऑफ ही नहीं...

फिर भी हवा में नहीं उठ सका। फ्लाइट के कैप्टन ने चतुराई से रनवे के अंतिम छोर से पहले ही विमान को रोक दिया। इस घटना से विमान में मौजूद यात्री घबरा गए। हालांकि, सभी यात्री सुरक्षित रहे. बाद में एयरलाइन ने सभी को दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजा। इससे पहले हाल ही में सूरत से दुबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी के कारण अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डायवर्ट करना पड़ा था। इस विमान में कुल 170 से अधिक यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि यह इमरजेंसी लैंडिंग नहीं थी, बल्कि तकनीकी समस्या के चलते सुरक्षित ऑपरेशन सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया।

### नक्सलियों के चंगुल से मुक्त...

यह वही इलाका है जिसे इसी वर्ष सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराया है। 21 अप्रैल 2025 को शुरू हुए ऑपरेशन के दौरान 21 दिन तक चली कार्रवाई में 31 नक्सली ढेर हुए। सूत्रों के अनुसार सुरक्षाबलों ने 214 बंकरों को ध्वस्त कर दिया और माओवादियों की करीब चार तकनीकी इकाइयों को भी नष्ट कर दिया। यह अभियान अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिना जा रहा है। कर्रेगुट्टा पहाड़ी रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। लगभग 900 मीटर ऊंची इस दुर्गम पहाड़ी में सैकड़ों गुफाएं हैं, जिन्हें नक्सली लंबे समय से अपने कैंप और हथियार बनाने की इकाइयों के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। यही कारण है कि इसे नक्सलियों की "राजधानी" तक कहा जाता था। हाल ही में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यहां चलाए गए ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में शामिल जवानों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पूरे देश ने सुरक्षा बलों के साहस और पराक्रम को सलाम किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट कहा कि,नक्सलियों की झूठी विचारधारा अब दम तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विश्वास, विकास और शांति की नई सुबह की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि मार्च 2026 तक 'नक्सलमुक्त भारत' का संकल्प साकार होगा। दिसंबर 2023 से अब तक नक्सल विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस अवधि में 453 माओवादी मारे गए, 1616 गिरफ्तार किए गए और 1666 ने आत्मसमर्पण किया। राज्य में 65 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं और सड़क, पुल-पुलिया तथा मोबाइल नेटवर्क जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है।

### खून में पहुंचते ही...

भारत में 2030 तक मलेरिया को पूरी तरह खत्म करने के मिशन में मददगार साबित होगा। एडफाल्सीवैक्स भारत का पहला ऐसा टीका है जो सबसे खतरनाक मलेरिया पैरासाइट प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम से बचाव के लिए बनाया गया है। इसे आईसीएमआर के तहत भुवनेश्वर के आरएमआरसी ने बनाया है। ये टीका खास तरीके से काम करता है। ये मलेरिया के पैरासाइट को खून में पहुंचने से पहले ही रोक देता है। एडफाल्सीवैक्स बहुत सस्ती होगी। आईसीएमआर ने एडफाल्सीवैक्स बनाने का लाइसेंस पांच भारतीय कंपनियों को दिया है।

### ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट...

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और जनजातीय मामलों के मंत्रालय में सचिव रह चुकी हैं। उनका कहना है कि यह प्रमाणन वनाधिकार कानून, 2006 के मूल प्रावधानों का उल्लंघन है और संसद द्वारा पारित कानून की गंभीर अवमानना है। सूत्रों ने बताया कि फरवरी, 2025 को जनजातीय कार्य मंत्रालय ने कलकत्ता हाईकोर्ट में एक हलफ़नामा दाखिल कर स्वयं को इस मामले से हटाने का अनुरोध कर दिया, लेकिन 8 सितंबर, 2025 को मंत्रालय ने अचानक अंडमान एवं निकोबार प्रशासन से इस मामले पर विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी। इसमें विशेष रूप से लिटिल और ग्रेट निकोबार द्वीप के जनजातीय परिषद द्वारा उठाए गए मुद्दों और प्रशासन द्वारा कानून की अनदेखी पर जवाब तलब किया गया।कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष और राज्यभर सांसद जयराम रमेश का कहना है कि यह मंत्रालय की दुविधापूर्ण और विरोधाभासी भूमिका को दिखाता है। इस परियोजना को दी गई पर्यावरणीय स्वीकृति को भी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में चुनौती दी गई है। सूत्रों में बताया कि इसके बावजूद अंडमान एवं निकोबार आइलैंड्स इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने परियोजना क्षेत्र में पेड़ों की गणना, कटाई और ढुलाई के लिए इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। जमीन पर परियोजना क्षेत्र का सीमा-चिह्नन भी शुरू हो चुका है।

**पर्यावरण और स्थानीय प्रभाव :** इस परियोजना का सबसे संवेदनशील हिस्सा गैलेथिया खाड़ी है, जिसे पहले ही एक प्रमुख बंदरगाह क्षेत्र घोषित किया जा चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह क्षेत्र न केवल जैवविविधता और दुर्लभ प्रजातियों के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यहाँ की आदिवासी आबादी के जीवन और संस्कृति पर भी गंभीर असर डालेगा। आरोप है कि केंद्र सरकार इस पूरे मुद्दे में वनाधिकार कानून, 2006 और पर्यावरणीय मानकों की खुलेआम अनदेखी कर रही है।

**विपक्ष का आरोप :** जयराम रमेश ने कहा है कि उन्होंने इस मुद्दे पर पहले भी कई बार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री को पत्र लिखकर चेतावनी दी है। लेकिन मोदी सरकार "इकोलॉजिकल डिजास्टर" साबित होने वाली इस परियोजना को किसी भी कीमत पर आगे बढ़ाने पर आमादा है।

# मारा गया 10 लाख का इनामी नक्सली, इंसास राइफल भी बरामद



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बड़ा एनकाउंटर सामने आया है। इस एनकाउंटर में जवानों 10 लाख के इनामी नक्सली और टीएसपीसी सदस्य मुखदेव यादव को मार गिराया है।इसके साथ ही पुलिस ने इनके पास से इंसास राइफल भी बरामद की है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखदेव यादव एक कुख्यात नक्सली था, जिसके ऊपर कई मामले दर्ज हैं। मामला झारखंड के पलामू जिले का है। रविवार सुबह करीब 7 बजे सुरक्षाबलों के जवानों के साथ नक्सलियों की भीषण मुठभेड़ हुई। इस दौरान टीएसपीसी का कुख्यात उग्रवादी मुखदेव यादव मारा गया। पुलिस ने बताया कि उसपर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस एनकाउंटर में मुखदेव यादव का शव पुलिस ने बरामद कर लिया हैं, लेकिन अभी भी तलाशी अभियान चल रहा है।

# फिर सीने पर बैठी बीवी, प्रेमी संग मिलकर की हत्या, गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ महाराजगंज

जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां प्रेमी की खातिर एक महिला ने अपना ही सुहाग उजाड़ दिया। कत्ल का तरीका ऐसा कि सुनकर ही रूह कांप जाए। पत्नी ने पति को मारने में अपने प्रेमी की मदद ली। इसके बाद हत्या को हादसा दर्शाने के लिए दोनों ने शव को सड़क किनारे छोड़ दिया। लेकिन कहते हैं कि अपराधी चाहें जितना शातिर हो, एक न एक दिन पकड़ा जरूरत जाता है। पुलिस ने नागेश्वर हत्याकांड का खुलासा करते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपियों को धर दबोचा। मृतक नागेश्वर की पत्नी नेहा व उसके प्रेमी जितेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है।



# ओ रोमियो का सामने आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला लुक खुद शाहिद ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। शाहिद कपूर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया, जिसमें शाहिद काउबॉय हैट पहने हुए हैं और अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें नाना पाटेकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म 'ओ' रोमियो' 14 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ Style



# कृति
## उड़ती चिड़िया का टैटू गुदवाया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पहले टैटू की कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। कृति के इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने अपना रिएक्शन शेयर दिया है।

कृति सेनन ने आज इंस्टाग्राम पर अपने पहले टैटू की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि वह यह काम कभी नहीं करने वाली थीं, लेकिन उन्होंने अपने बाएं पैर में एक उड़ती हुई चिड़िया का टैटू गुदवाया लिया है। इन सभी शानदार तस्वीरों को कृति ने इंस्टाग्राम पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। कृति ने लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा करूंगी, लेकिन कभी नहीं कहना। बस अभी-अभी टैटू बनवाया है। एक वादा पूरा हुआ। एक अनुस्मारक कि मैं ऊंची उड़ान भर सकती हूं.. सूर्योदय तक।' कृति की इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। 'आगे कृति सेनन ने लिखा, 'उन सभी के लिए जिनकी आंखों में सपने हैं...वह छलांग लगाओ जिससे आप डरते हैं..यह आसान नहीं हो सकता है, लेकिन आपको अपने पंख मिल जाएंगे, आपको अपने लिए मिल जाएगी, आप उड़ना सीख जाएंगे।' आगे कृति ने टैटू मेकर को धन्यवाद भी लिखा। कृति सेनन जल्द ही फिल्म 'तेरे इश्क में' (Tere Ishq Mein) नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल. राय ने किया है। इस फिल्म में दक्षिण सुपरस्टार धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पहली बार एक साथ नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# न्यूयॉर्क फैशन वीक... में लिया हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर चर्चा में हैं। वजह है उनका देसी अंदाज, जिसे वो न्यूयॉर्क फैशन वीक में नहीं भूलीं। उन्होंने सभी को 'नमस्ते' कहकर अभिवादन किया। ये वीडियो खूब वायलर हो रहा है। फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। उनके साथ निक जोनस भी थे। प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस ने ना सिर्फ न्यूयॉर्क फैशन वीक इवेंट में हिस्सा लिया, बल्कि कपल गोल्स भी सेट किए। दोनों इवेंट में हर तरफ छा गए। प्रियंका ने यहां भी अपना 'देसीपन' नहीं छोड़ा।



# मनी हाइस्ट से पॉपुलर हुआ बेला चाओ सॉन्ग

**लॉस एंजिल्स।** चार्ली किर्क की हत्या के मामले में अन्य गोली भी मिली, जो इस्तेमाल नहीं हुई, इस पर ही सॉन्ग 'बेला चाओ' लिखा था, यह इटेलियन सॉन्ग विरोध करने के लिए इस्तेमाल होता है। दमन करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कई वर्षों से इस गाने का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताते चलें कि 'बेला चाओ' 19वीं सदी का पॉपुलर इटेलियन सॉन्ग है। साल 2017 में सीरीज 'मनी हाइस्ट' में भी इस गाने को इस्तेमाल किया गया है। एक बैंक से रुपए चोरी करने की कहानी इसमें दिखाई गई थी। लेकिन, इस पैसे का इस्तेमाल चोर, अच्छे कामों के लिए करते हैं। मनी हाइस्ट के अलावा गाना बेला चाओ एक वीडियो गेम फर्स्ट पर्सन शूटर गेम फॉर क्राई 6' में भी सुनने को मिला था। 19वीं सदी में इटली में मजूदरों ने यह गीत सत्ता के विरोध में गाया था।



# लव सोनिया ने की बदलाव की शुरुआत

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया हैंडल पर 2018 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'लव सोनिया' के सात साल पूरे होने का जश्न मनाया। मृणाल ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ मृणाल ने एक खास नोट भी लिखा है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म के बारे में लिखा, ' फिल्म 'लव सोनिया' सिर्फ एक फिल्म नहीं थी। इसने बदलाव की शुरुआत की, एनजीओ को प्रेरित किया और जिंदगियां बचाईं। आज भी लोग इसे देखकर मेरी मदद के लिए आगे आते हैं और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। सोनिया ने मुझे हिम्मत, आवाज और सिनेमा में एक परिवार दिया। इस सफर को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। मैं ऐसी और कहानियां सुनाने की कोशिश करती रहूंगी, जो प्रेरित करें और बदलाव लाएं।'



# तू मेरी मैं तेरा में कार्तिक अनन्या की जोड़ी

**मुंबई।** इस साल का आखिरी दिन मूवी लवर्स के लिए खास रहने वाला है। वजह है कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा...', जिसकी रिलीज डेट अब प्रीपोन हो गई है। जहां पहले फिल्म 13 फरवरी 2026 यानी वेलेंटाइन डे पर आने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 31 दिसंबर को रिलीज करने का फैसला किया है। यानी इस फिल्म को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा। । कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी इससे पहले फिल्म 'पति पत्नी और वो'में नजर आई थी। उस वक्त भी दर्शकों ने इस फ्रेश पेयरिंग को खूब पसंद किया था। अब यह दोनों फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। कार्तिक और अनन्या ने फैंस के साथ पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी।

## टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो : सीजन के आखिरी एपिसोड में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने इस सीजन के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा होस्टेड इस टॉक शो के पिछले दो सीजन में 13-13 एपिसोड रहे थे, लेकिन तीसरे सीजन में मेकर्स ने 14 एपिसोड रखे हैं और आखिरी एपिसोड अगले शनिवार को नेटफ्लिक्स पर रात 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। आखिरी एपिसोड में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार बतौर मेहमान नजर आएंगे और सामने जज की कुर्सी पर विराजमान होंगे नवजोत सिंह सिद्धू। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के आखिरी एपिसोड में जमकर मौज-मस्ती होने वाली है और मेकर्स एक बड़ा ट्विस्ट लेकर आने वाले हैं जो इस सीजन को बाय-बाय कहना और भी मुश्किल बना देगा। अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को प्रमोट करने के लिए शो पर पहुंचेंगे। कपिल और अक्षय की जोड़ी काफी फनी है और हर बार की तरह इस सीजन में भी अक्षय कुमार जब स्टेज पर होंगे तो वही होस्ट की पोजिशन संभालेंगे। इतना ही नहीं सीजन के आखिरी एपिसोड में होस्ट अक्षय होंगे और मेहमान सभी कॉमेडियन्स। यानि अक्षय कुमार कृष्णा अभिषेक, किकू शारदा और सुनील ग्रोवर के साथ कई सारे गेम्स खेलेंगे और खूब सारे सवाल भी पूछेंगे। कॉमेडियन्स के लिए जहां यह थोड़ा मुश्किल होने वाला है, वहीं दर्शकों को लिए इस एपिसोड में ढेर सारा फन होगा।

## अभिषेक-शहबाज में हुआ झगड़ा, हाथापाई तक पहुंची बात

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 में बीती रात दो खिलाड़ियों ने गुस्से में हद पार कर दी। अभिषेक बजाज और शहबाज बदेशा के बीच हाथापाई हो गई। शो के इस सीजन का यह अभी तक का सबसे बड़ा झगड़ा है जिस पर माना जा रहा है कि बिग बॉस कुछ सख्त एक्शन लेंगे। किचन में अमाल मलिक और कुनिका के बीच बहस से शुरू हुआ यह मुद्दा देखते ही देखते इतना तूल पकड़ गया कि इसमें अभिषेक और



शहबाज भी शामिल हो गए और फिर बात हाथापाई तक पहुंच गई। अभिषेक बजाज और अमाल मलिक बीती रात कुनिका के साथ बहस कर रहे थे, जिसमें सीनियर एक्ट्रेस ने कहा- रिस्पेक्ट मत करो अगर दिल में ना हो। इस पर अभिषेक ने जवाब दिया कि रिस्पेक्ट कमानी होती है। जहां अमाल मलिक को अभिषेक बजाज सपोर्ट कर रहे थे, वहीं कुनिका का बचाव करने के लिए शहबाज बदेशा आगे आ गए। शहबाज ने कहा कि दिन में तुम हलवा मांगते हो उनसे खाने को और अब ऐसी बातें।

# बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगे अक्षय और परेश
## 19 सितंबर को इन तीन फिल्मों का होगा क्लैश





**मुंबई।** 19 सितंबर को बॉक्स ऑफिस पर तीन बॉलीवुड फिल्मों का क्लैश देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3, परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी और अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची का नाम शामिल है। इस बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर परेश रावल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सब अपने ही लोग हैं।

***क्लैश को लेकर क्या बोले परेश रावल :*** परेश रावल ने क्लैश को लेकर बात करते हुए कहा, 'सब हमारे ही लोग हैं, सबकी पिक्चर चले।' परेश रावल की बात करें तो वो अक्षय कुमार के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। वो हेरा फेरी 3 में भी अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ नजर आएंगे। वहीं, परेश रावल अनुराग कश्यप द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म नो स्मोकिंग में भी अहम किरदार निभा चुके हैं।

***अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी :*** परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी की बात करें तो ये फिल्म रविंद्र गौतम ने डायरेक्ट की है। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म में परेश रावल महंत अवैद्यनाथ का किरदार निभाएंगे।

***जॉली एलअलबी 3 :*** जॉली एलएलबी 3 की बात करें तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म को सुभाष कपूर ने डायरेक्ट किया है।

***निशानची :*** निशानची की बात करें तो ये फिल्म अनुराग कश्यप में डायरेक्ट की है। यह फिल्म दो जुड़वा भाइयों की कहानी होगी। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे डबल रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म ऐश्वर्य की डेब्यू फिल्म होगी।

# 15 साल के जोनस कोनर की गायकी के कायल हुए सलमान



*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' से तो चर्चा में हैं ही। हाल ही में वो अपनी सोशल मीडिया पोस्ट से नेटिजंस का ध्यान खींच रहे हैं। इस पोस्ट में उन्होंने 15 साल के गायक जोनस कोनर को एक खूबसूरत अंदाज में बधाई दी है। साथ ही उन्होंने जोनस के कुछ गानों का भी जिक्र किया और उन्हें लोगों से प्रोस्ताहित करने के लिए कहा है। सलमान ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर जोनस कोनर की तस्वीर साझा की है। इस पोस्ट में उन्होंने जोनस के तीन गानों का भी जिक्र किया है। अभिनेता ने ट्वीट में लिखा, 'मैंने कभी किसी 15 साल के बच्चे को अपने दर्द को इतनी खूबसूरत तरीके से बयां करते नहीं देखा। भगवान तुम्हारा भला करे जोनस कोनर। बार-बार सुन रहा हूं, फादर इन ए बाइबल, पीस विथ पेन, ओह अप्पालाचिया। आगे उन्होंने कहा,ऐसे बच्चों को ना सपोर्ट किया तो फिर क्या किया। भाइयों और बहनो ये अंग्रेजी में हैं, यहां पर भी ऐसे बहुत हैं। उन्हें प्रोत्साहित करो शोषण नहीं। सलमान खान बैटल ऑफ गलवां फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चकुी है। आपको बताते चलें कि यह फिल्म साल 2020 में भारत-चीन सरहद पर हुई झड़प पर आधारित होगी। इस झड़प में भारत के 20 सिपाही शहीद हो गए थे।*

## कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर फिल्मों का शुरू किया नया दौर

# नागिन से लेकर हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर रहे राजकुमार कोहली

*नई दिल्ली। राजकुमार कोहली हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्माता-निर्देशक थे, जिन्होंने 1970 और 80 के दशक में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। उनकी फिल्में जैसे नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग और नौकर बीवी का ने उन्हें बहुत प्रसिद्धि दिलाई। राजकुमार कोहली ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का नया दौर शुरू किया। सेट पर उनके किस्से उनकी मेहनत और जुनून को दर्शाते हैं। वे बॉलीवुड के एक ऐसे सितारे थे, जिनकी चमक आज भी फिल्म प्रेमियों के दिलों में बरकरार है।*



### पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की

राजकुमार कोहली का जन्म लाहौर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता भी फिल्म निर्माता थे, जिससे उन्हें बचपन से ही फिल्मों का शौक था। उन्होंने पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की। निशि के साथ उनकी मुलाकात 1963 में फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर हुई थी, जहां दोनों का प्यार परवान चढ़ा। उनके दो बेटे हैं - अरमान कोहली, जो एक अभिनेता हैं और रियलिटी शो बिग बॉस में नजर आए, और रजनीश कोहली।

### निशि के साथ रोमांस

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर राजकुमार और निशि की लव स्टोरी शुरू हुई। सेट पर निशि की सादगी और मेहनत ने राजकुमार को प्रभावित किया। दोनों की जोड़ी सेट पर चर्चा का विषय बन गई थी। राजकुमार कोहली सेट पर बहुत अनुशासित थे, लेकिन अपने कलाकारों और क्रू के साथ दोस्ताना व्यवहार रखते थे। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बार कहा था कि कोहली सेट पर सख्ती से काम करवाते थे, लेकिन शूटिंग के बाद सबके साथ चाय पीते और मजेदार कहानियां सुनाते थे।

### निर्देशन में बनी फिल्में

राजकुमार कोहली एक मशहूर भारतीय फिल्म निर्देशक और निर्माता थे, जिन्होंने बॉलीवुड को कई यादगार फिल्में दीं। उन्होंने 1960 के दशक से फिल्म निर्माण शुरू किया और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों के लिए जाने गए। उनकी कुछ प्रमुख फिल्में हैं। इस लिस्ट में दुल्ला भट्टी, लुटेरा, नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग, नौकर बीवी का, राज तिलक, बीस साल बाद और उनकी आखिरी फिल्म जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी शामिल है।

***निधन :*** *राजकुमार कोहली का 93 साल की उम्र में निधन हो गया था। 24 नवंबर 2023 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ था। राजकुमार कोहली की प्रेयर मीट में कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल हुए थे।*

### सपनी से की कॅरियर की शुरुआत

राजकुमार कोहली ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1963 में फिल्म 'सपनी' से की थी। उनकी पहली बड़ी सफलता 1966 में दुल्ला भट्टी और 1970 में लुटेरा से मिली। लेकिन, असली पहचान उन्हें 1976 में फिल्म 'नागिन' से मिली, जो उस समय की सुपरहिट फिल्म थी। उन्होंने बॉलीवुड में मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का चलन शुरू किया। उनकी फिल्मों में सुनील दत्त, धर्मेंद्र, जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय और रेखा जैसे बड़े सितारे शामिल थे। उनकी आखिरी फिल्म 2002 में 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' थी, जिसमें अक्षय कुमार, अरमान कोहली और सुनील शेट्टी जैसे सितारे थे।

### नागिन फिल्म का जादू

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन की शूटिंग के दौरान सांपों को लेकर सेट पर काफी डर का माहौल था। अभिनेत्री रीना रॉय ने एक इंटरव्यू में बताया था कि असली सांपों के साथ शूट करना आसान नहीं था, लेकिन राजकुमार कोहली ने सबको हिम्मत दी और सीन को बेहद खास बनाया। उनकी हॉरर फिल्मों में तकनीक का कमाल और कहानी का रोमांच दर्शकों को खूब पसंद आया।

### मल्टी-स्टारर का मैनेजमेंट

राजकुमार कोहली मल्टी-स्टारर फिल्में बनाने में माहिर थे। सेट पर कई बड़े सितारों को एक साथ संभालना आसान नहीं होता था, लेकिन वे अपनी हंसी-मजाक और दोस्ताना व्यवहार से माहौल को हल्का रखते थे।

### ओबीसी आरक्षण पर दो घंटे तक बैठक

# वकीलों ने कहा कि 13 फीसदी होल्ड पद अनहोल्ड क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को लेकर भोपाल में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह की मौजूदगी में बुलाई गई बैठक में 13 प्रतिशत पदों को होल्ड किए जाने का मामला सबसे अधिक उठा। इस मामले में महाधिवक्ता ओबीसी महासभा और 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे याचिकाकर्ताओं के वकीलों को संतुष्ट नहीं कर सके। महाधिवक्ता ने कहा कि ऐसा होने पर दूसरे पक्ष के लोग कोर्ट चले जाएंगे और पूरा मामला फिर लटक जाएगा। हालांकि, पूरी बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ है। सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए तैयार है। राजधानी के एक होटल में शनिवार को ओबीसी आरक्षण को लेकर बुलाई गई बैठक दो घंटे तक चली जिसमें सुप्रीम कोर्ट के वकील वरुण ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर समेत ओबीसी वर्ग के अन्य अधिवक्ताओं, ओबीसी महासभा और ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिलाने की लड़ाई लड़ रहे संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के बाद सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने कहा कि सरकार यह कह रही है कि हम 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन पीएससी की परीक्षा के जरिए होने वाली भर्ती में वर्ष 2019 से जो 13 प्रतिशत पद होल्ड किए जा रहे हैं, उन पदों को अनहोल्ड नहीं किया जा रहा है जबकि सुप्रीम कोर्ट भी साफ कर चुका है कि आपको हमारे पास आने की जरूरत नहीं है। ठाकुर ने कहा कि हाल में ही पीएससी के रिजल्ट आए हैं, उसमें भी 13 प्रतिशत पद होल्ड रखे गए हैं जबकि सरकार 23 सितंबर से सुप्रीम कोर्ट में इसको लेकर लगातार होने वाली सुनवाई में सभी वर्गों को साथ लेने के लिए बैठक बुला रही है। इसको लेकर सीएम निवास और दिल्ली में दो दौर की बैठक हो चुकी है और यह तीसरी बैठक थी जिसमें कोई सार्थक जवाब नहीं आया है।

## महाधिवक्ता प्रशांत सिंह की मौजूदगी में बुलाई गई बैठक | अनहोल्ड किए जाने पर सभी वकीलों से मांगे सुझाव



### 13 प्रतिशत पद अनहोल्ड करने मांगा सुझाव

बैठक में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने 13 प्रतिशत पद अनहोल्ड किए जाने को लेकर सभी अधिवक्ताओं से लिखित में सुझाव मांगे हैं, ताकि बाकी लोग कोर्ट न जा सकें और कोर्ट जाएं तो सरकार उस पर अपना पक्ष मजबूती से रख सके। इसके आधार पर वे मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा। अधिवक्ताओं ने कहा है कि 52 प्रतिशत ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए वे जल्दी ही महाधिवक्ता को ड्राफ्ट बनाकर सुझाव भी देंगे। संभव है इसको लेकर अभी एक और मीटिंग महाधिवक्ता बुलाएंगे।

### महाधिवक्ता ने सबको साधने का दिया है आश्वासन

बैठक में शामिल अधिवक्ताओं ने बताया कि सबकी बात सुनने के बाद महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा है कि सरकार सही फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि इस बात के लिए सभी सहमति दें कि सुप्रीम कोर्ट में सभी सरकार के साथ ओबीसी आरक्षण पर पक्ष रखेंगे क्योंकि सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण देना चाहती है। इसके लिए बैठक में शामिल अधिवक्ताओं और प्रतिनिधियों से हाथ उठवाकर सहमति ली गई।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने दिए पुलिस को कार्रवाई के निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में जहां कहीं भी भ्रमण पर जाते हैं नागरिकों की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान देते हैं। पिछले दिनों रतलाम जिले के सैलाना तहसील के करिया गांव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के भ्रमण के दौरान स्थानीय निवासी पूनमचंद बामनिया ने बताया कि फायनेंस कम्पनी के माध्यम से खरीदे गए वाहन में उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने आवेदक की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए ऑन स्पाट फैसला लिया और पुलिस अधिकारियों को संबंधित के विरूद्ध धारा 420 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आवेदक पूनमचंद्र को गले लगा कर ढांढ़स बंधाया कि उनके साथ इंसाफ होगा। रतलाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित थाने से डायरी बुलवाई। जांच में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित टीआई को कारण बताओं नोटिस जारी कर जांच शुरू कर दी गई है।

### भाजपा ने प्रदेश को बनाया नशे का गढ़: नायक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार के पीछे भाजपा नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, जो कभी अपनी सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत के लिए जाना जाता था, अब भाजपा शासनकाल में नशे की तस्करी और खपत का गढ़ बन चुका है। उन्होंने शनिवार को पीसीसी में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से आगर-मालवा जिले में हुई हालिया घटना का विस्तृत ब्यौरा देते हुए कहा कि शुक्रवार को मध्यप्रदेश पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में भाजपा तनोडिया मंडल उपाध्यक्ष और ग्राम पंचायत थड़ौदा के सरपंच प्रतिनिधि राहुल आंजना की कार (एमपी-13-सीई-6055) और एक इग्निस कार (एमपी-13-सीडी-4006) से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए। इसमें 9.250 किलोग्राम कैटामाइन, 6 ग्राम एमडी ड्रग्स, 12.100 किग्रा अमोनियम क्लोराइड पाउडर और 35 लीटर आइसोप्रोपाइल अल्कोहल शामिल है।

### रोहतक में सैनी शिक्षण संस्था के 75वें स्थापना वर्ष पर कार्यक्रम में पहुंचे सीएम, बोले

# शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाएंगे सरकार का युवाओं के रोजगार पर फोकस

**2047 तक विकसित राष्ट्र के विजन को पूरा करने के लिए शिक्षा व्यवस्था की गई सुदृढ़**

- साढ़े दस वर्षों में बिना पर्ची-बिना खर्ची एक लाख 80 हजार युवाओं को मेरिट पर दिया गया रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को रोहतक में सैनी शिक्षण संस्था के 75वें स्थापना वर्ष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। प्रदेश सरकार हरियाणा को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का युवाओं को रोजगार देने पर फोकस है, इसी को देखते हुए प्रदेश में नई 10 आईएमटी स्थापित की जाएंगी, जिन से प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार द्वारा गत साढ़े दस वर्ष के दौरान बिना पर्ची-बिना खर्ची के एक लाख 80 हजार युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी रोजगार दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनी शिक्षण संस्था ने समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के गौरवपूर्ण 75 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। गत 10 मई 1941 को इसी शहर की एक चौपाल में सैनी प्राइमरी स्कूल से शुरू हुई संस्था महात्मा ज्योतिबा फुले के कर्म ही पूजा है के संदेश पर चलते हुए 75 वर्षों बाद, आज यह सोसायटी एक वट वृक्ष बन चुकी है। उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से संस्था के लिए 51 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की तथा सैनी शिक्षण संस्था द्वारा रखी गई सभी चार मांगों को यथासंभव पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शिक्षण संस्था को 21 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।



रोहतक। स्कूल के नए भवन का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नायब सैनी



रोहतक। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

### शिक्षा सदन का लोकार्पण नए भवन का शिलान्यास

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा सदन का लोकार्पण तथा सैनी पब्लिक स्कूल के नए भवन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले सैनी समाज के रत्न है। उन्होंने महिला शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया तथा कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, विधवा विवाह, वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर आवाज बुलंद की। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जैसे महापुरुषों द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलते हुए सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना से कार्य कर रही है। महात्मा ज्योतिबा फुले ने कहा था कि शिक्षा ही व्यक्ति और समाज का उत्थान कर सकती है। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर पुणे में भारत का पहला लड़कियों का स्कूल खोला।

### सभी जिलों में अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य के सभी 22 जिलों में अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित की हैं तथा 5 हजार से अधिक स्कूलों को वाई-फाई कनेक्टिविटी दी गई है। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को 5 लाख टैबलेट, लगभग 40 हजार कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड तथा 1,201 आई.सी.टी. लैब स्थापित की हैं। प्रदेश में बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए पहली से कक्षा तीन तक फंक्शनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी कार्यक्रम की शुरुआत की है। हरियाणा में स्कूलों में ही नेशनल स्किल्ज क्वालीफिकेशंज फ्रेमवर्क के माध्यम से बच्चों को विभिन्न कौशलों में निपुण बनाने की व्यवस्था की है। अब तक 1,001 स्कूलों में यह व्यवस्था की जा चुकी है। राज्य में 1,420 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बनाए गए हैं। प्रदेश में 218 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थापित किये हैं। योजना के तहत प्रदेश में 250 पी.एम. श्री विद्यालय खोले गए हैं।

#### पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण

शिक्षा से पिछड़े वर्ग के लोगों को सशक्त बनाया जा सकता है। इसलिए शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। सरकार ने पिछड़े वर्गों के 3 लाख रुपये तक सालाना आय वाले परिवारों के बच्चों को देश में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण सुविधा 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर दी जाती है।

#### कम आय है तो 12 वीं तक फीस माफ

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों की 12 वीं कक्षा तक फीस माफ की गई है तथा ऐसे परिवारों की बेटियों की कॉलेज व विश्वविद्यालय की फीस भी माफ की गई है। सरकार द्वारा गरीब परिवारों के 2650 बच्चों का मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिला करवाया गया है।

#### 35 हजार छात्रों को निशुल्क बस सेवा

निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना के तहत पहली से 12वीं कक्षा तक प्रदेश में 35 हजार विद्यार्थियों को निशुल्क परिवहन सुविधा तथा छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना के तहत 9वीं से 12वीं कक्षा की 6506 छात्राओं को निशुल्क यातायात सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने संस्था के मेधावी विद्यार्थियों तथा दानवीर व्यक्तियों को सम्मानित किया।

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं दोनों भाई

## फर्जीवाड़े मामले में दो भाइयों को यूपी पुलिस ने उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



जिले के छावनी थाना क्षेत्र के दो सगे भाई ऑनलाइन जॉब के झांसे में आकर फर्जीवाड़े में फंस गए और खुद भी कई लोगों को ठगी का शिकार बना डाला। यूपी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आंबेडकर नगर जिले के राजे सुल्तानपुर ले गई है, जहां उनके खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। छावनी थाना क्षेत्र के दोनों भाइयों ने ऑनलाइन जॉब का झांसे में आकर फर्जीवाड़े का शिकार हो गए। दोनों भाइयों ने मिलकर कई लोगों को ठगी के वारदात को अंजाम दिया है।

यूपी पुलिस ने दोनों भाई अंडे का ठेला लगाते थे, जहां से 11 सितंबर की रात को दोनों को हिरासत लेकर अपने साथ लेकर गई। यूपी पुलिस ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं थी। शहर में दोनों भाइयों का अपरहण की अफवाह उड़ गया। पुलिस ने आनन फानन में अपहरण का मामला दर्ज का पतासाजी में जुट गई थी, लेकिन शाम को स्थानीय पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों भाइयों का अपहरण नहीं हुआ है। जबकि यूपी पुलिस धोखाधड़ी के मामले में उत्तरप्रदेश जिला आंबेडकर नगर राजे सुलतानपुर लेकर गई है जहां कंपनी खिलाफ अपराध दर्ज है। जानकारी के अनुसार पिछले 5 महीने से एक भाई बी फॉर एफ माइक्रो फाइनेंस कंपनी से जुड़े हुए थे। और यूपी में कंपनी के खिलाफ दो मामला दर्ज है। इस मामले में दोनों भाई शुभम शाह और विष्णु शाह को गिरफ्तार कर ले गई है। विष्णु शाह को फर्जी कंपनी ने छग का एचआर हेड बनाया था जिसके बाद विष्णु मोबाइल के माध्यम से जॉब के लिए इंटरव्यू लेना और रिपोर्ट बनकर कंपनी को भेजने का काम करता था जबकि पैसे का लेन देन उसके पास नहीं था। अरेबियन कंपनी लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करती थी। इसी मामले में यूपी पुलिस विष्णु शाह को गिरफ्तार करने पहुंची थी जिसका विरोध उसका छोटा भाई शुभम शाह ने किया तो उसे भी पकड़कर अपने साथ ले गई। विष्णु शाह बीई और शुभम शाह पॉलिटेक्निक से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है।

## आरक्षक की पत्नी ने फांसी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर



छत्तीसगढ़ के बलरामपुर पुलिस लाइन कॉलोनी में आरक्षक संजीव भगत की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीमारी से जूझ रही 33 वर्षीय शालेन भगत ने यह कदम उठाया, जिससे पुलिस परिवार और परिजन सदमे में हैं।

देर रात अपनी मासूम बच्ची के साथ कमरे में सोने गईं शालेन सुबह फंदे में झूलती मिली। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात शालेन भगत ने भोजन के बाद अपनी डेढ़ वर्षीय बच्ची को लेकर अलग कमरे में सोने चली गईं। बच्ची को सर्दी-खांसी थी, इसलिए बिना पंखा चलाए वह बच्ची के साथ सो रही थीं ताकि पति को तकलीफ न हो। आरक्षक संजीव भगत दूसरे कमरे में सोए थे। तड़के लगभग 3:30 बजे बच्ची के रोने की आवाज सुनकर संजीव जब कमरे में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शालेन फंदे से लटकी हुई हैं। यह देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि शालेन भगत पिछले कुछ समय से महिलाओं संबंधी बीमारी से परेशान थी और इलाज के लिए रविवार से छुट्टी भी ली थी। इलाज के लिए उन्हें उसी दिन बाहर जाना था, लेकिन इससे पहले ही यह दुखद घटना हो गई।

## समाज को अनुशासित करने में संत, मुनियों और महात्माओं की महती भूमिका: डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने इंदौर में जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के अधिवेशन में की सहभागिता

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि समाज को अनुशासित रखने में संत, महात्माओं और मुनियों की महती भूमिका रही है। धर्म गुरुओं के संदेश, उपदेशों से भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण है। डॉ यादव शनिवार को इंदौर में आयोजित जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के 14 वें अधिवेशन एवं श्रीसंघ मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रदेश में 'सेवा पखवाड़ा अभियान' शुरू किया जा रहा है। अभियान सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने सभी से अभियान में सहभागिता का आहवान किया। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में उद्योग विकास, निवेश और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। गौमाताओं, गौशालाओं का संरक्षण, दुग्ध संघ के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में बेहतर कार्य हुए हैं। इन सब प्रयासों से प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है।



### मास्टर माइंड नाबालिग समेत तीन पकड़ाए

## 10 लाख की सनसनीखेज लूट का सात दिनों में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



जिले की नैला चौकी पुलिस ने महज सात दिन में ही 10 लाख की सनसनीखेज लूट का पर्दाफाश कर दिया है। इस बड़ी सफलता में पुलिस ने मास्टरमाइंड नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई पूरी रकम 10 लाख 44 हजार रुपए नगद बरामद कर ली है।

साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और हथियार भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने बताया कि 6 सितंबर की रात व्यापारी अरुण कुमार अग्रवाल अपने दुकान से स्कूटी पर रकम लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान नकाबपोश दो बदमाशों ने चाकू की नोक पर उनसे भरा हुआ बैग लूट लिया और फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस को शक हुआ कि व्यापारी की दुकान में काम करने वाला 17 वर्षीय नाबालिग बालक घटना से पहले लगातार मोबाइल पर बात कर रहा था। पूछताछ में उसने कबूल किया कि लूट की साजिश करीब 17 दिन पहले रची गई थी। घटना वाले दिन उसने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपने साथी नितेश पंडित को 'थम' का इशारा भेजा, जिसका मतलब था कि व्यापारी अकेले दुकान से निकल रहा है। इसके बाद नितेश और मुकेश सूर्यवंशी ने मिलकर लूट को अंजाम दिया। तीसरा साथी सड़क किनारे स्कूटी लेकर खड़ा था, जिससे आरोपी फरार हो गए और पैसे को जमीन में गाड़कर छिपा दिया। पुलिस ने नाबालिग की निशानदेही पर रकम बरामद की।

### पीएम मित्रा पार्क से मध्यप्रदेश बनेगा देश की कॉटन कैपिटल

# वैश्विक बाजार से सीधे जुड़ेंगे मप्र के कपास उत्पादक किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैविक कपास उत्पादन में मप्र देश के अग्रणी राज्यों में है। देश में जितना जैविक कपास उत्पादन होता है, उसमें मप्र का योगदान लगभग 40 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार जिले में प्रथम पीएम मित्रा पार्क के शिलान्यास से मप्र देश की कॉटन कैपिटल बन जाएगा। कपास उत्पादक किसानों का सीधा संपर्क अंतर्राष्ट्रीय बाजार से हो जाएगा। पीएम मित्रा पार्क किसानों की मेहनत को वैश्विक पहचान दिलाने वाला एतिहासिक क्षण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे प्रदेश के औद्योगिक भविष्य की आधारशिला और किसानों के लिए नई संभावनाओं का द्वार बताया। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि से किसानों की उपज खेतों से सीधे वैश्विक बाजार तक पहुंच जाएगी। इसमें मप्र की कपास उत्पादक धरती सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस पार्क से कपास उत्पादक किसानों की समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री का मानना है कि पीएम मित्रा पार्क किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं का जीवन बदलने वाली औदयोगिक परियोजना है। कपास उत्पादक किसान अब सीधे कपास आधारित उद्योगों से जुड़ जाएंगे, जिससे मप्र का कपास केवल फसल न रहकर प्रदेश की औद्योगिक पहचान बनेगा।

## किसानों की मेहनत को पहचान दिलाने वाला क्षण होगा

#### कपास उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल



मप्र कपास उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रदेश के मालवा अंचल के जिलों में सबसे ज्यादा कपास उत्पादन होता है। इनमें प्रमुख रूप से इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगौन, बड़वानी, खण्डवा और बुरहानपुर शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में कपास उत्पादन की स्थिति अच्छी रही है। वर्ष 2022-23 में 8.78 लाख मीट्रिक टन, 2023-24 में 6.30 लाख मीट्रकि टन और 2024-25 में 5.60 लाख मीट्रकि टन कपास उत्पादन हुआ। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों में भी कपास की अच्छी फसल ली जाती है। देश में ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन में मप्र प्रसिद्धि पा चुका है। यही वजह है कि वस्त्र उद्योग के लिए मप्र सबसे उपयुक्त राज्य साबित हुआ है। इसी पृष्ठभूमि के आधार पर धार को पीएम मित्रा पार्क की स्थापना के लिए चुना गया है।

#### सर्व-सुविधायुक्त होगा पीएम मित्रा पार्क

करीब 2,158 एकड़ में विकसित हो रहा पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमवीए का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं।

#### निवेशकों ने जताया भरोसा

निवेशकों ने भी भरोसा जताते हुए पीएम मित्रा पार्क में अब तक 27 हजार 109 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। यह निवेश उद्योगों की स्थापना के साथ स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेगा। वस्त्र क्षेत्र के बड़े संगठनों और उद्योग समूहों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। इससे न केवल प्रदेश को औद्योगिक लाभ मिलेगा, बल्कि निर्यात भी बढ़ेगा। धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे। जल्दी ही मध्यप्रदेश की पहचान अब टेक्सटाइल हब के रूप में होने लगेगी।

#### प्रधानमंत्री के विजन पर केंद्रित है पार्क की थीम

प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के अनुरूप यह पार्क फार्म से फाइबर, फैक्ट्री से फैशन और विदेश की संपूर्ण वैल्यू चैन बनाएगा। किसानों से प्राप्त कच्चा कपास उद्योगों में धागा बनेगा, वहीं से वस्त्र और परिधान तैयार होंगे और यही उत्पाद विदेशों तक जाएंगे। इस तरह पूरी वैल्यू चैन एक ही स्थान पर पूरी होगी। यही इस पार्क की विशिष्टता होगी और अन्य पार्कों में आदर्श बनाएगी।

#### लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे

पीएम मित्रा पार्क से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे। कपास आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा। यह अवसर केवल रोजगार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव तक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा और स्थानीय बाजारों से लेकर निर्यात तक नई संभावनाएं पैदा करेगा।

## चिंतन

# अपने बयानों से बार-बार फजीहत करवा रहे ट्रंप

दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कब क्या कह दें, कब क्या कर दें, कोई समझ ही नहीं सकता। अपने बेतुके बयानों और फैसलों से अपनी तो फजीहत करा ही रहे हैं, दुनियाभर को भी उलझन में डाले हुए हैं। उनके जो मन में आए, वह करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन यदि वे यह समझ रहे हैं कि भारत, रूस, चीन समेत दुनिया के अन्य देश उनकी दादागीरी के आगे झुक जाएंगे तो इसकी संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। क्योंकि भारत समेत अनेक देशों ने उन्हें जवाब देना शुरू कर दिया है। उनका अहंकार सिर चढ़कर बोल रहा है। यह भी दिख रहा है कि वे कुंठा से ग्रस्त होकर विवेक खो रहे हैं। दुनिया को भी एक कुंठित-अहंकारी अमेरिकी राष्ट्रपति के अहं को तुष्ट करने के बजाय उसका सामना साहस और संयम से करने के लिए कमर कस लेनी चाहिए। ट्रंप दुनियाभर के देशों को रूस से व्यापार न करने की धमकी दे रहे हैं। इसी कारण भारत पर अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, लेकिन यूरोपीय संघ का वर्ष 2024 में रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय कारोबार था। यह भारत के रूस से कुल कारोबार से ज्यादा रहा है। यूरोप और रूस में अभी भी उर्वरक, खनन उत्पादों, रसायन, लोहा व इस्पात आदि का कारोबार हो रहा है। जहां तक अमेरिका की बात है तो वह अभी भी रूस से यूरेनियम की खरीद कर रहा है। अपने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए रूस से पैलेडियम खरीद रहा है। ट्रंप इस पर कभी बात नहीं करते। अब उन्होंने एक बार फिर टैरिफ का राग छेड़ा है। ट्रंप ने शनिवार को कहा कि नाटो देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें। साथ ही चीन पर रूस से तेल खरीद के लिए 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया जाए। ऐसा होने पर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने का रास्ता बन सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में नाटो देशों और चीन की बात की लेकिन भारत का नाम नहीं लिया। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट में लिखा, 'नाटो की जीत के लिए प्रतिबद्धता अब तक 100 फीसदी से काफी कम रही है। कुछ देशों की रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। इससे रूस के साथ आपकी समझौते की पोजीशन और बार्गेनिंग पावर कमजोर होती है। मैं प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, जब नाटो देश तेल खरीद रोकने के लिए तैयार हों तो बताएं'। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के अनुसार, 2023 से नाटो सदस्य तुर्की, चीन और भारत के बाद रूसी तेल का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा है। रूसी तेल खरीदने में शामिल 32 देशों के गठबंधन के अन्य सदस्यों में हंगरी और स्लोवाकिया भी शामिल हैं। इन देशों की ओर से ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने भारत पर चुप्पी साधते हुए चीन पर भारी टैरिफ 100 फीसदी तक का प्रस्ताव दिया है। ये वही ट्रंप हैं, जो कुछ दिनों पहले तक चीन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त टैरिफ लगाने से इनकार कर रहे थे। असल में रूस-युक्रेन युद्ध रुकवाने में अब तक असफलता और टैरिफ लगाने के बाद भारत को न झुका पाने के कारण ट्रंप हताश हो रहे हैं। उन्हें लगता था कि वे धमकी देकर किसी को भी झुका सकते हैं, लेकिन भारत ने उनके दबाव को मानने से साफ इनकार कर दिया। एससीओ समिट ने ट्रंप के जख्म पर नमक डालने का काम किया। जहां भारत, रूस और चीन के मधुर होते संबंधों ने उन्हें तनाव में ला दिया है। वे कभी भारत को निशाने पर ले रहे हैं तो कभी चीन को। अगर ट्रंप युद्ध रुकवाना चाहते हैं तो उन्हें टैरिफ की बजाए कूटनीति पर भरोसा करना होगा। जो न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया के लिए अच्छा होगा।



नवाचार
राव इंद्रजीत सिंह

# डिजिटल क्रांति से आर्थिक बदलाव

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं, एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं।

पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतःक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी, वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है। यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहां तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है।




यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं। डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेमने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था। कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरू कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुंचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं। महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका।

वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें। नीति आयोग की अभिसरण भूमिका-मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है, जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं, एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है, करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है, यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

(लेखक केंद्रीय राज्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत



# दुनियाभर में जंगलों की तबाही का मंडराया खतरा

दुनिया में आज जलवायु परिवर्तन से मुकाबले की दिशा में पेड़ और जंगलों की महत्ता की चर्चा जोरों पर है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन के कारण समूची दुनिया में संतुलित और समग्र विकास के लक्ष्य का लगातार भीषण चुनौती बनकर सामने आना है। दुनिया में जिस तेजी से पेड़ों की तादाद कम होती जा रही है, उससे पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, पारिस्थितिकी, जैव विविधता, कृषि और मानवीय जीवन ही नहीं, बल्कि भूमि की दीर्घकालिक स्थिरता पर भी भीषण खतरा पैदा हो गया है। जहां तक जंगलों के खत्म होने की गति का सवाल है,उसे देखते हुए ऐसा लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब दुनिया से जंगलों का नामोनिशान तक मिट जायेगा और वह किताबों की वस्तु बनकर रह जायेंगे। हकीकत में हर साल दुनिया में एक करोड़ हेक्टेयर जंगल लुप्त होते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र भी इसकी पुष्टि करता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में कीडे-मकोडे भी 3.5 करोड़ हैक्टेयर जंगल हर साल बर्बाद कर रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि इंसान तो क्या दूसरे जीव भी जीवन के लिए जरूरी पेड़ों-जंगलों के दुश्मन बनते जा रहे हैं। यदि देश की बात करें तो अकेले उत्तराखंड में बीते 8-9 बरसों के दौरान ढाई लाख से ज्यादा पेड़ काट दिये गये हैं। इनमें एक लाख से ज्यादा पेड़ आल वैदर रोड के नाम पर और शेष पर्यटन, देहरादून से लेकर दिल्ली तक सड़क चौडीक़रण, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना व सुरंग आधारित परियोजनाओं आदि के नाम पर देवदार, बांज, राई, कैल जैसी दुर्लभ प्रजातियों के पेड़ों का अस्तित्व ही मिटा दिया गया है। पिछले बीस सालों के दौरान 40,000 हेक्टेयर जंगल आग की समाधि बने हैं जिसमें लाखों पेड़ जलकर राख हो गये हैं। विकास के नाम पर पेड़ों के अंधाधुंध कटान का सिलसिला पूरे देश में जारी है। पहाड़ दुनिया के 85 फीसदी से ज्यादा पक्षियों, स्तनधारियों और उभयचरों के आश्रय स्थल हैं। इस बारे में एशिया, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप का जायजा लें तो पाते हैं कि पहाड़ी जंगलों के खात्मे की दर में एशिया 39.8 मिलियन हैक्टेयर वन नुकसान के मामले में सर्वोपरि है। गौरतलब है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन सबसे बड़े दुख की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बेहद धीमी है। लंदन के थिंक टैंक एनर्जी ट्रांसमिशन कमीशन की मानें तो समूची दुनिया में हर मिनट औसतन दस फुटबाल मैदान के बराबर यानी 17.60 एकड़ जंगल काटे जा रहे हैं। बीते 30 सालों में 42 करोड़ हैक्टेयर जंगल को मैदान बना दिया गया है। बढ़ते तापमान, भयावह सूखा, वनों की अंधाधुंध कटाई और जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं के चलते अमेजन के जंगल खतरे के दायरे में हैं। हकीकत में अब अमेजन के लिए 'रेड अलर्ट' का ऐलान करने का समय आ गया है। इसमें जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले सूखा और गर्मी व आग सहित बहुतेरे कारकों की बड़ी भूमिका है। जंगलों के खात्मे में आग भी एक अहम कारक है जिसके चलते दुनिया में हर साल लाखों हैक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ जाते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार अमेजन वनों का लगभग आधा हिस्सा 2050 तक खत्म हो जाएगा। 1990-2020 के बीच के तीस वर्षों में 42 करोड़ हैक्टेयर जंगलों का खात्मा हुआ है। यदि मैरीलैंड यूनीवर्सिटी और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के ग्लोबल वाच की हालिया रिपोर्ट की मानें तो भारत में 2023 के दौरान 21,672 हैक्टेयर जंगल खत्म हो गये। देश में 2022 में 21,839 हैक्टेयर जंगलों का खात्मा हुआ। इसमें भारत देश के पांच राज्यों यथा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश शीर्ष पर हैं जहां देश में आग से सबसे ज्यादा जंगल तबाह हुए हैं और यह सिलसिला आज भी जारी है। जैव विविधता को संरक्षित करने में वन की उपयोगिता जगजाहिर है लेकिन विडम्बना है कि हम उन्हीं के साथ खिलवाड़ कर अपने जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। बीते तीन दशक इसके सबूत हैं कि उनमें हमने तकरीबन एक अरब वन मानवीय स्वार्थ के चलते खत्म कर दिये हैं। दुख इस बात का है कि जंगल बचाने की लाख कोशिशों के बावजूद दुनिया में वनों की कटाई में और तेजी आई है। मौजूदा दौर की हकीकत यह है कि दुनिया में हर मिनट 21. 1 हैक्टेयर में फैले जंगलों का खात्मा हो रहा है। देखा जाये तो जल, जंगल और जमीन के मुद्दे आपस में गहरे तक जुड़े हुए हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। तभी सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित कर धरती को बचाया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# निंदा का परित्याग



संकलित
## दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
## प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। *– अशोक साहू, कोड़ागांव*

## करंट अफेयर

# टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध की घोषणा

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके प्रांत ने इस्लामी शरिया कानून के क्रियान्वयन पर प्रतिबंध लगा दिया है और निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर 'शरिया अनुपालन' थोपने के किसी भी प्रयास की सूचना देने का आग्रह किया। एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम धर्मगुरु लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट नहीं बेचने का आग्रह करते हुए दिख रहा है। गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास सार्वजनिक जीवन में धार्मिक आचार संहिता लागू करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा।



एबॉट ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैंने टेक्सास में शरिया कानून और शरिया कानूनी प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। किसी भी व्यवसाय और किसी भी व्यक्ति को ऐसे मूर्खों से डरना नहीं चाहिए।' उन्होंने कहा, 'यदि यह व्यक्ति या कोई भी व्यक्ति शरिया अनुपालन थोपने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना स्थानीय कानून प्रवर्तन या टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग को दें।'

## ऑफ बीट

# 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी

दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। फार्टलेक स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है।



## ट्रेंड

### रिपोर्ट कार्ड की राजनीति



पहले राजनीति सिर्फ़ काम न करने, परिवार-केंद्रित हितों, भ्रष्टाचार, जातिवाद और तुष्टिकरण पर केंद्रित होती थी। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काम, जवाबदेही और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति को जन्म दिया है।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### ग्लोबल बोर्ड का स्वागत



एचएसबीसी ग्रुप चेयरमैन सर मार्क टकर के नेतृत्व में ग्लोबल बोर्ड का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। बोर्ड से आग्रह किया कि वे विकास और समृद्धि के सह-निर्माण में हमारे साथ साझेदारी करें और भारत को वैश्विक परिवर्तन का केंद्र बनाएँ।
-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### राजभाषा का संवर्धन



हिंदी सिर्फ़ भाषा नहीं, यह हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। आप सभी देशवासियों को 'हिंदी दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ। आइये, हम हमारी मातृभाषा और राजभाषा के संवर्धन का संकल्प लें।
- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### दिल से खेलिए



टीम इंडिया शोर-शराबे और राजनीति को दिल पर मत लीजिए। आपके सारे फैन और देशवासी मैदान और रणभूमि का फर्क समझते हैं। दबाव लेने नहीं, बनाने मैदान में जाइए ; स्पोर्ट्समैन स्पिरिट के साथ खेलिए, बाकी देश आपके साथ मज़बूती से खड़ा है। दिल से खेलिए, दिल भी जीतिए !
-डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले

# कामकाज जनता की भाषा में हो तो संपर्क अपने आप बढ़ता है

## आप अपनी भाषा में पत्र दें, गृह मंत्रालय आपकी भाषा में जवाब देगा

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

हिंदी दिवस के अवसर पर गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 5वां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरकत की और देशभर से आए राजभाषा और भारतीय भाषाओं के विद्वानों का स्वागत किया। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए विशेष अवसर है, क्योंकि पूरे देश से राजभाषा और भारतीय भाषा के उत्साही लोग एकत्रित हुए हैं। यह मेरा संसदीय क्षेत्र भी है और मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। उन्होंने सम्मेलन के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह समारोह पहले हमेशा दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाता था, लेकिन पिछले पांच वर्षों से इसे देश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित करने की परंपरा शुरू की गई है।



### गुजरात में हिंदी को अपनाने की परंपरा रही

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि 2021 के बाद 5वां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन दिल्ली के बाहर हो रहा है। पिछले चार सम्मेलनों के अपने अनुभव से हम जानते हैं कि यह नए दृष्टिकोण, ऊर्जा और प्रेरणा लेकर आता है। इस बदलाव से हमें राजभाषा और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच संवादिता और आदान-प्रदान का शानदार अवसर मिला है। उन्होंने गुजरात की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भले ही यह हिंदी भाषी राज्य नहीं है, लेकिन यहां हिंदी को हमेशा से अपनाने और आगे बढ़ाने की परंपरा रही है।

### कई विभूतियों ने हिंदी को स्वीकारा

अमित शाह ने कहा कि दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसी महान विभूतियों ने न केवल हिंदी को स्वीकार किया, बल्कि इसके प्रचार-प्रसार में भी अग्रणी भूमिका निभाई। जब सारा कामकाज जनता की भाषा में होता है तो जनता के साथ संपर्क अपने आप बढ़ जाता है।

### 'सारथी' प्रणाली समृद्ध करेंगे

सारथी एक अनुवाद की प्रणाली है। यह हिंदी से भारत की सभी भाषाओं में सरलता से अनुवाद करने की व्यवस्था है। मैं गर्व के साथ देशभर की सभी सरकारों को कहना चाहता हूं कि आप अपनी भाषा में हमें पत्र दीजिए और गृह मंत्रालय आपकी ही भाषा में जवाब देगा, हम यह व्यवस्था कर चुके हैं। आने वाले दिनों में हम इसे और समृद्ध करेंगे।

### शब्दकोश 'सिंधु' में 7 लाख से अधिक शब्द

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि हिंदी दिवस के अवसर पर, मैं आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं और गुजरात की पावन धरती पर आपका स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राजभाषा विभाग ने डिजिटल हिंदी शब्दकोश 'सिंधु' जैसे प्रयास किए हैं। इन प्रयासों के माध्यम से शब्दकोश 'सिंधु' में 7 लाख से अधिक शब्द शामिल किए गए हैं।

### कल दिल्ली में एएनटीएफ प्रमुखों का दूसरा सम्मेलन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली में मंगलवार को एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह दो दिवसीय सम्मेलन 16 और 17 सितंबर को आयोजित होगा, जिसमें 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एएनटीएफ प्रमुखों के साथ अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी और हितधारक शामिल होंगे। इस मौके पर अमित शाह नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की वार्षिक रिपोर्ट 2024 जारी करेंगे और ऑनलाइन ड्रग विनष्टीकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन का आयोजन नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा किया जा रहा है और इसका विषय "संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी" है।

## खबर संक्षेप

### एम. सुंदर मणिपुर के नए चीफ जस्टिस नियुक्त



**नई दिल्ली** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मद्रास हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस एम सुंदर को मणिपुर हाईकोर्ट का नया चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। वे आज मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से पद की शपथ लेंगे। मणिपुर हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस सोमशेखर 14 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए थे।

### अमित खरे उपराष्ट्रपति के सचिव नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी अमित खरे को नए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। अमित खरे वर्तमान में पीएम मोदी के सलाहकार हैं। वे 12 अक्टूबर, 2021 से पीएम कार्यालय में थे।

### भुवनेश्वरः लापता हुई महिला कांस्टेबल



**भुवनेश्वर।** एक महिला पुलिसकर्मी के रहस्यमय तरीके से लापता होने के मामले में कमिश्नरेट पुलिस ने आम जनता से मदद की अपील की है। पुलिस ने सुराग देने वालों के लिए 25 हजार रुपए के नकद इनाम की घोषणा की। 25 वर्षीय महिला कांस्टेबल सुभमित्रा साहू 6 सितंबर से लापता हैं। डीसीपी जगमोहन मीणा ने यह जानकारी दी।

### पीएमजीएसवाई में 7.83 लाख किमी सड़क बनीं



**नई दिल्ली।** पीएम ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत अब तक 1.83 लाख से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण हो चुका है और इनकी कुल लंबाई 7,83,727 किलो है। साथ ही इसमें 9,891 पुलों का निर्माण किया गया है। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ।

असम में पीएम मोदी ने विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, बोले

'डेमोग्राफी मिशन' का ऐलान

# सीमा क्षेत्रों में जनसांख्यिकी बदलाव राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

एजेंसी ▶▶ दिसपुर

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले में करीब 6,500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और असम देश के सबसे तेजी से प्रगति करने वाले राज्यों में शामिल हो चुका है।

उन्होंने असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत की विकास यात्रा का अहम हिस्सा बताया। पीएम मोदी ने कहा कि 'विकसित भारत' का सपना युवाओं का संकल्प है और इस सपने को पूरा करने में पूर्वोत्तर की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि असम में 2014 से पहले केवल छह मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन दरांग मेडिकल कॉलेज के साथ यह संख्या अब 24 हो जाएगी। उन्होंने लक्ष्य रखा कि आने वाले 4-5 साल में देश में एक लाख नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी।





पीएम मोदी ने कहा कि असम में 2014 से पहले केवल छह मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन दरांग मेडिकल कॉलेज के साथ यह संख्या अब 24 हो जाएगी। उन्होंने लक्ष्य रखा कि आने वाले 4-5 साल में देश में एक लाख नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी

'विकसित भारत' का सपना युवाओं का संकल्प है **पूरा करें**

'वोकल फॉर लोकल' और 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को **अपनाएं**

### घुसपैठिए बर्दाश्त नहीं

पीएम मोदी ने चेतावनी दी कि सीमा क्षेत्रों में जनसांख्यिकी बदलने की साजिशें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए पूरे देश में "डेमोग्राफी मिशन" शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए घुसपैठियों को भारत की जमीन पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कुरुवा-नरेंगी पुल की नींव रखी

पीएम ने दरांग मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, जीएनएम स्कूल, बीएससी नर्सिंग कॉलेज, गुवाहाटी रिंग रोड प्रोजेक्ट और ब्रह्मपुत्र नदी पर कुरुवा-नरेंगी पुल की नींव रखी। नया रिंग रोड पांच राष्ट्रीय राजमार्गों, दो राज्य राजमार्गों, एक हवाई अड्डे, तीन रेलवे स्टेशनों और एक इनलैंड वॉटर टर्मिनल को जोड़कर असम को पहली बार मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी देगा। नया पुल गुवाहाटी और दरांग के बीच समय घटाएगा।

### जीएसटी सुधारों से मिलेगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार आज नहीं बल्कि आने वाले 25-50 साल की जरूरतों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। ठीक 9 दिन बाद नवरात्रि से जीएसटी में बड़े सुधार लागू होंगे। इसके तहत सीमेंट, दवाइयों, बीमा प्रीमियम और वाहनों पर टैक्स घटेगा, जिससे हर घर को राहत मिलेगी। उन्होंने लोगों से 'वोकल फॉर लोकल' बनने और 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को अपनाने की अपील की।

### सीएम सरमा की प्रशंसा की

पीएम मोदी ने असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की प्रशंसा करते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में लाखों बीघा जमीन से घुसपैठियों को हटाया गया है। दरांग के गोरुखुटी क्षेत्र में अब कृषि सैनिक सरसों, मक्का और अन्य फसलें उगा रहे हैं।

### 10 साल में 6 बड़े पुल बनाए

पीएम ने बताया कि सरकार ने पिछले 10 साल में ब्रह्मपुत्र पर छह बड़े पुल बनाए, जबकि विपक्षी दलों के दशकों लंबे शासन में केवल तीन पुल बने थे। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देशभर में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हो गई है।

### स्मृति चिन्ह भेंट किया



इस मौके पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भी मौजूद रहे। सीएम सरमा ने पीएम मोदी को 'कृषक शहीद दिवस' की स्मृति में एक स्मृति चिन्ह भेंट किया, जो 1894 में दरांग में हुए किसानों के नरसंहार की याद दिलाता है।

एनडीए सहयोगी मांझी के बगावती सुर

# 15 सीट नहीं मिली तो अकेले 100 पर लड़ेंगे, बनाया दबाव

लक्ष्य पार्टी को मान्यता प्राप्त दल बनाना



एजेंसी ▶▶ पटना

एनडीए के सहयोगी, केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होने कहा कि अगर उन्हें 15 सीटें नहीं मिली तो अकेले ही उनकी पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ जाएगी। बिहार की हर विधानसभा सीट पर हमारी पार्टी (हम) के 10 से 15 हजार वोटर हैं। ऐसे में हम लोगों को 15 सीटें मिलें। मांझी ने कहा कि इस बार उनकी पार्टी का लक्ष्य हर हाल में मान्यता प्राप्त दल बनना है। इसके लिए पार्टी की कम से कम आठ सीटों पर जीत हासिल हो और कुल मतों का 6 फीसदी वोट मिले। ये तभी संभव है, जब हमें 15 सीटें दी जाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी को बने दस साल हो गए हैं और अब तक निबंधित पार्टी बने रहना उनके लिए अपमानजनक है।

### पहले 20 से 40 सीटें मांगी थीं

जीतन राम मांझी की इस बड़ी मांग के बाद एनडीए के अहम सहयोगी भाजपा और जेडीयू पर दबाव बन गया है। सीट बंटवारे से पहले ही मांझी ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। इससे पहले उन्होंने दावा किया था कि उनकी पार्टी को 20 से 40 सीटें मिलनी चाहिए। और अब 15 सीट पर अड़े हैं। बता दें एनडीए में भाजपा, जेडीयू, चिराग पासवान की लोजपा-आर, जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम शामिल है। बीते चुनाव 2020 में भी जीतन मांझी की (हम) एनडीए का हिस्सा थी। तब 7 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, और 4 सीटें जीतने में सफल रही थी। इस बार मांझी 7 का आंकड़ा 15 तक पहुंचाने की कोशिश में लगे हैं।

### सभी सीटों पर बसपा चुनाव लड़ेगी



विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता रामजी गौतम ने कहा कि पार्टी ने बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी ने इसके लिए पूरी कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि बिहार में जंगलराज अभी खत्म नहीं हुआ है। अपराध बेकाबू है, पटना जैसे शहरों में लूटपाट आम हो गई है, और गुंडे-मवालियों को सलाखों के पीछे डालना जरूरी है।

पूर्व रक्षा मंत्री को नहीं जानते डिप्टी सीएम

# महिला ने जब नाम लिया तो पवार बोले- कौन पर्रिकर?

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार को उस समय शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा, जब वे गोवा के पूर्व सीएम और पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर को नहीं पहचान पाए। एक महिला डिप्टी सीएम से ट्रैफिक की समस्या को लेकर शिकायत कर रही थी, उसने पर्रिकर का उदाहरण दिया कि वे लोगों की समस्याओं को जानने के लिए अचानक दौरे करते थे। इस पर पवार ने पूछा, 'कौन पर्रिकर?'



### महिला ने की शिकायत

अजित पवार शनिवार को पुणे नगर निगम (पीएमसी) प्रमुख नवल किशोर राम और अन्य अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा कर लोगों से उनकी परेशानियों के बारे में बातचीत कर रहे थे। हडपसर विधानसभा क्षेत्र के केशव नगर में नागरिकों ने यातायात जाम और अन्य समस्याओं के बारे में शिकायतें उठाईं। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जयपुर में दर्दनाक सड़क हादसा

# रिंग रोड से 'बेकाबू' कार गिरी दो परिवारों के 7 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजधानी जयपुर में शनिवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में एक कार रिंग रोड से अनियंत्रित होकर करीब 16 फीट नीचे अंडरपास में भरे पानी में जा गिरी। कार में सवार दो परिवार हरिद्वार से लौट रहे थे। रविवार दोपहर हादसे की जानकारी तब सामने आई जब स्थानीय लोगों ने अंडरपास में पानी में डूबी हुई कार देखी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### हरिद्वार से लौट रहे थे

एसएचओ सुरेंद्र सैनी ने बताया कि मृतकों में वाटिका सांगानेर निवासी टैक्सी चालक रामराज वैष्णव, उनकी पत्नी मधु और 14 महीने का बेटा रुद्र शामिल हैं। साथ ही उनके साढू, केकड़ी (अजमेर) निवासी कालूराम, पत्नी सीमा, बेटा रोहित, और 3 साल का पोता गजराज भी इस हादसे का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार, ये सभी हरिद्वार से अस्थि विसर्जन कर लौट रहे थे।

## देशभर में 'विश्वकर्मा पूजा' की तैयारी



**अगरतला।** देशभर में विश्वकर्मा पूजा की तैयारी जोरों पर हैं। त्रिपुरा के अगरतला में 'विश्वकर्मा पूजा' से पहले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियां तैयार करते हुए। इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर 2025 को मध्यरात्रि 12 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगी और 17 सितंबर को रात 11 बजकर 39 मिनट पर समाप्त होगी। विश्वकर्मा पूजा के पावन दिन पर पूरे देश में कारखानों, कार्यस्थलों, दफ्तरों, मशीनों और औजारों की साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना की जाती है। यह पर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करते हैं, जिसके कारण इसे कन्या संक्रांति भी कहा जाता है।

16000 करोड़ खर्च कर तैयार हुआ नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

# सितंबर के अंत तक उद्घाटन के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट सितंबर के अंत तक उद्घाटन के लिए तैयार हो जाएगा। पनवेल के पास उल्वे में स्थित यह भारत की सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है, जिस पर 16,000 करोड़ रुपए खर्च होने जा रहे हैं। यह सांताक्रूज-अंधेरी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बाद मुंबई का दूसरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होगा। करीब 2,865 एकड़ में फैला यह एयरपोर्ट चार टर्मिनलों के माध्यम से सालाना 9 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। पहले चरण में 2 करोड़ यात्रियों की क्षमता वाला टर्मिनल-1 परिचालन शुरू करने के लिए तैयार है। इस टर्मिनल में बेहतर सुरक्षा लाइनें और दुनिया की सबसे तेज बैगेज प्राप्ति प्रणाली शामिल होगी।

### 4 टर्मिनलों से सालाना 9 करोड़ यात्रियों को संभालेगा



पनवेल के पास उल्वे में स्थित

### शहर से मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे, गोवा राजमार्ग और जेएनपीटी पोर्ट के पास स्थित एनएमआईए कई परिवहन गलियारों के माध्यम से शहर से जुड़ा होगा। 22 किलोमीटर लंबा मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक या अटल सेतु, दक्षिण मुंबई से उल्वे तक यात्रा के समय को करीब 20 मिनट तक कम कर देगा। महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड सीधी पहुंच के लिए 9 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर भी बना रहा है, जबकि एमएसआरटीसी ठाणे, दादर, वाशी और पनवेल से इलेक्ट्रिक बसों सहित एक्सप्रेस बसों की योजना बना रहा है।

नागपुर का फ्लाईओवर वायरल, लोगों ने आठवां अजूबा करार दिया

लोगों ने पूछा महान इंजीनियर कौन?

# घर की बालकनी के एक हिस्से से पुल को गुजारा

एजेंसी ▶▶ नागपुर

बीते दिनों मध्य प्रदेश के भोपाल में 90 डिग्री के मोड़ वाला फ्लाईओवर सोशल मीडिया पर यह जमकर वायरल हुआ। अब एक बार फिर महाराष्ट्र के नागपुर का फ्लाईओवर इसी तरह का फ्लाईओवर चर्चा में है। यह फ्लाईओवर अशोक चौक के पास एक घर की बालकनी के एक हिस्से से होकर गुज़र रहा है। स्थानीय लोगों ने इसे आठवां अजूबा करार दिया। लोग सवाल उठा रहे हैं कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नागपुर नगर निगम ने इस ढांचे को किसी के घर से गुज़रने की अनुमति देने से पहले कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? लोगों ने पूछा कि क्या यह घर अधिकृत है? अगर है, तो इसे मुआवज़ा देकर अधिग्रहित क्यों नहीं किया गया, और अगर अनधिकृत है, तो इसे क्यों नहीं गिराया गया? एक यूजर ने पूछा, वह महान इंजीनियर कौन है, जिसने यह अद्भुत डिजाइन बनाई है।



### घर मालिक को आपत्ति नहीं

जिस घर की बालकनी से यह फ्लाईओवर गुजरा है, उसके मालिक प्रवीण पत्रे हैं। पत्रे ने बताया कि उनका परिवार छह पीढ़ियों से इस घर में रह रहा है और यह संपत्ति लगभग 150 साल पुरानी है। घर का 25 साल पहले नवीनीकरण किया गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें फ्लाईओवर के उनकी बालकनी से होकर गुजरने पर कोई आपत्ति नहीं है और वे सुरक्षा जोखिमों को लेकर चिंतित नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या बालकनी अधिकृत है और क्या घर का नक्शा स्वीकृत है, तो उन्होंने टालमटोल भरे जवाब दिए।

### 998 करोड़ रुपए की गड़बड़ी?

9.2 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर का निर्माण एनएचएआई की देखरेख में 998 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। अधिकारियों से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नगर निगम को इस मुद्दे के बारे में पहले ही सूचित कर दिया है। अनधिकृत निर्माण को गिराना नागपुर नगर निगम की जिम्मेदारी है, लेकिन वहां के अधिकारी इस पर कुछ नहीं कर रहे हैं।

### विधायक ने की कार्रवाई की मांग

दक्षिण नागपुर के विधायक मोहन मते ने कहा कि उन्हें भी आश्चर्य है कि नगर निगम, एनआईटी या एनएचएआई के अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने मांग की कि इसमें शामिल लोगों को तुरंत निलंबित किया जाए। मते ने आगे कहा कि नागपुर में विकास कार्य तो चल रहे हैं, लेकिन ऐसी खामियां शहर की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर के बालकनी तक पहुंचने से पहले ही अधिकारियों को नोटिस जारी कर इस ढांचे को हटा देना चाहिए था।

# छह माह बाद चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग होगी अनिवार्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार स्वैच्छिक आधार पर शुरू की गई चांदी के आभूषणों और वस्तुओं की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने की प्रक्रिया की प्रभाविता का मूल्यांकन करने के बाद इनकी हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के बारे में विचार करेगी।

■ भारतीय मानक ब्यूरो ने कहा, हमें मूल्यांकन करने थोड़ा समय चाहिए

सरकार ने चार सितंबर को एक सितंबर से प्रभावी चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू करने की घोषणा की। इसमें उपभोक्ताओं के हित में धातु की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक डिजिटल पहचान प्रणाली लागू की जाएगी।

## सरकार स्वैच्छिक आधार पर शुरू की गई हॉलमार्किंग करेगी खत्म

### सोने की तरह चांदी के आभूषण के लिए हॉलमार्क होगा

तिवारी ने कहा कि सोने के आभूषणों की तरह इन्हें भी अनिवार्य बनाने पर विचार किया जा रहा है क्योंकि छोटे स्तर पर लोग चांदी पिघलाकर आभूषण बनाते हैं और उन्हें अनिवार्य प्रमाणन के दायरे में लाना एक बड़ी चुनौती है। एक अन्य सवाल के जवाब में तिवारी ने कहा कि ई-परिवहन के क्षेत्र में, बीआईएस ने कई मानक प्रकाशित किए हैं।



### बीआईएस की स्थापना 2016 में की गई

अधिकारी ने यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में की कि क्या सरकार चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने पर विचार कर सकती है। बीआईएस भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है जिसकी स्थापना बीआईएस अधिनियम 2016 के तहत वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास और उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए की गई है।

### मूल्यांकन करने छह महीने पर्याप्त

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा, 'हमें इसका मूल्यांकन करने के लिए कुछ समय चाहिए। छह महीने पर्याप्त होंगे। हम छह महीने तक इस पर गौर करेंगे और उसके बाद विचार करेंगे कि इसे अनिवार्य किया जाए या नहीं।'

### बैटरी अदला-बदली के लिए मानक जल्द

तिवारी ने कहा, 'हमने बैटरी चार्जिंग के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए मानक विकसित किए हैं। हम बैटरी अदला-बदली के लिए भी मानक बना रहे हैं। यह मसौदा चरण में है। अगर हमें ईवी को लोकप्रिय बनाना है, तो हमारे पास ईवी के लिए पेट्रोल पंप जैसा बुनियादी ढांचा होना चाहिए।'

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मांग बढ़ने से खाद्य तेलों के दाम सुधरे



**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने तथा त्योहारी मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह घरेलू बाजार में सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल एवं बिनौला तेल में सुधार दर्ज हुआ। सहकारी संस्था नेफेड की एमएसपी से काफी नीचे दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई।

### पूंजीकरण में बजाज फाइनेंस सबसे अधिक लाभ में रही

BAJAJ FINANCE


**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,69,506.83 करोड़ रुपये बढ़ गया। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़ गया।

### बीएचईएल को मिला रेलवे को कवच आपूर्ति का ऑर्डर

बी एच ई एल BHEL

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (बीएचईएल) को भारतीय रेलवे से स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच उपकरण की आपूर्ति करने और उसे लगाने के लिए 22.87 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। उसे भारतीय रेलवे (दक्षिण पश्चिम रेलवे) से एक ऑर्डर मिला है।

# रिजर्व बैंक ने फोन-पे पर 21 लाख रुपये का जुर्माना लगाया



एजेंसी ⏭ मुंबई

■ कुछ मानदंडों का पालन न करने पर लगाया जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक ने ''प्रीपेड भुगतान उपकरणों'' (पीपीआई) से संबंधित कुछ मानदंडों का पालन न करने के लिए फोन-पे लिमिटेड पर 21 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए कंपनी के संचालन के संदर्भ में कंपनी का वैधानिक निरीक्षण किया गया था। रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर फोन-पे को एक नोटिस जारी किया गया था।

नोटिस में उसे कारण बताने के लिए कहा गया था कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। नोटिस पर कंपनी के जवाब, उसके द्वारा दिए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक जानकारी पर विचार करने के बाद, रिजर्व बैंक ने पाया कि कंपनी के खिलाफ आरोप सही थे, जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना लगाना उचित था।

कंपनी ने कहा, ''कंपनी के एस्क्रो खाते में दिन के अंत में शेष राशि बकाया प्रीपेड भुगतान उत्पादों (पीपीआई) और कुछ दिनों में व्यापारियों को देय भुगतानों के मूल्य से कम थी, और कंपनी ने उक्त एस्क्रो खाते में कमी की सूचना तुरंत आरबीआई को नहीं दी।''

### जुर्माना अनुपालन में कमियों के कारण

रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि यह जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई प्रभाव डालना नहीं है।

## चेन्नई सिटीजन्स फोरम में केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोली

# जीएसटी सुधारों का लाभ दिन की शुरुआत से रात को सोने जाने तक, सभी उत्पादों पर मिलेगा

एजेंसी ⏭ चेन्नई

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक बड़ी जीत है। सीतारमण ने रविवार को चेन्नई में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत के प्रत्येक राज्य के अपने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश से बहुत पहले ही इन्हें लागू करने का निर्णय लिया गया है।*

चेन्नई सिटीजन्स फोरम द्वारा आयोजित 'उभरते भारत के लिए कर सुधार' कार्यक्रम में अपने संबोधन में सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर का लाभकारी प्रभाव सुबह की शुरुआत से लेकर रात के सोने तक सभी उत्पादों पर रहेगा। कुछ प्रमुख पहल का उल्लेख करते हुए सीतारमण ने कहा कि जिन 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पहले जीएसटी के तहत 12 प्रतिशत कर लगता था, अब उनपर सिर्फ पांच प्रतिशत कर लगेगा। नए जीएसटी सुधार (2.0) 22 सितंबर से लागू होंगे।

### 350 से ज्यादा वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती

जीएसटी परिषद द्वारा 350 से ज़्यादा वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले अलग-अलग स्लैब के तहत कर लगाने की प्रथा के बजाय केवल पांच और 18 प्रतिशत के स्लैब लागू किए हैं। उन्होंने कहा, 'हमने व्यापारियों के लिए भी प्रक्रिया को सरल बनाया है। किसी भी उत्पाद पर 28 प्रतिशत जीएसटी कर नहीं है।'



*औसतन दो लाख करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र : केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा औसतन 1.8 लाख से दो लाख करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र किया जाता है। उदाहरण के लिए, 1.80 लाख करोड़ रुपये के सकल राजस्व को आधा-आधा बांटा जाता है, जिसमें राज्यों को 90,000 करोड़ रुपये और केंद्र को 90,000 करोड़ रुपये मिलते हैं। केंद्र के हिस्से के उस 90,000 करोड़ रुपये के राजस्व में से भी लगभग 41 प्रतिशत राज्यों को वापस जाता है।''*

■ दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश

■ 99 प्रतिशत वस्तुओं पर 12 फीसदी कर लगता था

■ अब इन वस्तुओं पर सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी कर लगेगा

### 2017 में 66 लाख व्यापारी कर दाखिल करते थे

व्यापारियों के कर दायरे में वृद्धि का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले केवल 66 लाख व्यापारी ही कर दाखिल करते थे। लेकिन आज, पिछले आठ साल में 1.5 करोड़ व्यवसाय जीएसटी के दायरे में आ गए हैं। 'विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहा था, लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद, पिछले आठ साल में कर चुकाने वाले व्यवसायों की संख्या बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है।'

### जीएसटी दाखिल करने वाले 1.5 लाख व्यापारी

सीतारमण ने कहा, ''पिछले आठ साल में जीएसटी दाखिल करने वाले 1.5 करोड़ व्यापारियों की यह संख्या भविष्य में और बढ़ेगी।'' उन्होंने आगे कहा कि इस वृद्धि के कारण केंद्र और राज्य सरकारों को मिलने वाला राजस्व बढ़ा है। वित्त मंत्री ने बताया कि 2017 में कर संग्रह 7.19 लाख करोड़ रुपये था और अब सकल जीएसटी संग्रह 22 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

### कंपनियां लाभ जनता तक पहुंचाएंगी

सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को गति देने के लिए इस प्रकार के उपाय किए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि लोग इस कदम का स्वागत करेंगे। दरअसल, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, गोदरेज जैसी कई कंपनियों ने मुझे भरोसा दिलाया है कि वे इसका लाभ जनता तक पहुंचाएंगी।''

## वनस्थली विद्यापीठ द्वारा प्रथम अखिल महिला एलएलएम कार्यक्रम का शुभारंभ

**टोंक (राजस्थान)।** आज विधि अध्ययन विभाग बनस्थली विद्यापीठ ने फोरेंसिक साइंस कॉन्क्लेव 2025 के उद्घाटन के दौरान फोरेंसिक में भारत की पहली अखिल महिला एलएलएम की शुरुआत की घोषणा की। इस दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर से आए प्रख्यात फॉरेंसिक वैज्ञानिकों, विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्राये एक साथ आए। इस फॉरेंसिक संगोष्ठी ने न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने तथा विधिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। उद्घाटन समारोह में प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, कुलपति, वनस्थली विद्यापीठ



ने उपस्थित होकर भारत भर से आए सभी 225 अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और फोरेंसिक तथा आपराधिक कानूनों में नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए महिलाओं को तैयार करने के प्रति आशा व्यक्त की। प्रोफेसर हर्ष पुरोहित, डीन, विधि संकाय ने संगोष्ठी के विशेषज्ञों का प्रारंभिक परिचय प्रस्तुत किया। दो दिवसीय संगोष्ठी में सम्मिलित विशेषज्ञों में डॉ. हर्ष शर्मा (पूर्व निदेशक, एफ.एस.एल. यूपी), प्रो. आदर्श कुमार (निदेशक, एफ.एस.एल, यूपी), और प्रो. अनुपम जोहरी (एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर) शामिल थे। संगोष्ठी के पहले दिन क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन, फॉरेंसिक मॉडल और फॉरेंसिक साक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। छात्राओ ने सभी आयोजनों में उत्कृष्ट ऊर्जा, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदर्शित किया। डॉ. हर्ष शर्मा ने फॉरेंसिक विशेषज्ञता को कानूनी प्रक्रियाओं में एकीकृत करने पर व्याख्यान दिया।

## थम सकती है सोने और चांदी की तेजी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 17 सितंबर को नीति फैसले से पहले सोने की कीमतों में तेजी कुछ थम सकती है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि आगे चलकर इस कीमती धातु की चमक बरकरार रहेगी। कारोबारी शुल्क प्रभाव का आकलन करने के लिए व्यापार मुद्रास्फीति के आंकड़ों, ब्रिटेन और यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुद्रास्फीति के आंकड़ों, और बैंक ऑफ इंग्लैंड तथा बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति बैठकों पर नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने की कीमतों में सकारात्मक गति जारी रही और यह लगातार चौथे सप्ताह बढ़त के साथ बंद हुआ। हालांकि सप्ताह के मध्य में बढ़त की गति कुछ धीमी हो गई।

## वाहनों के कबाड़ बेचने से मिलेगी 40,000 करोड़ की जीएसटी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यदि देश में सभी 97 लाख अयोग्य एवं प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को कबाड़ में तब्दील कर दिया जाए तो केंद्र और राज्यों को जीएसटी के रूप में 40,000 करोड़ रुपये तक का लाभ होगा। अगस्त महीने तक तीन लाख वाहन कबाड़ घोषित किए जा चुके हैं जिनमें 1.41 लाख सरकारी वाहन भी शामिल हैं।

# फेड के निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''आगे की ओर देखते हुए, इस सप्ताह का प्रमुख वैश्विक घटनाक्रम 17 सितंबर को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के नतीजे होंगे। अमेरिकी रोजगार बाजार में सुस्ती के संकेतों को देखते हुए, बाजार ब्याज दरों में कम-से-कम 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहा है।''

मीणा न कहा, ''घरेलू मोर्चे पर, अमेरिका-भारत व्यापार मोर्चे पर कोई भी का घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक बना रहेगा। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह इस गति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।''

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 373 अंक या 1.50 प्रतिशत के लाभ में रहा। शुक्रवार को निफ्टी में लगातार आठवें सत्र में तेजी दर्ज की गई, जबकि सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन लाभ में रहा।

### बाजार में जारी रहेगी धीरे-धीरे तेजी

विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियां, रुपये-डॉलर का रुख और कच्चे तेल की कीमतों का उतार-चढ़ाव भी सप्ताह के दौरान बाजार के रुख को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार में धीरे-धीरे तेजी जारी रहने की संभावना है।

## ''डीडी@66 - दूरदर्शन स्थापना दिवस 2025 : शब्दांजलि'' दूरदर्शनः राष्ट्र का चैनल, राष्ट्र का गौरव

**नई दिल्ली।** भारत का सार्वजनिक प्रसारक दूरदर्शन अपनी गौरवशाली यात्रा का स्मरण करता है, जिसकी शुरुआत 15 सितम्बर 1959 को दिल्ली से एक छोटे से प्रायोगिक प्रसारण से हुई थी। उस समय शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह छोटी सी पहल आगे चलकर भारत का सबसे बड़ा और सबसे विश्वसनीय प्रसारण नेटवर्क बन जाएगी। आज दूरदर्शन केवल एक चैनल नहीं बल्कि भारत की आवाज़, पहचान और संस्कृति का दर्पण है। श्वेत-श्याम प्रसारण से लेकर रंगीन टीवी तक और फिर डिजिटल युग तक, दूरदर्शन ने हर दौर में देशवासियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का काम किया है। 1982 में एशियाई खेलों के दौरान रंगीन प्रसारण की शुरुआत भारतीय प्रसारण इतिहास का एक ऐतिहासिक क्षण था। 1980 और 90 के दशक में रामायण, महाभारत. हम लोग, बुनियाद, मालगुडी डेज़ और नुक्कड़ जैसे धारावाहिकों ने दूरदर्शन को घर-घर का साथी बना दिया। वहीं कृषि दर्शन जैसे कार्यक्रमों ने किसानों को नई जानकारी दी और मिले सुर मेरा तुम्हाराजैसे गीतों ने एकता और अखंडता का संदेश फैलाया। दूरदर्शन ने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं दिया, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाई। इसने शिक्षा, स्वास्थ्य और साक्षरता से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई। संसद की कार्यवाही, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय आयोजनों का सीधा प्रसारण कर लोकतंत्र को सशक्त किया।

## राशिफल

**मेष** — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन


सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

चिकित्सा

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## शब्द पहेली - 5989




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5988 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | ल | म | ल | ■ | ■ | र | ह | न | ■ |
| चा | य | ■ | हा | ■ | जा | सू | स | ■ | शा | म |
| टु | ■ | ■ | य | श | न | ■ | म | ■ | ■ | न |
| का | र | गु | जा | री | ■ | का | ■ | दु | का | न |
| र | ■ | ना | ■ | फ | न | का | र | ■ | फि | ■ |
| ■ | चा | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ |
| ■ | ह | ■ | अ | च | क | न | ■ | वं | ■ | अ |
| क | त | रा | ■ | र्म | ■ | क | म | र | बं | द |
| म | ■ | ■ | ब | ■ | ला | ल | च | ■ | ■ | र |
| र | न | ■ | ल | की | र | ■ | ल | ■ | आ | क |
| ■ | म | ज | मा | ■ | ■ | अ | ना | या | स | ■ |



# एशिया कप: भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से रौंदा

## कप्तान सूर्यकुमार यादव ने छक्का लगाकर जिताया




## पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया

एजेंसी ▶▶ दुबई

कुलदीप यादव के हुनर और अक्षर पटेल के अनुशासित प्रदर्शन का पाकिस्तान के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था और भारत ने एशिया कप के एकतरफा मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी को अपेक्षा के अनुरूप सात विकेट से हरा दिया। पहलगाम आतंकी हमले के कारण इस मैच के बहिष्कार की मांग के बावजूद मैदान खचाखच भरा था और 85 प्रतिशत भारतीय प्रशंसक थे जिन्होंने सूर्यकुमार यादव की टीम को पहली गेंद से आखिर पर पाकिस्तान को दबाव में रखते देखा। वहीं टॉस के समय और मैच खत्म होने के बाद भी पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया। स्पिनर अक्षर ने चार ओवर में 18 रन देकर दो, कुलदीप ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन और वरूण ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया। पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज इस तिकड़ी के सामने टिक नहीं सका और टीम नौ विकेट पर 127 रन ही बना सकी। जवाब में भारत ने 15.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर जीत दिलाई और सीधे डगआउट में चले गए। अभिषेक शर्मा ने 12 गेंद में 31 रन बनाये और पाकिस्तान के सबसे बड़े गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जमकर धुनाई की। अफरीदी ने दो ओवर में 23 रन दे डाले और उन्हें विकेट भी नहीं मिली। अपना 35वां जन्मदिन मना रहे सूर्यकुमार ने 37 गेंद में नाबाद 47 रन बनाये।



### पाक-127/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सईम अयूब का बुमराह बो पंड्या | 0 |
| साहिबजादा का पंड्या बो कुलदीप | 40 |
| हारिस का पंड्या बो बुमराह | 3 |
| फखर जमां का वर्मा बो पटेल | 17 |
| सलमान का अभिषेक बो पटेल | 3 |
| हसन का पटेल बो कुलदीप | 5 |
| नवाज पगबाधा बो कुलदीप | 0 |
| फहीम पगबाधा बो वरूण | 11 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 33 |
| सूफियान मुकीम बो बुमराह | 10 |
| अबरार अहमद नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : पांच रन
योग : 20 ओवर में नौ विकेट पर 127 रन
**विकेट पतन:** 1-1, 2-6, 3-45, 4-49 , 5-64, 6-64, 7-83, 8-97, 9-111
गेंदबाजी: पंड्या 3-0-34-1, बुमराह 4-0-28-2, वरूण 4-0-24-1, कुलदीप 4-0-18-3, पटेल 4-0-18-2, अभिषेक 1-0-5-0

### कुलदीप यादव तीन विकेट लेकर बने मैन आफ द मैच

### भारत-131/3 (15.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का अशरफ बो अयूब | 31 |
| शुभमन गिल का हारिस बो अयूब | 10 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 47 |
| तिलक वर्मा बो अयूब | 31 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 |

अतिरिक्त : दो रन
योग :15.5 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन
विकेट पतन : 1-22, 2-41, 3-97
गेंदबाजी: अफरीदी 2-0-23-0, अयूब 4-0-35-3, अहमद 4-0-16-0, नवाज 3-0-27-0, मुकीम 2.5-0-29-0

### श्रीलंका और हांगकांग के बीच मुकाबला आज

**दुबई।** अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार जीत से उत्साहित श्रीलंका की टीम हांगकांग के खिलाफ सोमवार को होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। पिछली बार जब एशिया कप टी20 प्रारुप में खेला गया था तब श्रीलंका चैंपियन बना था।

## खबर संक्षेप



### एशिया कप: खाता खोलने भिड़ेंगे यूएई और ओमान

**अबुधाबी।** मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सोमवार को एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में जब पहली बार इस प्रतियोगिता में खेल रहे ओमान से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश भारत से मिली हार को भुलाकर मैच जीतने की होगी। इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था और उनका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल करके अपना खाता खोलना होगा। दूसरी बार एशिया कप में खेल रही यूएई की टीम अपने पहले मैच में 13.1 ओवर में मात्र 57 रन पर ढेर हो गई और भारत ने अपनी सबसे तेज टी-20 जीत दर्ज की। ओमान का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर नहीं रहा।

### मिस्र ओपन: दूसरे दौर में हारे अभय

**नई दिल्ली।** कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन अभय सिंह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में नाकाम रहे और गीजा में चल रही 366,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए



वर्ल्ड टूर डायमंड स्क्वाश प्रतियोगिता मिस्र ओपन के राउंड ऑफ 32 में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से हार गए। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले दौर में दुनिया के 17वें नंबर के फ्रांसीसी खिलाड़ी ग्रेगोइरे मार्चे को हराया था। लेकिन वह अपना यह प्रदर्शन आगे जारी नहीं रख पाए और मुकाबले में मिस्र के खिलाड़ी से 40 मिनट में 4-11, 10-12, 11-5, 7-11 से हार गए।

### भारतीय दल को झटका वजन अधिक पाए जाने पर सहरावत अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली।** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भाग ले रही भारतीय टीम को रविवार को तब करारा झटका लगा जब ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को अधिक वजन पाए जाने के बाद जाग्रेब में चल रही प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले अमन का वजन पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा स्पर्धा से पहले वजन के दौरान 1.7 किग्रा अधिक पाया गया।

### मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं

**बेंगलुरु।** चेतेश्वर पुजारा को शून्य पर आउट करने से लेकर नेट्स पर विराट कोहली को गेंदबाजी करने तक, गुरजपनीत सिंह पिछले साल अगले स्तर की चुनौती के लिए तैयार थे लेकिन ग्रोइन की चोट ने बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को मैदान से दूर कर दिया। इस चोट के कारण उन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ आईपीएल 2025 सत्र से हटना पड़ा और उनकी जगह डेवाल्ड ब्रेविस ने ली। लेकिन अब धीरे-धीरे गुरजपनीत का करियर पटरी पर लौट रहा है, जिसका सबूत दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए दो पारियों में लिए गए आठ विकेट हैं।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मीनाक्षी, जैसमीन को गोल्ड, नुपूर को रजत व पूजा ने कांस्य जीता

# हरियाणा की बेटियों ने जोरदार पंच से जीती दुनिया, रच दिया इतिहास

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ▶▶ भिवानी/रोहतक/लीवरपूल

इंग्लैंड के लीवरपूल में हरियाणा की बेटियों ने अपने पंचों के दम पर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में एक ही दिन में दो गोल्ड, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। भिवानी की मुक्केबाज जैस्मिन लेंबोरिया (57 किग्रा) और रोहतक की मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते, भिवानी की नूपुर श्योराण ने रजत और पूजा बोहरा ने कांस्य पदक जीता। मीनाक्षी वर्तमान में भारतीय पुलिस में कार्यरत हैं वह बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं। मेहनत, लगन और संघर्ष के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। मैच देखने पहुंचे भारतीय बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने भी मीनाक्षी के सर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और कहा कि आज मीनाक्षी ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि भारतीय बेटियां किसी से कम नहीं। गांव रूड़की में ऑनलाइन लाइव मैच देखने का इंतज़ार कर रहे मीनाक्षी के पिता चौधरी कृष्ण हुड्डा उस समय अपने ऑटो से सवारी उतारने में व्यस्त थे और मैच की शुरुआत चूक गए। परिणाम पता चलते ही वे भावुक हो उठे। वहीं, जैस्मिन फिलहाल भिवानी में रहती हैं, जिसे अनेक अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों की उपलब्धियों के कारण मिनी क्यूबा कहा जाता है।



### नुपूर को करना रजत से संतोष

नुपूर शेरोन (80 प्लस किलो) और पूजा रानी (80 किलो) को गैर ओलंपिक भारवर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस जीत के साथ जैसमीन विश्व चैंपियन बनने वाली भारत की नौवीं मुक्केबाज बन गई। जब अंतिम फैसला सुनाया गया, तो आमतौर पर शांत रहने वाली जैसमीन ने हल्की सी चीख मारी और फिर हाथ उठाकर अपनी निराश प्रतिद्वंद्वी को शालीनता से गले लगा लिया। पदक समारोह में जब पूरे स्टेडियम में भारतीय राष्ट्रगान गूंज रहा था, तो उनकी आंखें चमक उठीं।

### भारत को दिलाया दूसरा गोल्ड

भारत की बॉक्सिंग स्टार मीनाक्षी हुड्डा ने विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लिया। मीनाक्षी ने फाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य विजेता नाजिम काइजेबे को हराकर गोल्ड मेडल जीता। मीनाक्षी ने इस मैच में नाजिम काइजेबे को 4-1 से मात दी। मीनाक्षी ने कजाख मुक्केबाज से कड़ी टक्कर मिलने के बाद 4-1 के विभाजित निर्णय से गोल्ड मेडल मुकाबला जीता। मीनाक्षी ने 48 किग्रा भारवर्ग के सेमीफाइनल में मंगोलिया की बॉक्सर अल्तांत्सेत्सेग लुत्सेखान को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में मीनाक्षी ने इंग्लैंड की खिलाड़ी पम्फ्रे ऐलिस को हराया था। प्री क्वार्टर फाइनल में चीन की खिलाड़ी वांग क्यूपिंग को हराया था।

### जैसमीन ने लगातार किया अच्छा प्रदर्शन

तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 24 वर्षीय जैसमीन ने मुकाबले में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। शुरू में दोनों मुक्केबाज एक-दूसरे को परख रही थीं लेकिन रेफरी के उकसावे पर जेरेमेटा ने पहला वार किया। ओलंपिक फाइनल में लिन यू-टिंग से हारने वाली पोलैंड की यह मुक्केबाज़ तेज और सटीक थी और रक्षात्मक रणनीति का इस्तेमाल करते हुए तेजी से अंदर-बाहर हो रही थी। उन्होंने पहला राउंड 3-2 से जीत लिया। लेकिन दूसरे राउंड में भारतीय खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की। जैसमीन ने मुकाबले पर नियंत्रण बनाया तथा आक्रमण और रक्षण के बीच शानदार समन्वय स्थापित किया, जिससे सभी जज उनके पक्ष में हो गए।

### मुकाबले में खुद को हावी नहीं कर पाई नूपुर

एक अन्य फाइनल में नुपुर को पोलैंड की तकनीकी रूप से कुशल अगाता काज्मार्स्का से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्हें रजत पदक मिला। नूपुर अपने लंबे कद के बावजूद मुकाबले में खुद को हावी नहीं कर पाईं। उन्होंने शानदार शुरुआत की और मुक्कों की झड़ी लगा दी, लेकिन काज़्मार्स्का ने लगातार आक्रामकता से जवाब दिया और ऐसे वार किए कि भारतीय खिलाड़ी निढाल हो गई। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, नूपुर मुक्के मारने में हिचकिचाने लगीं, जबकि पोलैंड की खिलाड़ी लगातार आक्रमण करती रही। निर्णायक क्षण अंतिम राउंड में आया जब अगाता ने एक जबरदस्त अपरकट लगाया, जो मुकाबला 3-2 से उनके पक्ष में करने और उनके पहले विश्व ख़िताब को सुनिश्चित करने के लिए काफी था।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को 8 विकेट से हराया



भाषा ▶▶ मुल्लांपुर(पंजाब)

■ लिचफील्ड, मूनी-सदरलैंड ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए रविवार को यहां फीबी लिचफील्ड (88 रन) ,बेथ मूनी (नाबाद 77 रन) और अनाबेल सदरलैंड (नाबाद 54 रन) के अर्धशतकों से पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने चार कैच छोड़े जिसमें लिचफील्ड का कैच दो बार छूटा जबकि मूनी और एलिस पैरी (30 रन, रिटायर्ड हर्ट) को एक एक बार जीवनदान मिला। आगामी वनडे विश्व कप की तैयारियों के आयोजित इस तीन मैच की श्रृंखला के पहले मुकाबले में भारतीय महिला टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद प्रतिका रावल (64 रन), स्मृति मंधाना (58 रन) और हरलीन देओल (54 रन) के अर्धशतकों की मदद से सात विकेट पर 281 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर ऑस्ट्रेलिया ने मूनी और सदरलैंड के बीच तीसरे विकेट के लिए नाबाद 116 रन की साझेदारी की बदौलत 5.5 ओवर रहते दो विकेट पर 282 रन बनाकर जीत हासिल की। मूनी जब 56 रन पर थीं, तब दीप्ति शर्मा ने उनका कैच छोड़ा था। उन्होंने 74 गेंद का सामना करते हुए अपनी नाबाद 77 रन की पारी में नौ चौके लगाए जबकि सदरलैंड ने 51 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके जड़े। भारत ने बल्लेबाजों की बदौलत अच्छा प्रदर्शन किया था और फिर अपनी स्पिन गेंदबाजी का पूरा इस्तेमाल किया लेकिन क्षेत्ररक्षक मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहे। लिचफील्ड ने 80 गेंद की पारी में 14 चौके लगाए, उन्हें दूसरे ही ओवर में जेमिमा रोड्रिग्स ने स्नेह राणा की गेंद पर जीवनदान दिया और तब उनका खाता भी नहीं खुला था। फिर 19वें ओवर में उन्हें 56 रन पर जीवनदान मिला जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कवर पर राधा यादव की गेंद पर आसान कैच छोड़ दिया। प्रतिका रावल ने 17वें ओवर में डीप मिडविकेट पर पैरी का ऊंचा कैच छोड़ा।

हांगकांग ओपन

# पहला गेम जीतने के बावजूद खिताब से चूके सात्विक-चिराग



एजेंसी ▶▶ हांगकांग

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को रविवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वैंग चैंग के खिलाफ हार से उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। पिछले महीने लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दुनिया की नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी को पहला गेम जीतने के बावजूद 61 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण फाइनल में चीन की दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-19 14-21 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### लय बरकरार रखने में रहे नाकाम

सात्विक और चिराग ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहला गेम जीता लेकिन इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहे और निर्णायक गेम में 2-11 से पिछड़ने के बाद उनकी हार लगभग तय हो गई थी। चिराग ने कहा, "मुझे लगता है कि शटल थोड़ी तेज आ रही थी। उन्होंने शुरुआती चार-पांच स्ट्रोक में हम पर काफी दबाव डाला क्योंकि वह काफी अच्छी तरह रिटर्न कर रहे थे।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि दूसरे और तीसरे गेम में हम बेहतर योजना बना सकते थे। पहले गेम में हमने काफी अच्छी तरह सामना किया लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में हम ऐसा नहीं कर पाए।' शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

# फाइनल में चीन से हारी भारतीय महिला हॉकी टीम, सिल्वर मेडल मिला

भाषा ▶▶ हांगझोउ

### विश्व कप में सीधे प्रवेश का मौका गंवाया




एक गोल से बढत बनाने के बावजूद आखिरी क्वार्टर में लय खोने वाली भारतीय टीम दुनिया की चौथे नंबर की टीम चीन से महिला एशिया कप हॉकी फाइनल में रविवार को 1-4 से हारकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने से भी चूक गई। विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम के पास अगले साल अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का यह सुनहरा मौका था। पुरूष टीम ने इस महीने की शुरूआत में राजगीर में हुए एशिया कप के फाइनल में कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब जीतने के साथ विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत कौर के गोल के दम पर बढत बना ली। चीन को इसके बाद लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में जिशिया यू ने चीन के लिये बराबरी का गोल दागा। वहीं 41वें मिनट में होंग ली ने गोल करके चीन को बढत दिलाई। आखिरी क्वार्टर में मेइरोंग जू ने 51वें मिनट में तीसरा और जियाकी झोंग ने 53वें मिनट में चौथा गोल दागकर चीन को तीसरा एशिया कप खिताब और विश्व कप में जगह दिलाई। भारत की शुरूआत काफी आक्रामक रही और मैच के 39वें सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर नवनीत ने गोल भी किया।

## आईएसएसएफ विश्व कप: 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक किया अपने नाम

# विश्व कप में मेघना ने जीता पहला पदक, पांचवीं पोजीशन पर भारत

एजेंसी ▶▶ निंगबो

मेघना सज्जनार ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक के साथ विश्व कप में अपना पहला पदक जीता, जिससे भारत ने सत्र के अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में पांचवें स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया।

मेघना ने फाइनल में 230.0 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में चीन की उभरती हुई स्टार पेंग शिनलू का दबदबा रहा, जिन्होंने 255.3 के स्कोर के साथ हमवतन वांग ज़िफ़ेई के 254.8 के स्कोर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टैड ने रजत पदक जीता। शनिवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था।




### दूसरी सीरीज में बनाया 52.3 अंक

चीन तीन स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर, जबकि नॉर्वे दो स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। मेघना ने दूसरी क्वालीफिकेशन रैली में 632.7 का स्कोर बनाकर सातवां, जबकि पेंग ने 637.4 का शानदार स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। चीनी खिलाड़ी ने 24 शॉट के फाइनल की शुरुआत 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ की, जबकि मेघना पांच एकल शॉट की पहली सीरीज के बाद आठ महिलाओं की श्रेणी में सबसे निचले स्थान पर थीं। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरी सीरीज में 52.3 अंक बनाकर अच्छी वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया।

### जाधव ने 590 अंक हासिल कर फाइनल में बनाई जगह

भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन क्वालीफिकेशन राउंड में 590 अंक हासिल कर चौथा स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हालांकि, पहले नीलिंग पोजीशन और फिर दूसरे प्रोन पोजीशन में उनकी शुरुआत बेहद खराब रही, जिसके कारण वे 40 शॉट के बाद 406.7 स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले ने 587 अंक बनाकर कुल 21वां और पदक दावेदारों में 19वां स्थान हासिल किया। बाबू सिंह पंवार 583 अंक के साथ उनसे पीछे रहे। महिलाओं की एयर राइफल में ओलंपियन रमिता जिंदल 629.8 अंक के साथ कुल 22वें और पदक के दावेदारों में 16वें स्थान पर रहीं, जबकि कशिका प्रधान ने 626.6 अंक बनाए।



# लंदन में विरोध की आग: सड़कों पर उतरे 1 लाख से ज्यादा लोग, प्रोटेस्ट के समय पीएम फुटबॉल मैच में व्यस्त रहे

**मस्क भी जुड़े, कहा- हिंसा तुम्हारे पास आ रही है... लड़ो या मरो**

एजेंसी ▶▶ लंदन

नेपाल के बाद ब्रिटेन में अवैध अप्रवासियों की बढ़ती आबादी के खिलाफ शनिवार को लंदन में प्रदर्शन हुआ। इसमें 1 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस प्रोटेस्ट को 'यूनाइट द किंगडम' नाम दिया गया, जिसे एंटी-इमिग्रेशन नेता टॉमी रॉबिन्सन ने लीड किया। इसे देश की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली माना जा रहा है। इस प्रदर्शन में टेस्ला मालिक इलॉन मस्क वीडियो के जरिए शामिल हुए। मीडिया चैनल के मुताबिक उन्होंने टॉमी रॉबिन्सन से बात की। मस्क ने कहा, हिंसा तुम्हारे पास आ रही है। या तो लड़ो या मरो। मस्क ने ब्रिटेन में संसद भंग करने की मांग की। उन्होंने कहा, सरकार बदलनी होगी। वही, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर उस वक्त फुटबॉल मैच देख रहे थे। वे अपने बेटे के साथ लंदन के एमिरेट्स स्टेडियम में थे, जब शहर में हिंसा हो रही थी।

**खास बातें**

- यह रैली अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार के प्रति निराशा
- प्रदर्शन में 10 लाख लोग जुटने के हो रहे दावे



### अमेरिकी और इजराइली झंडे लहराए

प्रदर्शनकारियों ने यूनियन जैक और सेंट जॉर्ज क्रॉस के झंडे लहराए। कुछ ने अमेरिकी और इजराइली झंडे भी उठाए। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन टोपी पहने हुए थे। प्रदर्शन में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के खिलाफ नारे लगाए गए और उन्हें वापस भेजो जैसे संदेशों वाले बैनर दिखाई दिए। कुछ लोग अपने बच्चों को भी साथ लाए।



### पुलिस पर हमला

पुलिस के मुताबिक रैली के दौरान कई पुलिस अधिकारियों पर भी हमला किया गया। बता दें कि यह रैली 'स्टैंड अप टू रेसिज्म' के विरोध प्रदर्शन के साथ शुरू हुई, जिसमें लोग शामिल हुए। इस दौरान हिंसक झड़पों को रोकने के लिए पुलिस को दिन भर काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस पूरे समय प्रदर्शनकारियों को पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ने और नो प्रोटेस्ट जोन में जाने से रोकती रही। टॉमी रॉबिन्सन ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा था कि हम अपनी आजादी के लिए सेंट्रल लंदन की सड़कों पर एकजुट हो चुके हैं। लाखों लोग यहां शामिल हुए हैं।

वायुसेना ने विमानों की खरीद के लिए रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा

# 114 मेड इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमानों को लेने की तैयारी, 2 लाख करोड़ से ज्यादा की लागत

**राफेल विमानों में 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से कम होगी लागत**

**वर्तमान 29 स्क्वॉड्रनों में से दो मिग 21 के स्क्वॉड्रन इस महीने अंत तक रिटायर होंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को और ताकतवर बनाने के उद्देश्य से 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव है। रक्षा मंत्रालय को भारतीय वायुसेना से 114 'मेक इन इंडिया' राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव मिला है। इस सौदे की कीमत दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। खास बात यह है कि ये विमान फ्रांस की डसॉस्ट एविएशन कंपनी और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर बनाएंगीं। 'मेड इन इंडिया' राफेल में 60 फीसदी सामान स्वदेशी होगा। हालांकि इस प्रस्ताव के बारे में अभी आधिकारिक रूप से रक्षा मंत्रालय की ओर कोई जानकारी नहीं आई है। लेकिन खबरों के मुताबिक यह बताया है कि वायु सेना से यह प्रस्ताव डिफेंस मिनिस्ट्री को मिला है। बताया गया कि यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के खिलाफ राफेल के शानदार प्रदर्शन के बाद लिया गया है। इस प्रस्ताव की अनुमानित लागत 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

राफेल की कीमत को लेकर बहस होना स्वाभाविक है, क्योंकि 114 राफेल की अनुमानित कीमत 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। फिर भी डिफेंस एक्सपर्ट्स इस डील को जल्द फाइनल करने की मांग कर रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह भारतीय वायुसेना के बेड़े में लगातार कम होते लड़ाकू विमान हैं। भारतीय वायुसेना के पास मौजूदा समय में सिर्फ 31 स्क्वॉड्रन हैं, जबकि जरूरत 42 स्क्वॉड्रन की है। इससे न सिर्फ वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता प्रभावित हो रही है, बल्कि चीन और पाकिस्तान के खिलाफ टू फ्रंट युद्ध के दौरान हम मुश्किल में फंस सकते हैं।



**अभी भारत के 29 स्क्वॉड्रन, दो इसी महीने होंगे रिटायर**

*दरअसल भारतीय वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों के रूप में अभी 29 स्क्वॉड्रन है। इनमें से मिग 21 के दो स्क्वॉड्रन इस महीने के अंत तक रिटायर हो जाएंगे। उसके बाद वायु सेवा के पास केवल 27 स्क्वॉड्रन की बचेंगे। ऐसे में सवाल यह उठता है कि वायु सेवा फिलहाल अपनी घटती स्क्वायड की जरूरत कैसे तत्काल पूरा करें। जिस तरह से तेजस मार्क 1 ए एक-एक करके अमेरिकी इंजन आ रहे हैं, उससे लगता नहीं है कि वायुसेना को समय पर तेजस मार्क 1 ए की डिलीवरी हो पाएगी।*

### रफाल लेना भारतीय वायुसेना से लिए आसान

अगर सरकार रफाल एयरक्रॉफ्ट खरीदने का फैसला लेती है तो वायु सेना के लिए यह आसान होगा। क्योंकि वायुसेना के पास पहले से ही 36 रफाल एयर क्रॉफ्ट मौजूद है। इस विमान के लिए अलग से कोई ढांचा नहीं बनाना पड़ेगा. इसकी खूबियों और कमियों से वायुसेना अच्छी तरह वाकिफ है। तो हो सकता है कि भारतीय वायुसेना अपने लगातार घटते लड़ाकू स्क्वॉड्रनों की चुनौती से निपटने के लिए एक ठोस 'अंतरिम व्यवस्था' के तौर पर और रफाल लेने का फैसला करे। संभावना यह भी है कि वायुसेना 3 से 5 रफाल स्क्वॉड्रन खरीदे जिससे वायुसेना आने वाले चुनातियों का सामना बख़ूबी कर सके।

### देश की जरूरत है राफेल

ऐसे में राफेल डील का समर्थन करने वाले एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह सिर्फ लड़ाकू विमान खरीदने का सौदा नहीं है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक स्वायत्तता और घरेलू डिफेंस इंडस्ट्री को मजबूत करने की दिशा में किया गया भारी भरकम निवेश है और ऐसा करना काफी जरूरी भी है। इससे भारत में एडवांस फाइटर जेट बनाने की काबिलियत आएगी और इससे हमें स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को बनाने में भी मदद मिल सकती है।

### पांचवीं पीढ़ी के एयरक्रॉफ्ट में हो रही देरी

*वहीं भारत का अपना पांचवीं पीढ़ी का एयरक्रॉफ्ट एमका भारतीय वायुसेना में शामिल हो पाएगा, इसके बारे में पक्के तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अमेरिका के साथ जो मौजूदा संबंध है उसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि फिलहाल भारत अमेरिकी लड़ाकू लेने के मूड में नहीं लगता है। रूस का पांचवीं पीढ़ी का एयरक्रॉफ्ट एसयू 57 अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है। एसयू-57 को अब भी 'वर्क-इन-प्रोग्रेस' माना जाता है। ऐसे में सीधा विकल्प बचता है रफाल एयरक्राफ्ट का। भारतीय वायु सेना करीब एक डेढ़ साल पहले ही यह इच्छा जता चुकी है कि उसे 114 और एयरक्राफ्ट चाहिए।*

पीएम बनने के बाद सुशीला बोली

# मैं सत्ता का स्वाद चखने नहीं आई पीड़ितों को देंगे 10-10 लाख



एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पदभार ग्रहण कर लिया। सबसे पहले उन्होंने युवाओं पर हुई बर्बरता पर जांच की बात कही। कहा कि बर्बरता की घटना में शामिल लोगों की जांच की जाएगी। इसके बाद सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि मैं और मेरी टीम यहां सत्ता का स्वाद चखने नहीं आए हैं। कहा कि हम छह महीने से ज्यादा नहीं रुकेंगे। हम नई संसद को जिम्मेदारी सौंप देंगे। आपके सहयोग के बिना हमें सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि जेन-जेड आंदोलन में मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। पीड़ितों के परिजनों को 10-10 लाख नेपाली रुपए का मुआवजा भी दिया जाएगा। बता दें हिंसा में 72 की मौत हुई है।

### मंत्री बनाने पर मंथन

वहीं दूसरी तरफ कार्की ने अपने मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने की तैयारी के लिए जेन जेड आंदोलन के करीबी सलाहकारों और प्रमुख हस्तियों के साथ परामर्श शुरू कर दिया है। नेपाली मीडिया के अनुसार कार्की सभी 25 मंत्रालयों पर अधिकार रखने के बावजूद, वह करीब 15 मंत्रियों के साथ एक सुव्यवस्थित मंत्रिमंडल बनाने की तैयारी कर रही हैं। मंत्री पद के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है, उनमें कानूनी विशेषज्ञ ओम प्रकाश आर्यल, पूर्व सैन्य अधिकारी बालानंद शर्मा, सेवानिवृत्त न्यायाधीश आनंद मोहन , माधव सुंदर खड़का, अशीम मान सिंह और कुलमन घीसिंग शामिल हैं।

### हिंसा में 3 पूर्व प्रधानमंत्री हुए बेघर

हिंसा के बाद नेपाल के तीन पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउबा और पुष्प कमल दहल प्रचंड बेघर हो गए हैं। जेन-जेड प्रदर्शनकारियों ने 9 सितंबर को इनके घरों को फूंक डाला था। फिलहाल ये सभी आर्मी के कैंपों में रह रहे हैं। इनके समर्थक अपने नेताओं के लिए किराए के मकान ढूंढने में जुटे हुए हैं।

# एआई साइंटिस्ट बोले- कुछ कंपनियों की मुट्ठी में सिमट जाएगी दौलत

**टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते वर्चस्व से उत्पन्न होगा वैश्विक संकट**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च लैब डीपमाइंड के को-फाउंडर डेमिस हसाबिस ने जोर दिया है कि आने वाले दशक में पारंपरिक विषयों के साथ-साथ मेटा-स्किल्स यानी सीखने की कला और नए विषयों को समझने की क्षमता बेहद अहम होगी। उन्होंने कहा, एक बात तो तय है कि आपको अपने पूरे करियर में लगातार सीखते रहना होगा। हसाबिस, जिन्होंने 2010 में डीपमाइंड की स्थापना की थी और बाद में इसे गूगल ने अधिग्रहित कर लिया, हाल ही में 2024 का नोबेल पुरस्कार (केमिस्ट्री) भी जीत चुके हैं। उन्हें यह सम्मान प्रोटीन फोल्डिंग की सटीक भविष्यवाणी करने वाले



एआई सिस्टम्स के विकास के लिए मिला है, जो दवा और चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। एथेंस के एक्सोपोलिस थिएटर में एआई पर हुए एक कॉन्फ्रेंस में ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यरियाकोस मित्सोताकिस भी शामिल हुए। उन्होंने सरकार में एआई के इस्तेमाल को बढ़ाने की योजनाओं पर चर्चा की। लेकिन साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते वर्चस्व से वैश्विक आर्थिक असमानता खतरनाक स्तर तक पहुंच सकती है। मित्सोताकिस ने कहा, जब तक लोग इस एआई क्रांति से व्यक्तिगत स्तर पर फायदे महसूस नहीं करेंगे, तब तक वे संदेह करते रहेंगे।

### रूस ने किया परीक्षण बढ़ेगी यूएस की टेंशन

**मॉस्को।** रूस ने सैन्य क्षेत्र में एक और अहम कामयाबी हासिल की है। रूस ने बेरेंट्स



सागर में जिरकोन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रूसी आर्मी ने रविवार को बताया कि टेस्ट के दौरान जिरकोन को सफलता के साथ टारगेट पर दागा गया। रूस ने बेलारूस के साथ संयुक्त सैन्य ड्रिल के तहत सुखोई एसयू-34 सुपरसोनिक लड़ाकू बमवर्षकों से भी हमले का अभ्यास किया है। रूस का यह परीक्षण यूक्रेन और अमेरिका की टेंशन को बढ़ा सकता है।

बौखलाए मुस्लिम संगठन

# टेक्सास राज्य ने 'शरिया कानून' पर लगाया बैन

एजेंसी ▶▶ ह्यूस्टन

अमेरिका के टेक्सास राज्य ने शरिया कानून पर बैन लगा दिया है। इससे मुस्लिम संगठनों में खलबली मच गई है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबाट ने कहा है कि उनके राज्य में इस्लामी शरिया कानून को लागू करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही उन्होंने निवासियों से अपील की है कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन शरिया कानून का अनुपालन थोपने की कोशिश करता है, तो उसकी सूचना स्थानीय पुलिस या टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी को दें। बता दें कि इससे पहले इसी साल की शुरुआत में गवर्नर एबाट ने ईस्ट प्लानो इस्लामिक सेंटर द्वारा प्रस्तावित 400 एकड़ के रिहायशी और व्यावसायिक परिसर का विरोध किया था, जिसमें घर, स्कूल अन्य सुविधाएं शामिल थीं। एबाट ने आरोप लगाया था कि यह परिसर शरिया ज़ोन में तब्दील हो सकता है, और इसके लिए उन्होंने कई राज्य एजेंसियों से जांच के आदेश दिए थे।



यूएस और वेनेजुएला में और बढ़ी टेंशन

# कुछ ही दूरी पर यूएस ने तैनात किए 5 एफ-35 जेट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वेनेजुएला के पास अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों को प्यूर्टो रिको में उतरते देखा गया। ऐसा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश के बाद देखा गया है, जिसमें उन्होंने ड्रग कार्टेल्स के खिलाफ अभियान के लिए 10 स्टील्थ फाइटर जेट्स को क्षेत्र में तैनात करने का निर्देश दिया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, जेट्स प्यूर्टो रिको के सीबा में पूर्व रूजवेल्ट रोड्स सैन्य अड्डे पर उतरे। हाल के दिनों में इस ठिकाने पर अमेरिकी हेलीकॉप्टर, ऑस्प्रे विमान, अन्य ट्रांसपोर्ट विमान और सैनिकों की भी मौजूदगी देखी गई है। प्यूर्टो रिको एक अमेरिकी असंबद्ध क्षेत्र और एक कैरिबियाई द्वीप है जो वेनेजुएला से 937 किमी की दूरी पर है।बता दें कि विवाद नौका को हुआ था। अमेरिका ने आरोप लगाया था कि यह नौका अवैध नशीले पदार्थ लेकर जा रही थी। वहीं, वेनेजुएला का कहना है कि मारे गए लोग ड्रग तस्कर नहीं थे।








हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109